


# दैनिक समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 183 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 13 अप्रैल 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


### बंगाल में योगी आदित्यनाथ की पहली चुनावी रैली, सुवेंदु अधिकारी ने मंच पर लिया आशीर्वाद

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहली चुनावी रैली के दौरान एक भावुक दृश्य देखने को मिला, जब भाजपा नेता एवं पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता Suvendu Adhikari ने मंच पर ही उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया।


इस दौरान उन्होंने सिर पर अंगवस्त्र ओढ़कर मुख्यमंत्री yogi Adityanath के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम में यह दृश्य चर्चा का विषय बना रहा।

रैली में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे, जहां भाजपा ने आगामी चुनावों को लेकर अपनी राजनीतिक रणनीति और संदेश जनता के बीच रखा।

# अमेरिका-ईरान वार्ता बेनतीजा, तनाव बरकरार; इस्लामाबाद से दोनों पक्ष लौटे

समाज जागरण

इस्लामाबाद/तेहरान/वॉशिंगटन। अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में हुई उच्चस्तरीय कूटनीतिक वार्ता किसी भी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। घंटों चली मैराथन बातचीत के बाद दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल बिना किसी समझौते के वापस लौट गए, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव और अनिश्चितता और गहरा गई है।



वार्ता समाप्त होने के बाद ईरान का 71 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल, जिसमें संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबफ और विदेश मंत्री अब्बास अराघची शामिल थे, पाकिस्तान से रवाना हो गया। वहीं अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भी इस्लामाबाद से अपने देश के लिए प्रस्थान कर गए।

सूत्रों के अनुसार, बातचीत के दौरान दोनों देशों के बीच कई अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई, लेकिन किसी भी बिंदु पर सहमति नहीं बन सकी। ईरानी पक्ष ने स्पष्ट रूप से अमेरिकी दबाव को खारिज करते हुए अपने रुख पर दृढ़ रहने की बात कही।

घाना स्थित ईरानी दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अमेरिका ने उन शर्तों की मांग की जिन्हें वह युद्ध के माध्यम से भी हासिल नहीं कर सका। दूतावास ने दावा किया कि ईरान ने सभी दबावों को अस्वीकार कर दिया और वार्ता बिना परिणाम समाप्त हो गई।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकई ने कहा कि देश अमेरिका के पुराने वादाखिलाफी अनुभवों को नहीं भूला है और इसी कारण विश्वास की कमी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कूटनीति ईरान के लिए अपने अधिकारों की रक्षा का माध्यम है और देश अपने रुख पर अडिग रहेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस वार्ता के विफल होने से पश्चिम एशिया में तनाव की स्थिति और अधिक जटिल हो सकती है तथा भविष्य की कूटनीतिक कोशिशों पर भी इसका असर पड़ेगा।

इस्लामाबाद वार्ता के विफल रहने के बाद अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने के बजाय और गहराता दिख रहा है, जिससे वैश्विक कूटनीतिक हलचल तेज हो गई है।

## राष्ट्रपति पुतिन ने की ईरानी समकक्ष पेजेशकियन से बात,

### बोले- 'रूस शांति प्रयासों में मदद को तैयार'

समाज जागरण

इस्लामाबाद टॉक्स बेनतीजा रहने के बाद रूस ने शांति प्रयासों में सकारात्मक भूमिका निभाने की पेशकश की है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से बातचीत की। इंटरफैक्स न्यूज एजेंसी ने रविवार को जानकारी दी कि रूस मध्य-पूर्व में शांति समझौता कराने में मदद जारी रखने के लिए तैयार है। क्रेमलिन ने इस बातचीत के बारे में जारी बयान में कहा, "व्लादिमीर पुतिन ने इस बात पर जोर दिया कि वे इस संघर्ष का राजनीतिक और कूटनीतिक हल खोजने में और अधिक मदद करने के लिए तैयार हैं, और मध्य-पूर्व में एक न्यायसंगत और स्थायी शांति लाने के प्रयासों में मध्यस्थता करने के लिए भी तैयार हैं।"



इस्लामाबाद वार्ता विफल रहने के बाद ये बयान काफी मायने रखता है। 21 घंटे तक चली वार्ता बेनतीजा रही। दोनों ही पक्ष अपनी मांग पर डटे रहे। आधिकारिक बयान अमेरिका की ओर से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दिया, तो ईरान की ओर से संसद के स्पीकर एमबी गालिबाफ ने दिया।

वेंस ने कहा कि बैठक बेनतीजा रही। उन्होंने कहा कि हमें पूरी तरह भरोसा चाहिए कि ईरान न तो परमाणु हथियार बनाएगा और न ही ऐसी तैयारी करेगा, जिससे वह जल्दी हथियार बना सके। उनके मुताबिक इसके नतीजे का असर अमेरिका पर कम ईरान पर ज्यादा पड़ेगा। उसे नुकसान उठाना पड़ेगा। दूसरी ओर, गालिबाफ ने एक्स पोस्ट के जरिए अपनी बात रखी। बताया कि बातचीत शुरू होने से पहले ही उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि ईरान की ओर से नीयत और इच्छा दोनों मौजूद हैं, लेकिन पिछले दो युद्धों के अनुभवों की वजह से उन्हें भरोसा नहीं है। गालिबाफ ने पाकिस्तान का भी धन्यवाद किया।

कई पोस्ट्स में, गालिबाफ ने कहा कि बातचीत शुरू होने से पहले उन्होंने इस बात पर जोर दिया था कि "हमारे पास जरूरी नीयत और इच्छाशक्ति है, लेकिन पिछले दो युद्धों के अनुभवों के कारण, हमें विरोधी पक्ष पर कोई भरोसा नहीं है।"

गालिबाफ ने भावनापूर्ण संदेश के आखिर में कहा कि ईरान 9 करोड़ लोगों का एक शरीर है। ईरान के उन सभी वीर लोगों का, जिन्होंने सर्वोच्च नेता की सलाह मानते हुए और सड़कों पर उतरकर अपने बच्चों का साथ दिया, और अपने आशीर्वाद के साथ हमें इस राह पर आगे बढ़ाया इसके लिए मैं उनका आभारी हूं।(इनपुट-आईएएनएस)

# आशा भोसले के सुरों की विरासत अमर, संगीत जगत में शोक की लहर

समाज जागरण

मुंबई। हिंदी सिनेमा और भारतीय संगीत की स्वर-साम्राज्ञी आशा भोसले के कथित निधन की खबर से फिल्म और संगीत जगत में गहरा शोक व्याप्त है। उनके निधन की सूचना सामने आने के बाद देशभर में शोक की लहर फैल गई है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि का इंतजार किया जा रहा है।आशा भोसले को भारतीय संगीत की उन महान गायिकाओं में गिना जाता है, जिनकी आवाज ने कई पीढ़ियों को भावनाओं से जोड़ा। उनके गीतों में प्रेम की मधुरता, विरह की पीड़ा और जीवन की विविध भावनाओं का अनोखा संगम देखने को मिलता है।



संगीत और फिल्म जगत से जुड़े कलाकारों ने सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि दी है। गायकों और अभिनेताओं ने इसे भारतीय संगीत के एक युग के अंत जैसा बताते हुए कहा कि उनकी आवाज हमेशा अमर रहेगी।

जुबिन नौटियाल, रवीना टंडन, अक्षरा सिंह, अक्षय कुमार सहित कई कलाकारों ने भावुक संदेश साझा करते हुए उन्हें भारतीय संगीत की आत्मा बताया।

विशेषज्ञों का कहना है कि आशा भोसले का योगदान केवल फिल्मी गीतों तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने भारतीय संगीत को वैश्विक पहचान दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आशा भोसले की आवाज भले ही समय के साथ मौन हो जाए, लेकिन उनके गाए गीत और संगीत की विरासत भारतीय सिनेमा और संगीत प्रेमियों के दिलों में हमेशा जीवित रहेगी।

## यूएई पहुंचे विदेश मंत्री एस. जयशंकर, रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने पर जोर; राष्ट्रपति शेख मोहम्मद से की अहम मुलाकात

समाज जागरण

अबू धाबी। भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से अबू धाबी में महत्वपूर्ण मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा हुई।



विदेश मंत्री जयशंकर दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर यूएई पहुंचे हैं। उन्होंने मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं भी राष्ट्रपति को प्रेषित कीं। साथ ही पश्चिम एशिया में संघर्ष के दौरान यूएई में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए आभार व्यक्त किया।

इस बैठक में दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम भी मौजूद रहे। बातचीत के दौरान क्षेत्रीय हालात और द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया।

जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि यह मुलाकात भारत-यूएई संबंधों को और सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण रही और दोनों देशों की साझेदारी आगे और मजबूत होगी।

इसके अलावा विदेश मंत्री ने यूएई के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से भी मुलाकात की। इस दौरान पश्चिम एशिया के बदलते हालात और उसके प्रभावों पर गहन चर्चा हुई।

विदेश मंत्री ने भारतीय समुदाय से भी मुलाकात कर उनकी समस्याओं और सुरक्षा को लेकर सरकार के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने यूएई में भारतीयों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि दोनों देशों का सहयोग प्रवासी भारतीयों की भलाई सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

जयशंकर का यह दौरा भारत-यूएई संबंधों को नई दिशा देने के साथ-साथ क्षेत्रीय स्थिरता और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा पर केंद्रित महत्वपूर्ण कूटनीतिक पहल माना जा रहा है।

## तमिलनाडु चुनाव: भीषण गर्मी ने बदला प्रचार का अंदाज, सुबह-शाम में सिमटा जनसंपर्क अभियान

समाज जागरण

चेन्नई। तमिलनाडु में जारी विधानसभा चुनाव प्रचार इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है, जहां कई जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। मौसम की इस चुनौती ने राजनीतिक दलों की चुनावी रणनीति और प्रचार शैली दोनों को प्रभावित किया है।

तिरुचि और मदुरै जैसे जिलों में अब चुनावी प्रचार पूरी तरह बदले हुए समय-सारिणी के अनुसार चल रहा है। उम्मीदवार और कार्यकर्ता सुबह जल्दी अभियान शुरू कर रहे हैं, दोपहर की तेज गर्मी में प्रचार रोक दिया जाता है और सूर्यास्त के बाद ही दोबारा जनसंपर्क अभियान शुरू होता है।



पहले जहां रैलियों और डोर-टू-डोर कैंपेन का लंबा सिलसिला चलता था, अब उसे छोटे और नियंत्रित कार्यक्रमों में बदला गया है, ताकि कार्यकर्ताओं और मतदाताओं दोनों को लू और गर्मी से बचाया जा सके।

राजनीतिक दलों ने अपने कार्यकर्ताओं के लिए अतिरिक्त सावधानियां लागू की हैं। समर्थकों को टोपी, स्कार्फ और पीने का पानी वितरित किया जा रहा है, वहीं नेताओं द्वारा लगातार लोगों से हाइड्रेटेड रहने की अपील की जा रही है।

भीषण गर्मी का असर मैदान में भी साफ दिखाई दे रहा है। तंजावुर में हाल ही में एआईएडीएमके की एक उम्मीदवार एलामाथी सुब्रमणियन प्रचार के दौरान बेहोश हो गईं, जिसके बाद सभी दलों ने अपने सुरक्षा प्रोटोकॉल और सख्त कर दिए हैं।

वरिष्ठ और बुजुर्ग नेता सबसे अधिक सतर्कता बरत रहे हैं। कई नेताओं ने अपने प्रचार समय को सीमित करते हुए केवल सुबह और शाम के समय ही जनसंपर्क करने का निर्णय लिया है।

डीएमके के एक वरिष्ठ 75 वर्षीय नेता ने बताया कि उन्होंने अपने प्रचार कार्यक्रम में बदलाव करते हुए सुबह 7 बजे से अभियान शुरू करना और दोपहर से पहले समाप्त करना शुरू किया है। उन्होंने गर्म पेय पदार्थों से परहेज करते हुए जूस और पानी पर अधिक ध्यान देने की बात कही।

चुनाव व्यय नियमों के कारण बड़े आयोजनों में जलपान की व्यवस्था सीमित है, ऐसे में कार्यकर्ताओं को स्वयं पानी और जरूरी सामग्री साथ रखने की सलाह दी जा रही है।

भीषण गर्मी के बीच तमिलनाडु में चुनाव प्रचार एक नई चुनौती के रूप में सामने आया है, जहां राजनीतिक दल मतदाताओं तक पहुंचने के साथ-साथ अपने कार्यकर्ताओं के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने की दोहरी चुनौती से जूझ रहे हैं।

# नोएडा: औद्योगिक शांति बनाए रखने पर बड़ा प्रशासनिक मंथन, श्रमिक हितों और प्रबंधन के बीच संतुलन पर जोर

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर (नोएडा)। 12 अप्रैल, 2026। जनपद में औद्योगिक शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से नोएडा विकास प्राधिकरण, सेक्टर-06 के सभागार में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, सेवायोजक/कारखाना प्रबंधन और औद्योगिक संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।



बैठक में मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करूणेश, पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह तथा जिलाधिकारी मेधा रूपम सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं प्रमुख सचिव (श्रम) एम. के. एस. सुंदरम और श्रम आयुक्त मार्कण्डेय शाही ने वर्चुअल माध्यम से बैठक को संबोधित किया।

प्रमुख सचिव (श्रम) ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार श्रमिकों और उद्यमियों दोनों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि नवीन श्रम संहिताओं के तहत न्यूनतम वेतन, समयबद्ध वेतन भुगतान, समान कार्य के लिए समान वेतन, ओवरटाइम पर दोगुना भुगतान, सामाजिक सुरक्षा (ईपीएफ-ईएसआई), ग्रेच्युटी और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सुरक्षा दायरे में लाने जैसे कई महत्वपूर्ण प्रावधान लागू किए जा रहे हैं। श्रम आयुक्त ने सभी पक्षों से अपील की कि केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास किया जाए और किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक जानकारी से दूर रहा जाए। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में शांति, अनुशासन और संवाद बनाए रखने पर बल दिया।

बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने सभी औद्योगिक इकाइयों को शासन के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस आयुक्त ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी मेधा रूपम ने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी कारखाना प्रबंधन को निर्देश दिया कि शासन की गाइडलाइंस को नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाए ताकि श्रमिकों में किसी प्रकार का भ्रम न रहे।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि कार्यस्थलों पर सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से कार्यरत रहें और श्रमिकों के साथ सौहार्दपूर्ण संवाद बनाए रखा जाए। उन्होंने बताया कि औद्योगिक विवादों के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन ने कंट्रोल रूम स्थापित किया है, जिसके नंबर 1202978231, 1202978232, 1202978862 और 1202978702 पर शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं।

उन्होंने श्रमिकों से अपील की कि वे संयम और अनुशासन बनाए रखते हुए कार्य करें और केवल प्रमाणित सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

बैठक में औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी एवं उद्यमी भी मौजूद रहे।

नोएडा में हुई यह उच्चस्तरीय बैठक औद्योगिक शांति, श्रमिक हितों और निवेशक विश्वास के बीच संतुलन बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है, जिससे जनपद में निर्बाध औद्योगिक गतिविधियों को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### अखिलेश यादव का बयान: मुजफ्फरनगर दौरे पर मुख्यमंत्री को मेरठ के व्यापारियों और पीड़ित परिवारों से मिलने की सलाह

समाज जागरण

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुजफ्फरनगर दौरे को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा है कि यदि मुख्यमंत्री वहां जा रहे हैं तो उन्हें मेरठ के व्यापारियों से भी मुलाकात करनी चाहिए या कम से कम उन्हें बातचीत के लिए बुलाना चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि जब बड़ी संख्या में वाहनों और भीड़ के साथ कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं, तो मेरठ के पीड़ित परिवारों से भी मुलाकात की जानी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि मुख्यमंत्री केवल मंच से भाषण देंगे या जनता की पीड़ा भी सुनेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मुजफ्फरनगर और मेरठ की दूरी



अधिक नहीं है, ऐसे में दोनों स्थानों की समस्याओं पर समान रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए।


अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि जिन परिस्थितियों से जनता को पीड़ा हुई है, उनके समाधान की जिम्मेदारी भी सरकार की ही है।

अखिलेश यादव के इस बयान से राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है और विपक्ष ने सरकार पर जनता की समस्याओं को लेकर संवेदनशीलता दिखाने की मांग दोहराई है।

# बुजुर्ग दंपति का अकेलापन एक बड़ी समस्या।

## विदेशों में बुजुर्गों की स्थिति दयनीय, भारत में अपेक्षाकृत कम ओल्ड एज होम।

बुजुर्गों के अकेलेपन की समस्या वैश्विक रूप धारण कर चुकी है ।भारत सहित चीन,जापान,स्वीटजरलैंड,अमेरिका फ्रांस




कनाडा और ब्रिटेन मैं बुजुर्गों की स्थिति अकेलेपन के कारण दयनीय हो गई है। जापान तथा स्विट्जरलैंड में इच्छा मृत्यु लेने वालों की संख्या बढ़ गई। स्विट्जरलैंड,जापान में तो कई केंद्र ऐसे हैं जिनमें इच्छा मृत्यु धारण करने के वाले बुजुर्गों को वहां अलविदा कहकर भेज दिया जाता है। यह स्थिति मानवता के लिए अत्यंत चिंता करने वाली है।

मैंने स्वयं अपनी स्वीटजरलैंड, अमेरिका तथा ब्रिटेन की यात्रा के दौरान देखा है कि वहां के बुजुर्ग वहां के बाग बगीचों में टहलने की बजाय किताब या उपन्यास पढ़ते हैं और वहां कई इच्छा मृत्यु केंद्र (हॉस्पिटल) भी देखे हैं जहां बुजुर्ग स्त्री पुरुष स्वयमेंव जाकर भरती होते हैं और इंजेक्शन लगवाकर इच्छा मृत्यु धारण कर लेते हैं वहां का यह प्रचलन अत्यंत दारुणिक और मार्मिक है। स्विट्जरलैंड और अन्य यूरोपीय देशों की तुलना में भारत में अभी ओल्ड एज होम यानी वृद्ध आश्रम का चलन उस रफ्तार से नहीं बढा है, जितना यूरोपीय देशों में इसका चलन बुजुर्गों के लिए ऐच्छिक बन चुका है। वहां पर लगभग 40% बुजुर्गों को ओल्ड एज होम भेज दिया जाता है।

भारत के संदर्भ में अभी भी बुजुर्गों को संयुक्त परिवार में काफी वरीयता दी जाती है किंतु जिन परिवारों में बुजुर्गों की संताने एकल परिवार वाली होती हैं वहां निश्चित तौर पर बुजुर्गों को वृद्ध आश्रम भेजने की तैयारी कर ली जाती है। पहले बुजुर्ग अपने नाती पोतों के साथ खेल कर उन्हें दादी नानी की कहानी सुना कर अपना बुढ़ापा गुजार लिया करते थे किंतु अब छोटे बच्चों को शिक्षा हेतु बाहर व्यावसायिक स्कूलों में भेज दिया जाता है जिससे बुजुर्ग एकदम अकेले हो जाते हैं। संतानों के पास अपनी नौकरियों तथा व्यवसाय के कारण बुजुर्गों से बात करने का समय नहीं होता, नतीजतन बुजुर्ग एकदम अकेले हो जाते हैं और अनेक बीमारियों के शिकार होने लगे हैं।

भारत में आधुनिकता की होड़ ने देश के संयुक्त परिवारों को खंडित कर दिया है। अधिकांश परिवार अब एकल परिवार में परिवर्तित हो गए, ऐसे में बुजुर्ग तथा बच्चे सबसे ज्यादा इस त्रासदी के शिकार हुए हैं। आधुनिक जीवन शैली ने माता पिता को नन्हे बच्चों से दूर कर दिया है और परिवार में स्त्री पुरुष के नौकरी करने के कारण बच्चे या तो बुजुर्गों के साए में परवरिश के लिए बाध्य हैं अथवा उनकी देखरेख आया बाइयों के भरोसे पर निर्भर हो गई है। बुजुर्गों के साथ उनकी संतानों की असंवेदनशीलता ने असहाय सा बना दिया है। बच्चों तथा बुजुर्गों को इसी समय सबसे ज्यादा अपने माता पिता तथा संतानों के सहयोग एवं संरक्षण की आवश्यकता महसूस होती है। यदि आधुनिक जीवन शैली के कारण बुजुर्गों तथा बच्चों का उनके अभिभावक एवं पुत्रों,पुत्रियों के साथ संवाद हीनता एक बड़ी पीड़ा का कारण बन जाती है।

भारत में सर्वे के अनुसार बुजुर्गों और नौजवान पीढ़ी के बीच संवाद हीनता एक चिंताजनक स्वरूप ले चुका है' बुजुर्ग एकाकीपन से अब मानसिक रोगों के शिकार होने लगे हैं। जिन बुजुर्गों को चलने फिरने और बाहर जाने में परेशानी होती है उनके लिए नौजवान पीढ़ी के साथ संवाद हीनता परेशानी का एक बड़ा सबक बन चुका है' महिला तथा पुरुष बुजुर्गों के साथ यह समस्या बृहद रूप लेकर सामाजिक समस्या बन गई है' बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं इनका जीवन के हर दृष्टिकोण में संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसी तरह बच्चों को नैतिक तथा बुनियादी शिक्षा देकर उन्हें देश का अच्छा नागरिक बनाने की जिम्मेदारी भी माता-पिता पर होती है। पर वर्तमान में बच्चे मां बाप के नौकरी पेशा होने के कारण अपने माता-पिता से दूर होते जा रहे हैं। बुजुर्ग और संतानों के बीच मोबाइल ,व्हाट्सएप फेसबुक और इंटरनेट के कारण संवाद हीनता ने जटिल संकट पैदा कर दिया है। बुजुर्ग यदि अपने मन की बात किसी से कह नहीं सकेंगे तो उन्हें मानसिक रूप से बीमारी का संकट हो सकता है। नौजवान पीढ़ी को खाली समय में मोबाइल कंप्यूटर में फेसबुक,व्हाट्सएप इंस्टाग्राम से ही फुर्सत नहीं है। ऐसे में बुजुर्गों के लिए यह संकट और गहराने का खतरा बढ़ता जा रहा है' उल्लेखनीय है कि बुजुर्गों का अनुभव उनका ज्ञान परिवार,समाज तथा देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है'

देश की संस्कृति में बुजुर्गों का सम्मान और इज्जत उनकी रक्षा निहित है' वे वटवृक्ष की तरफ हम सबका मार्गदर्शन करते हैं अतः हमारा प्रथम कर्तव्य होगा कि हम वृद्धजनों की हर संभव रक्षा कर उनकी इज्जत, तवज्जो करें' इसके साथ ही हमें बच्चों तथा नौजवानों की भी रक्षा करनी होगी' भारत सरकार की लगातार चेतावनी और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी निदेर्शों की अवहेलना अभी भी भारत देश में जारी है'

भारत के नौजवान बुजुर्ग और बच्चे बड़ी तादाद में मौजूद हैं उन सब की रक्षा करना हमारा नैतिक दायित्व है। खास तौर पर बुजुर्गों की जो शारीरिक रूप से कमजोर एवं अक्षम होते हैं उनकी तरफ विशेष ध्यान देकर हमें उनकी रक्षा करनी होगी यह हमारा प्रथम दायित्व होगा।

**संजीव ठाकुर, लेखक, चिंतक, स्तंभकार,रायपुर छत्तीसगढ़**
9009 415 415,

# लोकतंत्र की पुनर्रचना: आरक्षण, परिसीमन और भारत का भविष्य

– महेन्द्र तिवारी



भारत का लोकतंत्र सदैव एक जीवंत और गतिशील प्रयोग रहा है ऐसा प्रयोग जो अपनी विविधता, अपनी जटिलता और अपनी अंतर्विरोधों के साथ भी निरंतर आगे बढ़ता रहा है। स्वतंत्रता के पचहत्तर वर्षों से अधिक की यात्रा में यह लोकतंत्र अनेक परीक्षाओं से गुजरा है, अनेक संकटों को पार किया है और अनेक ऐतिहासिक मोड़ों पर खड़ा रहा है। किंतु वर्तमान समय जो प्रश्न उठा रहा है, वह केवल नीति या विधान का प्रश्न नहीं है यह उस मूलभूत प्रश्न का उत्तर खोजने का प्रयास है कि क्या भारत अपनी आधी जनसंख्या को वास्तविक शासन-सत्ता में भागीदार बनाने के लिए सचमुच तत्पर है।

यह प्रश्न महिला आरक्षण और परिसीमन के उस संयुक्त विमर्श से उभरा है, जो आज भारतीय राजनीति के केंद्र में है। इसे समझने के लिए पहले उस स्थिति को देखना आवश्यक है जो दशकों से बनी हुई है। स्वतंत्रता के पश्चात जब प्रथम लोकसभा गठित हुई, तब उसमें केवल बाईस महिला सदस्य थीं। यह संख्या तब से अत्यंत धीमी गति से बढ़ी है। 17वीं लोकसभा में यह लगभग 15% के आसपास ही पहुँची। राज्य विधानसभाओं की स्थिति और भी चिंताजनक है, जहाँ अनेक राज्यों में महिला विधायकों का औसत दस प्रतिशत से भी कम है। सरकार ने 16 से 18 अप्रैल तक संसद का सत्र बुलाया बुलाया है। इस दौरान संविधान संशोधन बिल लाने की तैयारी है। सरकार महिलाओं को 33% आरक्षण देने के साथ लोकसभा और विधानसभा सीटों में 50% तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव ला सकती है। इसके तहत लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 816 हो जाएगी।

इसी असंतुलन को दूर करने के उद्देश्य से संसद ने वह ऐतिहासिक संवैधानिक संशोधन पारित किया जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से जाना जाता है। इसके अंतर्गत लोकसभा और समस्त राज्य विधानसभाओं में एक-तिहाई अर्थात तैंतीस प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है। यह आरक्षण अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए पहले से आरक्षित सीटों पर भी लागू होगा, जिसका अर्थ यह है कि सामाजिक न्याय की दोहरी परत इस व्यवस्था में समाहित है। अंतरराष्ट्रीय अनुभव यह बताता है कि जब किसी विधायिका में महिलाओं की भागीदारी तीस प्रतिशत के आसपास पहुँचती है, तो स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल कल्याण और सामाजिक सुरक्षा जैसे विषयों पर नीति-निर्माण की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार देखा जाता है। रवांडा जैसे देश, जहाँ संसद में महिलाओं की भागीदारी साठ प्रतिशत से अधिक है, इसके जीवंत उदाहरण हैं।

किंतु इस अधिनियम का सबसे विवादास्पद पक्ष इसका कार्यान्वयन है। यह स्पष्ट किया गया है कि यह आरक्षण तत्काल प्रभाव से लागू नहीं होगा, बल्कि इसे आगामी जनगणना और उसके पश्चात होने वाले परिसीमन के बाद ही लागू किया जाएगा। वर्तमान संकेतों के अनुसार इसे वर्ष दो हजार उनतीस के आम चुनाव तक लागू करने की योजना है। इस विलंब ने अनेक राजनीतिक दलों और महिला संगठनों में असंतोष उत्पन्न किया है। उनका तर्क है कि जो अधिकार न्यायसंगत है और जिसकी आवश्यकता स्वीकार की जा चुकी है, उसे किसी तकनीकी प्रक्रिया के अधीन क्यों बनाया जाए।

परिसीमन की प्रक्रिया स्वयं में एक अत्यंत जटिल और संवेदनशील विषय है। इसका सरल अर्थ है जनसंख्या के आधार पर संसदीय और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण, ताकि प्रत्येक प्रतिनिधि लगभग समान जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करे और लोकतंत्र की मूल भावना एक व्यक्ति, एक मत, एक मूल्य सुनिश्चित हो सके। भारत में अंतिम व्यापक परिसीमन उन्नीस सौ इकहत्तर की जनगणना के आधार पर किया गया था। उसके बाद यह प्रक्रिया इस उद्देश्य से स्थगित कर दी गई कि यदि जनसंख्या वृद्धि के अनुपात में सीटें बढ़ाई गईं, तो परिवार नियोजन को सफलतापूर्वक लागू करने वाले राज्यों को राजनीतिक हानि उठानी पड़ेगी। यह स्थगन एक नैतिक निर्णय था, किंतु अब जब पाँच दशक से अधिक समय बीत चुका है और जनसंख्या का वितरण नाटकीय रूप से बदल चुका है, तो परिसीमन की अनिवार्यता से मुँह नहीं मोड़ा जा सकता।

वर्तमान जनसंख्या आँकड़ों पर दृष्टि डालें तो उत्तर प्रदेश की जनसंख्या लगभग पच्चीस करोड़ से अधिक है, बिहार की लगभग तेरह करोड़, जबकि केरल की जनसंख्या लगभग साढ़े तीन करोड़ और तमिलनाडु की लगभग साढ़े सात करोड़ है। यदि परिसीमन पूर्णतः जनसंख्या के आधार पर होता है, तो उत्तर भारत के राज्यों को संसद में अनेक अतिरिक्त सीटें मिल सकती हैं, जबकि दक्षिण भारत के राज्यों की हिस्सेदारी अपेक्षाकृत घट सकती है। दक्षिण के राज्यों का तर्क यह है कि उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, राज्य की नीतियों का अनुपालन किया और अब उन्हें इसी अनुपालन के कारण राजनीतिक प्रतिनिधित्व में कमी का सामना करना पड़ रहा है। यह केवल संख्याओं का विवाद नहीं है यह उस संघीय भावना का प्रश्न है जिसके आधार पर भारत का ताना-बाना बुना गया है।

इस संकट से निपटने के लिए एक प्रस्ताव यह आया है कि लोकसभा की कुल सीटों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की जाए। वर्तमान में लोकसभा में पाँच सौ तैंतालीस निर्वाचित सीटें हैं। परिसीमन के बाद यह संख्या आठ सौ या इससे भी अधिक तक जा सकती है। इस वृद्धि का तर्क यह है कि यदि सीटों की कुल संख्या बढ़ाई जाए, तो किसी भी राज्य की वर्तमान सीटें घटाए बिना नई जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है। इससे दक्षिण भारत के राज्यों की आशंका कुछ हद तक कम हो सकती है। किंतु इसके साथ यह प्रश्न भी उठता है कि क्या आठ सौ या उससे अधिक सदस्यों वाली संसद प्रभावी ढंग से कार्य कर सकती है, क्या विधायी विमर्श की गुणवत्ता बनी रह सकती है और क्या नई संसद भवन इतनी बड़ी संख्या को समायोजित करने में सक्षम होगा। नए संसद भवन में एक हजार से अधिक सदस्यों की बैठने की व्यवस्था इस दिशा में एक दूरदर्शी तैयारी के रूप में देखी जा सकती है।

महिला आरक्षण और सीट-वृद्धि का यह संयोजन भारतीय दलीय राजनीति के भीतर भी गहरे परिवर्तन उत्पन्न करेगा। प्रत्येक दल को अपनी एक-तिहाई सीटें महिला प्रत्याशियों के लिए सुनिश्चित करनी होंगी। यह व्यवस्था उन महिलाओं के लिए अवसर का द्वार खोलेगी जो प्रतिभावान हैं, सक्रिय हैं, किंतु दलीय संरचना के भीतर टिकट पाने में असमर्थ रही हैं। साथ ही यह प्रश्न भी उठता है कि दल किन महिलाओं को आगे लाएँगे, क्या वे वास्तव में स्वतंत्र और सशक्त नेत्रियाँ होंगी, या केवल परिवारवाद के विस्तार के रूप में उन्हें मैदान में उतारा जाएगा। पंचायत स्तर का अनुभव इस संदर्भ में मिश्रित रहा है। एक ओर लाखों महिला प्रतिनिधियों ने ग्रामीण प्रशासन में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है, पेयजल, स्वच्छता और विद्यालयों के विषय में निर्णय लिए हैं; तो दूसरी ओर अनेक स्थानों पर परिवार के पुरुष सदस्य ही वास्तविक निर्णय-कर्ता बने रहे और महिला प्रतिनिधि केवल प्रतीकात्मक भूमिका तक सीमित रहीं।

इसीलिए यह समझना आवश्यक है कि केवल आरक्षण पर्याप्त नहीं है। राजनीतिक दलों के भीतर महिलाओं को वास्तविक निर्णय प्रक्रिया में स्थान मिलना चाहिए। संसदीय समितियों में, मंत्रिमंडल में, नीति-निर्माण के हर स्तर पर उनकी भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। आरक्षण द्वार खोलता है, किंतु उस द्वार से होकर जो यात्रा होती है, वह वातावरण, व्यवस्था और सांस्कृतिक दृष्टिकोण पर निर्भर करती है। यह भी महत्वपूर्ण है कि अन्य पिछड़े वर्गों की महिलाओं के लिए इस आरक्षण के भीतर उनकी पर्याप्त भागीदारी कैसे सुनिश्चित होगी, यह प्रश्न अभी विमर्श की प्रतीक्षा में है।

भारत इस समय एक ऐसे ऐतिहासिक सन्धिकाल पर खड़ा है, जहाँ से दो मार्ग जाते हैं। एक मार्ग वह है जहाँ यह सारी व्यवस्था महिला आरक्षण, परिसीमन, सीट-वृद्धि - एक समग्र, संतुलित और संवेदनशील ढंग से लागू होती है और भारतीय लोकतंत्र वास्तव में अधिक समावेशी, अधिक प्रतिनिधिक और अधिक न्यायपूर्ण बनता है। दूसरा मार्ग वह है जहाँ ये प्रावधान केवल कागजी रह जाते हैं, क्षेत्रीय असंतुलन और सामाजिक विभाजन गहरे होते हैं और एक ऐतिहासिक अवसर व्यर्थ चला जाता है।

भारतीय लोकतंत्र की वास्तविक परिपक्वता इसी में प्रकट होगी कि वह इन जटिलताओं के बीच संतुलन साध सके, संघीय भावना की रक्षा करते हुए महिलाओं को वास्तविक सत्ता-भागीदारी दे सके और यह सुनिश्चित कर सके कि प्रतिनिधित्व केवल एक संख्यात्मक उपलब्धि न बनकर सामाजिक परिवर्तन का सेतु बने। यह बहस केवल एक अधिनियम या एक प्रक्रिया की बहस नहीं है - यह उस प्रश्न की बहस है कि भारत किस लोकतंत्र का निर्माण करना चाहता है।

सुरों की वह शक्ति जो इतिहास बन गई — आशा भोसले

# सुरों की बारिश थम गई, आशा फिर भी भीगती रही

### जो आवाज कभी नहीं थकी, वह आज चुप क्यों हो गई?

आज का संगीत संसार एक ऐसी रिक्तता के सामने खड़ा है, जिसे शब्दों में समेटना कठिन है। आशा भोसले के निधन ने भारतीय संगीत की उस धड़कन को मौन कर दिया है, जो कई पीढ़ियों की भावनाओं में जीवित रही। 12 अप्रैल 2026 को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में 92 वर्ष की आयु में उनका निधन केवल एक कलाकार का अंत नहीं, बल्कि एक युग का शांत हो जाना है। फेफड़ों के संक्रमण, थकान और बढ़ती उम्र ने शरीर को दुर्बल किया, पर उनकी स्वर-छवि स्मृतियों में अमर है। ओ. पी. नैय्यर से लेकर आर. डी. बर्मन तक, उनकी गायकी ने हर दौर को नई पहचान और रंग दिया। इस शोक में भी ऐसा लगता है मानो उनकी धुनें अब भी हवा में तैर रही हों—जैसे संगीत उन्हें पूरी तरह विदा करने को तैयार न हो।

बचपन की कठिनाइयों से उभरकर आशा ने संगीत को ही अपना सहारा बना लिया। 8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के सांगली में मंगेशकर परिवार में जन्मी आशा केवल नौ वर्ष की थीं, जब उनके पिता दीनानाथ मंगेशकर का निधन हो गया। इसके बाद परिवार मुंबई आ गया, जहाँ अभाव और संघर्ष के बीच उन्होंने बड़ी बहन लता मंगेशकर के साथ संगीत की शिक्षा ली। सोलह वर्ष की आयु में 1949 में उन्होंने गणपतराव भोसले से विवाह किया, जिसे परिवार की स्वीकृति नहीं मिली, फिर भी उन्होंने कठिन परिस्थितियों में अपने संकल्प को बनाए रखा। 1948 में फिल्म ह्यचुनरियाह्न के गीत ह्यसावन आयाह्न से उन्होंने पार्श्वगायन की शुरूआत की, जो आगे चलकर एक ऐतिहासिक संगीत यात्रा बनी। यह शुरूआत एक ऐसी सशक्त आवाज का उदय थी, जिसने भारतीय सिनेमा संगीत को नई दिशा और पहचान दी।

उनके करियर में सफलता और ऊँचाइयों की श्रृंखला मिलती है। ओ. पी. नैय्यर के साथ गीतों में चंचलता उभरी, जबकि आर. डी. बर्मन के साथ उन्होंने प्रयोगधर्मिता का नया दौर शुरू किया। ह्यतीसरी मंजिलह्न का ह्यआजा आजाह्न, ह्यहरे राम हरे कृष्णाह्न का ह्यदम मारो दमह्न और ह्यउमराव जानह्न का ह्यदिल चीज क्या हैह्न भारतीय संगीत की पहचान बन गए। उन्होंने 12,000 से अधिक गीत हिंदी, मराठी, बंगाली, तमिल और गुजराती सहित कई भाषाओं में गाए। गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स में उन्हें सबसे अधिक गीत रिकॉर्ड करने वाली गायिका का दर्जा मिला। शंकर-जयकिशन, खय्याम, इलैयाराजा और ए. आर. रहमान जैसे संगीतकारों के साथ उनकी आवाज ने नया जादू रचा। वे केवल पार्श्वगायिका नहीं, बल्कि एक स्वर-शक्ति थीं, जिसने हर शैली को नया रूप दिया।

व्यक्तिगत जीवन में आशा भोसले ने कई संघर्षों का सामना किया, जिसने उन्हें सशक्त बनाया। कम उम्र में विवाह, पारिवारिक असहमति और बाद में वैवाहिक अलगाव ने उनके जीवन को प्रभावित किया, फिर भी बच्चों—हेमंत, वर्षा और आनंद—की जिम्मेदारी निभाते हुए उन्होंने संगीत से दूरी नहीं बनाई। 1980 के आसपास आर. डी. बर्मन के साथ उनके संबंधों ने उनके जीवन में भावनात्मक मोड़ जोड़ा, जिसकी चर्चा हुई। बहन लता मंगेशकर के साथ संबंधों में उतार-चढ़ाव रहे, लेकिन संगीत ने उन्हें हमेशा जोड़े रखा। उन्होंने ह्यआशाह्न नाम से रेस्तरां श्रृंखला शुरू की, जिसने दुबई से दोहा तक पहचान बनाई। 2013 में फिल्म ह्यमाईह्न से उन्होंने अभिनय में भी कदम रखा। उनका यह बहुआयामी व्यक्तित्व उन्हें एक सशक्त और प्रेरक हस्ती बनाता है।

आशा भोसले को उनके योगदान के लिए पद्म विभूषण, दादासाहेब फाल्के पुरस्कार, सात फिल्मफेयर और दो राष्ट्रीय पुरस्कार सहित कई सम्मान मिले। उन्होंने भजन, गजल, पॉप और वेस्टर्न संगीत में भी अपनी सशक्त आवाज दी, जिससे उनका प्रभाव राष्ट्रीय सीमाओं से आगे बढ़कर वैश्विक स्तर तक पहुँचा। ह्ये मेरा दिलह्न जैसे गीतों में हेलेन के लिए उनकी गायकी ने अलग पहचान बनाई, वहीं ह्यलगानह्न जैसे प्रोजेक्ट्स में उनकी उपस्थिति ने नई ऊर्जा दी। कॉर्नरशॉप के ह्यब्रिमफुल ऑफ आशाह्न और क्रोनोस क्वार्टेट के साथ सहयोग ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर विशिष्ट स्थान दिलाया। उनकी सॉप्रानो आवाज ने भारतीय संगीत की सीमाएँ लांघकर विश्व संगीत में भी अमिट छाप छोड़ी। वे हर शैली में सहज रहीं और हर प्रयोग को सफलता में बदलती रहीं।




जीवन के अंतिम वर्षों में भी आशा भोसले पूरी तरह सक्रिय रहीं। उन्होंने डिजिटल मंचों पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई और यूट्यूब के माध्यम से नई पीढ़ी से सीधा संवाद स्थापित किया। 2026 में गोरिलाज जैसे अंतरराष्ट्रीय समूह के साथ उनका अंतिम सहयोग उनकी प्रयोगधर्मिता और नवाचार के प्रति समर्पण का सशक्त प्रमाण बना। उनकी पोती जनाई भोसले भी संगीत की परंपरा को आगे बढ़ा रही हैं, जिससे यह धरोहर पीढ़ी दर पीढ़ी जीवित है। उनकी विरासत केवल परिवार तक सीमित नहीं रही, बल्कि संपूर्ण भारतीय संगीत जगत में व्यापक रूप से फैली हुई है। आज जब उनकी धुनें स्मृतियों में गूंजती हैं, तो नई पीढ़ी उन्हें एक प्रेरणास्त्रोत के रूप में देखती है। उनका जीवन यह संदेश देता है कि कला समय की सीमाओं से परे होती है और स्वर कभी समाप्त नहीं होते, वे केवल रूप बदलकर सदा जीवित रहते हैं।

आशा भोसले का जाना केवल एक कलाकार की विदाई नहीं, बल्कि भारतीय संगीत के स्वर्णिम युग के एक महत्वपूर्ण अध्याय का अवसान है। फिर भी यह अंत पूर्ण नहीं, क्योंकि उनके गीत समय के साथ अमर रहेंगे। जब भी कोई पुराना गीत गूंजता है, उनकी आवाज फिर वातावरण में जीवंत हो उठती है। संघर्ष, नवाचार और समर्पण के बल पर उन्होंने सिद्ध किया कि संगीत केवल कला नहीं, बल्कि जीवन की आत्मा है। आज देश और दुनिया भर में उन्हें श्रद्धा और सम्मान के साथ स्मरण किया जा रहा है। उनका नाम आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा। आशा भोसले—एक स्वर-आत्मा, जो समय से परे जाकर भी अमर है और सुरों की दुनिया में सदा प्रकाश बनकर चमकती रहेगी।

**कृति आरके जैन**
**सृजनिका, बड़वानी (मप्र)**

### अलविदा सुरों की मलिकाझआशा ताई

रात की खामोशी में 'चाँदनी'
मुस्कुराती है,
कहीं दूर से उनकी आवाज
चली आती है।
कभी "पिया तू अब तो
आजा..." की धुन,
ये दिल को मचलाने लगती
'गीत' को सुन।

कभी "दम मारो दम" की
जबरदस्त मस्ती,
रूह में रंग भर जाती है आशा
ताई हस्ती।
हर युग, हर दौर में उनका
'जादू' हैं कायम,
सदियों गूंजेगा ये सुर हर पीढ़ी
को नायब।

जो उन्होंने हमें दिया है गजल
या हो ठुमरी,
देखी फिल्मी गीतों की 'रंग-
रंगीली' झुमरी।
मधुर स्वर की छाया हर दिल
को छू जाती,
'संगीत' की रंगीन दुनिया में
सबको रमाती।

आशाजी ने लिखा है संगीत में
अपना नाम,
कोई जब गीत बजे दिल को
रख लेते थाम।
उनकी मीठी तान सुन के हर दर्द
खो जाता,
आज आँखें नम हमारी तोड़ गईं
जैसे नाता।

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)

(स्व-रचित, मौलिक व अप्रकाशित)

# अमेरिका-ईरान वार्ता: "स्टॉपवॉच बनाम कैलेंडर" में हार-जीत का फैसला टाई

इस्लामाबाद। दुनिया ने राहत की सांस ली कि अमेरिका और ईरान ने घंटों तक बातचीत की… और अंत में वही हुआ जो हर लंबी मीटिंग के बाद होता है—"कोई निष्कर्ष नहीं, लेकिन अगली मीटिंग तय करने पर सहमतिह्न। सूत्रों के अनुसार, अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल बातचीत में स्टॉपवॉच लेकर पहुंचा था, ताकि "डेडलाइन के भीतर शांतिह्न लाई जा सके। वहीं ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने जवाब में कैलेंडर खोलकर बता दिया कि "इतिहास में समय हमेशा लंबा ही चलता है।"

बताया जा रहा है कि बातचीत की शुरूआत बेहद सौहार्दपूर्ण रही—पहले 20 मिनट में चाय, अगले 40 मिनट में आरोप-प्रत्यारोप और




बाकी समय में यह तय करने में निकल गया कि गलती किसकी है और मीटिंग किस कमरे में रखी जाए।

सूत्रों का दावा है कि अमेरिका ने सुझाव दिया—"थोड़ा जल्दी फैसला कर लेते हैं।" ईरान ने जवाब दिया—"हम फैसले नहीं, सिद्धांत देखते हैं, और सिद्धांत जल्दी नहीं चलते।"

वार्ता के अंत में दोनों पक्ष इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि "हम सहमत हैं कि हम असहमत हैं," जो अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का सबसे पुराना लेकिन सबसे सुरक्षित समझौता माना जाता है। मीटिंग खत्म होने के बाद दोनों देशों ने संयुक्त बयान जारी करने की कोशिश की, लेकिन वह भी इस बात पर अटक गया कि ह्लसंयुक्तह्न शब्द पहले किसने लिखा।

कूटनीति विशेषज्ञों के अनुसार, यह वार्ता विफल नहीं हुई है—बल्कि ह्लअगली विफल वार्ता के लिए मजबूत आधारह्न तैयार हुआ है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# गौतमबुद्धनगर में एनडीए/एनए एवं सीडीएस परीक्षा-2026 शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन माहौल में संपन्न

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतम बुद्ध नगर। 12 अप्रैल 2026। संघ लोक सेवा आयोग के निर्देशन में जनपद के 08 परीक्षा केन्द्रों पर एनडीए/एनए (क) एवं सीडीएस (क)-2026 परीक्षा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुई।

जनपद में 05 परीक्षा केन्द्रों पर एनडीए/एनए परीक्षा तथा 03 परीक्षा केन्द्रों पर सीडीएस परीक्षा आयोजित की गई। एनडीए/एनए परीक्षा में 1913 अभ्यर्थियों में से 1455 उपस्थित रहे तथा 458 अनुपस्थित रहे। वहीं सीडीएस परीक्षा में 1187 अभ्यर्थियों में से 706 अभ्यर्थी उपस्थित रहे तथा 481 अनुपस्थित रहे।

परीक्षा के दौरान सभी केन्द्रों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, पुलिस बल की तैनाती तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं लोकल इंस्पेक्टिंग ऑफिसर की उपस्थिति में परीक्षा



पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराई गई।

जिलाधिकारी द्वारा महामाया बालिका इंटर कॉलेज, सेक्टर-44, नोएडा स्थित परीक्षा केन्द्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों तथा अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। सभी व्यवस्थाएं मौके पर संतोषजनक पाई गईं।

परीक्षा केन्द्रों पर पेयजल, बैठने की व्यवस्था, प्रवेश प्रक्रिया एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान संबंधित अधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

कड़े सुरक्षा इंतजामों और प्रशासनिक निगरानी के बीच सम्पन्न हुई यह परीक्षा जनपद में पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित परीक्षा संचालन का उदाहरण बनी।

# नोएडा में भव्य बॉडी बिल्डिंग व फिटनेस चैंपियनशिप का आयोजन, 140 प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। संतुष्टि सेवा फाउंडेशन द्वारा एनईए ऑडिटोरियम, सेक्टर-6 नोएडा में भव्य बॉडी बिल्डिंग एवं फिटनेस चैंपियनशिप का सफल एवं उत्साहपूर्ण आयोजन गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष श्रीमती बिमला बाथम, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, टी.एन. गोविल, डॉ. वी.के. गुप्ता, समाजसेवी डी.पी. गोयल, सुधीर चंद्र पोरवाल, राज कुमार गर्ग, सपा नेता गौरव सिंघल, विपिन अग्रवाल, युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन, एडवोकेट मनोज गुप्ता, शैलेंद्र बरनवाल, बजरंग लाल, राजेंद्र गर्ग, अनिल गोयल एवं मुकुल बाजपेई ने दीप प्रज्वलन कर किया।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष नवीन पोरवाल, उपाध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र पोरवाल, महासचिव शशांक गुप्ता सहित पदाधिकारी सुरेंद्र गर्ग, हीरालाल गुप्ता, तुषार गुप्ता, उदय सिंह, वीरेश पाल एवं अनुज ने अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि संजय बाली ने युवाओं को फिटनेस के प्रति जागरूक रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करते हैं।

उन्होंने प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेना ही सबसे बड़ी उपलब्धि है, जो युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

प्रतियोगिता में लगभग 140




प्रतिभागियों ने विभिन्न श्रेणियों में भाग लेकर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान सभागार में भारी भीड़ उमड़ी और पूरा हॉल दर्शकों से खचाखच भर गया, जिससे आयोजन की लोकप्रियता स्पष्ट दिखाई दी।

परिणाम इस प्रकार रहे– सीनियर बॉडीबिल्डिंग ओवरऑल चैंपियनशिप में मोनू गुर्जर (फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश) विजेता रहे। मेंस फिजिक ओवरऑल चैंपियनशिप में लक्ष्य (झज्जर, हरियाणा) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

सीनियर बॉडीबिल्डिंग कैटेगरी में ध्रुव गुप्ता (कोलकाता) प्रथम, योगेश यादव (दिल्ली) द्वितीय एवं अनुज (हरियाणा) तृतीय स्थान पर रहे। पावरलिफ्टिंग (मेंस) में सौरव कपासिया (बल्लभगढ़) विजेता रहे, जबकि महिला वेटलिफ्टिंग में कशिश (बागपत) प्रथम, राखी (बागपत) द्वितीय एवं पूनम (गुड़गांव) तृतीय स्थान पर रहीं।

कार्यक्रम के अंत में संस्था अध्यक्ष नवीन पोरवाल ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संतुष्टि सेवा फाउंडेशन आगे भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करता रहेगा।

यह आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का माध्यम बना, बल्कि युवाओं में फिटनेस, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी सफल रहा।

# विवेकानंद महाविद्यालय में 56वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सम्मान समारोह ने मोहा मन

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नई दिल्ली। विवेकानंद महाविद्यालय में 56वां वार्षिकोत्सव उत्साह और गरिमामयी वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री आशीष सूद को आमंत्रित किया गया था, हालांकि किसी कारणवश उनका आगमन नहीं हो सका। इसके बावजूद कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में शाहदरा के विधायक संजय गोयल, विशेष अतिथि के रूप में भाजपा प्रांत प्रमुख दीपक गाबा, भाजपा युवा नेता अभिजीत मिश्रा, कॉलेज की चेयरपर्सन प्रोफेसर रूपम कपूर तथा प्राचार्य प्रोफेसर पिंकी मौर्या उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरूआत विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके



बाद परिसर में पौधरोपण किया गया। सरस्वती वंदना के उपरांत शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुतियों से अतिथियों का स्वागत किया गया। कत्थक और भरतनाट्यम के मिश्रण से प्रस्तुत नृत्य ने विशेष आकर्षण बटोरा, जिसमें सीता और द्रौपदी के चरित्रों की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षिकाओं प्रोफेसर धनपति देवी कश्यप और डॉ. सुषमा अग्रवाल को सम्मानित किया गया। छात्रा समृद्धि ने हिंदी में तथा सौम्या ने अंग्रेजी में विवेकानंद के विचारों का पाठ प्रस्तुत किया।

प्राचार्य प्रोफेसर पिंकी मौर्या ने महाविद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कॉलेज ने खेल क्षेत्र में 16 मेडल प्राप्त किए हैं तथा शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। साथ ही लगभग 80 कंप्यूटरों का नवीनीकरण किया गया तथा छात्राओं एवं कर्मचारियों के लिए भविष्य की सुविधाओं हेतु योजनाएं तैयार की गई हैं।

चेयरपर्सन प्रोफेसर रूपम कपूर ने महिला आरक्षण कानून के लिए बधाई देते हुए कहा कि भारत विवेकानंद के विचारों को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के बिना राष्ट्र का विकास संभव नहीं है।

विशेष अतिथि दीपक गाबा ने शिक्षा के साथ संस्कारों के महत्व पर जोर देते हुए युवाओं को राजनीति में आगे आने का आह्वान किया। वहीं विधायक संजय गोयल ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य स्पष्ट रूप से लिखने चाहिए और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर कहा कि इसे भय का नहीं बल्कि सहयोग का माध्यम बनाना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की पत्रिका "ईशा" के नवीन अंक का विमोचन भी किया गया। विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए छात्राओं को सम्मानित किया गया।

अंत में डॉ. कामिनी तनेजा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

यह वार्षिकोत्सव न केवल सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का मंच बना, बल्कि शिक्षा, संस्कार और महिला सशक्तिकरण के संदेश को भी प्रभावी रूप से प्रस्तुत करता नजर आया।

# हीरक जयंती समारोह धूमधाम से सम्पन्न, 75 वर्षों की सामाजिक सेवा यात्रा का भव्य उत्सव

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गाजियाबाद। रविवार, 12 अप्रैल 2026। आर्य समाज मंदिर, पुराना गांधी नगर में सामाजिक सेवा के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती महायज्ञ का भव्य आयोजन श्रद्धा, वैदिक परंपरा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन प्रियंका शास्त्री के ब्रह्मत्व में किया गया।

यह आर्य समाज लगभग 75 वर्ष पूर्व माता सत्यवती द्वारा महिला आर्य समाज की स्थापना के साथ प्रारंभ हुआ था, जो आज शिक्षा, संस्कार और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय है।

मुख्य वक्ता के रूप में पधारे स्वामी आर्यवेश (प्रधान, सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा, दिल्ली) ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि यहां की गतिविधियां किसी गुरुकुल की तरह प्रतीत होती हैं। उन्होंने देशभक्ति, योग और वैदिक परंपराओं के संरक्षण के प्रयासों को अत्यंत सराहनीय बताया।

उन्होंने कहा कि भविष्य की योजना बनाने और लक्ष्य का स्वप्न देखने



वाले ही जीवन में आगे बढ़ते हैं। उन्होंने आर्य समाज द्वारा निःशुल्क शिक्षा, योग प्रशिक्षण और संस्कार निर्माण के कार्यों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

मंच संचालक वेद व्यास ने बताया कि संस्थान में लगभग 120 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। यहां प्रतिदिन योग, यज्ञ, कंप्यूटर प्रशिक्षण, टैली प्रोफेशनल कोर्स, अंग्रेजी बोलचाल प्रशिक्षण एवं सिलाई प्रशिक्षण जैसी निःशुल्क गतिविधियां संचालित की जाती हैं। प्रशिक्षण के बाद छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सिलाई मशीन भी प्रदान की जाती है।

भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों एवं ऋषि महिमा से वातावरण भक्तिमय हो उठा, वहीं योग प्रदर्शन ने उपस्थित जनसमूह को प्रभावित किया।

भजन संध्या की मंच संचालिका सौम्या आर्या ने कहा कि बेटी केवल शब्द नहीं, बल्कि शक्ति का प्रतीक है और वेदों का ज्ञान हमारी सांस्कृतिक पहचान है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व शिक्षा मंत्री बालेश्वर त्यागी ने कहा कि सुसंस्कारित युवा ही राष्ट्र की वास्तविक धरोहर हैं और ऐसे प्रयास समाज निर्माण की मजबूत नींव रखते हैं।

अन्य वक्ताओं ने भी आर्य समाज के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यहां की गतिविधियों से समाज में वैदिक संस्कृति और संस्कारों का प्रसार हो रहा है।

कार्यक्रम का समापन शांतिपाठ एवं प्रीतिभोज के साथ किया गया।

हीरक जयंती समारोह ने 75 वर्षों की सेवा यात्रा को स्मरणीय बनाते हुए शिक्षा, संस्कार और वैदिक मूल्यों के प्रसार के संकल्प को और मजबूत किया।

### मुजफ्फरनगर में आज वृहद रोजगार मेला, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे उद्घाटन

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में सोमवार को नुमाइश ग्राउंड में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे तथा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान करेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं उद्यमिता जयंत चौधरी करेंगे, जबकि प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

मेले में लगभग 250 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी और 25,000 से अधिक रोजगार अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसमें ऑटोमोबाइल, आईटी, बैंकिंग, फाइनेंस, हेल्थकेयर, मैन्युफैक्चरिंग सहित कई क्षेत्रों की कंपनियां युवाओं का चयन करेंगी।

आईटीआई, पॉलिटेक्निक, स्नातक एवं अन्य योग्य अभ्यर्थी इसमें भाग ले सकेंगे। चयनित युवाओं को 1.50 लाख रुपये से अधिक वार्षिक वेतन तक के रोजगार अवसर मिलने की संभावना है।

कार्यक्रम में महिलाओं एवं दिव्यांगजनों की भागीदारी के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। कई बड़ी कंपनियां मौके पर ही ऑफर लेटर भी प्रदान करेंगी।

### मुजफ्फरनगर में आज वृहद रोजगार मेला, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे उद्घाटन

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में सोमवार को नुमाइश ग्राउंड में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे तथा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान करेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं उद्यमिता जयंत चौधरी करेंगे, जबकि प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मेले में लगभग 250 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी और 25,000 से अधिक रोजगार अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

# भाजपा नोएडा महानगर के सभी आठों मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग संपन्न, कार्यकताओं को संगठनात्मक मजबूती का दिया गया संदेश

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर के जिला अध्यक्ष श्री महेश चौहान के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के अंतर्गत सभी आठों मंडलों में मंडल स्तरीय प्रशिक्षण वर्गों का सफलतापूर्वक आयोजन एवं समापन किया गया।

इन प्रशिक्षण वर्गों में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी रही। विभिन्न मंडलों में आयोजित कार्यक्रमों में जिला अध्यक्ष महेश चौहान सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल, महाराणा प्रताप मंडल एवं सरस्वती शिशु मंडल में श्रीमती सुषमा सिंह, श्री नवाब सिंह नागर, श्री विजेंद्र नागर



एवं श्री हर्ष चतुर्वेदी सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं ने सहभागिता की।

जिला अध्यक्ष महेश चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी संगठन और राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं को 'एकात्म मानववाद' की विचारधारा को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है और ऐसे प्रशिक्षण वर्ग कार्यकताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मंडल प्रशिक्षण अभियान के संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष श्री उमेश त्यागी ने बताया कि नोएडा महानगर के सभी आठों मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं। इनका उद्देश्य कार्यकताओं को संगठन की कार्यप्रणाली, विचारधारा एवं आगामी कार्यक्रमों के लिए तैयार करना है। उन्होंने आगे बताया कि अब अगले चरण में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिले के राष्ट्रीय, प्रदेश, क्षेत्रीय एवं जिला पदाधिकारी भाग लेंगे। इसकी तिथि प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्धारित की जाएगी।

कार्यक्रमों में श्री चंदगीराम यादव, श्री अमित त्यागी, श्रीमती प्रज्ञा पाठक, श्री ओमबीर अवाना, मंडल अध्यक्ष श्री दीनबंधु, श्री सत्यनारायण महावार, श्री शशिधर उपाध्याय, श्री सचिन अम्बवत, श्रीमती डिम्पल आनंद, श्रीमती पूनम सिंह, श्री नरेश शर्मा एवं श्री बृजपाल चौहान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा का यह प्रशिक्षण महा अभियान संगठनात्मक एकजुटता, वैचारिक मजबूती और कार्यकताओं के प्रशिक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

# थाना बिसरख पुलिस की त्वरित कार्रवाई, एक घंटे में खोया बैग बरामद कर मालिक को लौटाया

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। थाना बिसरख पुलिस ने तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मात्र एक घंटे के भीतर खोया हुआ बैग सकुशल बरामद कर उसके मालिक को वापस लौटा दिया।

जानकारी के अनुसार अजय कुमार, निवासी जनपद हाथरस, दुबई से दिल्ली होते हुए बिसरख क्षेत्र की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते में उनका बैग कहीं छूट गया। बैग में पासपोर्ट, वीजा एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज तथा कीमती सामान रखा हुआ था। घटना की सूचना अजय कुमार द्वारा



थाना बिसरख पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तलाश अभियान शुरू किया और महज एक घंटे के भीतर बैग को बरामद कर लिया। बरामद बैग में रखा सभी सामान सुरक्षित अवस्था में पाया गया, जिसे पुलिस ने विधिक प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद संबंधित व्यक्ति को सौंप दिया।

अपना बैग सुरक्षित वापस पाकर अजय कुमार ने राहत की सांस ली और गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की सराहना करते हुए थाना बिसरख पुलिस का आभार व्यक्त किया। थाना बिसरख पुलिस की यह त्वरित कार्रवाई जनपद पुलिस की तत्परता, संवेदनशीलता और आमजन के प्रति जिम्मेदारी का उदाहरण प्रस्तुत करती है।

## ग्रेटर नोएडा में श्रमिकों और फैक्ट्री मालिकों के बीच बेहतर तालमेल को लेकर अहम बैठक, नए श्रम दिशा-निदेशों पर हुई चर्चा

समाज जागरण/संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा। श्रमिकों और फैक्ट्री मालिकों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित कर औद्योगिक माहौल को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव की अध्यक्षता में रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव, एडीएम मंगलेश दुबे, ओएसडी नवीन कुमार सिंह, प्रबंधक उद्योग अरविंद मोहन सिंह तथा डीसीपी पुलिस प्रवीण रंजन सिंह सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही नोएडा एंटरप्रेन्योर एसोसिएशन, इंडस्ट्रियल बिजनेस एसोसिएशन, इंडिया इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, इंडस्ट्रियल एंटरप्रेन्योर एसोसिएशन, ग्रेटर नोएडा एंटरप्रेन्योर एसोसिएशन, लघु उद्योग भारती एवं इकोटेक-12 एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

बैठक में अधिकारियों द्वारा कारखाना विभाग के नए दिशा-निदेशों की विस्तृत जानकारी उद्यमी संगठनों को दी गई।

एडीएम मंगलेश दुबे ने कहा कि किसी भी श्रमिक को अनावश्यक रूप से कार्य से नहीं हटाया जाएगा। उन्होंने बताया कि ओवरटाइम का भुगतान दोगुनी दर




से किया जाएगा तथा इसमें किसी प्रकार की कटौती नहीं होगी। यदि रविवार को कार्य कराया जाता है तो उसका भी भुगतान दोगुनी दर से किया जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि सभी श्रमिकों को नियमानुसार बोनस का भुगतान अधिकतम 30 नवंबर तक उनके बैंक खातों में सुनिश्चित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा घोषित वेतन वृद्धि का लाभ सभी श्रमिकों को लागू तिथि से दिया जाएगा।

एडीएम ने कहा कि प्रत्येक कारखाने में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम समिति का गठन अनिवार्य होगा, जिसकी अध्यक्ष महिला होगी। साथ ही शिकायत पेटी की व्यवस्था, श्रमिकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक श्रमिक को हर माह की 10 तारीख तक वेतन का भुगतान अनिवार्य रूप से किया जाए तथा सभी को वेतन पर्ची प्रदान की जाए।

डीसीपी प्रवीण रंजन सिंह ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है और इसके लिए उद्यमियों व श्रमिकों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है।

एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने उद्यमी संगठनों से अपील की कि वे कार्यस्थलों पर स्वस्थ, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखें। यह बैठक औद्योगिक क्षेत्र में श्रमिकों और प्रबंधन के बीच विश्वास, पारदर्शिता और बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई।

## सदरपुर खजूर कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन, श्रद्धालु हुए भावविभोर

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा (सेक्टर-45)। सदरपुर खजूर कॉलोनी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिवस पर कथा व्यास पंडित देवशरण शास्त्री जी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, भक्तों के प्रति उनकी करुणा और धर्म स्थापना के प्रसंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया।

कथा के दौरान व्यास जी ने बताया कि किस प्रकार श्रीकृष्ण की लीलाओं से बृजवासी सदैव आनंदित रहते थे और उन्होंने बृजवासियों की रक्षा हेतु अनेक दिव्य लीलाएं कीं। उन्होंने वस्त्रहरण, गोपियों की भक्ति, प्रसिद्ध रासलीला तथा श्रीकृष्ण के प्रति गोपियों के अटूट प्रेम का सरल और भावपूर्ण वर्णन किया।



कथा में कंस वध, मथुरा से द्वारका गमन तथा अन्य दिव्य प्रसंगों का भी विस्तार से उल्लेख किया गया। पंडित देवशरण शास्त्री जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना की और मानवता को सदैव सत्य एवं धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

इस अवसर पर श्रीकृष्ण और राधा रानी की मनोहारी झांकी भी प्रस्तुत की गई, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पूरे पंडाल में "जय श्रीकृष्ण" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया।

कथा में मुख्य यजमान सुरेश गुप्ता एवं अर्चना गुप्ता उपस्थित रहे। उनके साथ मुकेश गुप्ता, दिनेश गुप्ता, पुष्कल, जगदीश गुप्ता, मंजू, पूनम, शशि गुप्ता, निर्मला देवी, चंद्रपाल, रमेश, सुरेंद्र सिंह, गोपाल गुप्ता, ओमप्रकाश उपाध्याय, मोहित गुप्ता, राकेश गुप्ता, पुनीत पंडित, नंदकिशोर एवं अन्य श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

आयोजन समिति ने सभी भक्तों एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण की लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन और झांकियों ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक भाव से सराबोर कर दिया, जिससे पूरा वातावरण भक्ति रस में डूब गया।

## आशा भोसले के निधन पर प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने जताया गहरा शोक, कला जगत की अपूरणीय क्षति बताया

समाज जागरण/संदीप गर्ग

लखनऊ, 12 अप्रैल 2026: प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल, बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह तथा उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने भारतीय संगीत जगत की स्वर-सम्राज्ञी आशा भोसले के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मंत्रियों ने अपने संयुक्त शोक संदेश में कहा कि आशा भोसले जी का निधन अत्यंत दुःखद है और यह कला जगत की अपूरणीय क्षति है।

उन्होंने कहा कि उनकी अद्वितीय गायकी ने भारतीय संगीत को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं और उनके मधुर स्वर सदैव देशवासियों के मन में गूंजते रहेंगे।

मंत्रियों ने कहा कि आशा भोसले जी ने अपने दीर्घ संगीत जीवन में भारतीय संगीत को समृद्ध किया और अपनी विशिष्ट शैली से करोड़ों लोगों के दिलों में स्थान बनाया। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

मंत्रियों ने प्रभु श्री राम से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को सद्गति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों एवं प्रशंसकों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें।

### नोएडा पुलिस की 'मिशन शक्ति' के तहत महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान, छात्राओं को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

नोएडा। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्ध नगर के निर्देश तथा डीसीपी महिला सुरक्षा की देखरेख में नोएडा पुलिस की महिला सुरक्षा टीम द्वारा 'मिशन शक्ति-5 (द्वितीय चरण)' के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत महिलाओं, बालिकाओं एवं छात्राओं को विभिन्न प्रकार के अपराधों, विशेषकर लैंगिक अपराधों से बचाव, 'गुड टच-बैड टच', साइबर अपराधों एवं उनसे सुरक्षा के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी प्रदान की गई तथा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पंपलेट वितरित किए गए।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और जागरूक बनाना है, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। मिशन शक्ति के अंतर्गत चलाया गया यह जागरूकता अभियान महिला सुरक्षा को मजबूत करने और समाज में सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# नहटौर मे आवारा कुत्तो का आतंक काट कर कर रहे घायल

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी
जनपद बिजनौर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है. शनिवार को कुछ ही घंटों में डॉग बाइट के क्यी मामले सामने आए, जिसके बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया. बढ़ती घटनाओं के बीच लोगों ने नगर पालिका प्रसासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है



बिजनौर के नेहतौर में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आमजन में दहशत का माहौल बन गया है.शनिवार को हालात उस समय और चिंताजनक हो गए, जब दोपहर से शाम तक महज कुछ घंटों के भीतर डॉग बाइट के क्यी मामले सामने आ गए.जानकारी के अनुसार, शहर के अलग-अलग इलाकों से कुत्तों के हमले का शिकार हुए लोग इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे. यहां सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया और एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाकर उनका इलाज शुरू किया गया. डॉक्टरों के मुताबिक, घायलों में बच्चों और बुजुर्गों की संख्या भी शामिल है, जिन्हें कुत्तों के हमले का ज्यादा खतरा बना रहता है.स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में इन दिनों स्ट्रीट डॉग्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है. कई कॉलोनियों और बाजारों में आवारा कुत्तों के झुंड खुलेआम घूमते नजर आते हैं, जिससे लोगों को आने-जाने में डर का सामना करना पड़ रहा है. खासकर सुबह और शाम के समय यह समस्या ज्यादा गंभीर हो जाती है, जब कुत्तों के हमले की घटनाएं बढ़ जाती हैं.

नागरिकों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर कई बार नगर पालिका प्रशासन को शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया. लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं पाया गया तो आने वाले दिनों में स्थिति और भयावह हो सकती है.डॉग बाइट के मामलों में अचानक आई इस बढ़ोतरी ने स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की चिंता भी बढ़ा दी है. विशेषज्ञों का कहना है कि आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और उनका आक्रामक व्यवहार शहर के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है.
शहरवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों को पकड़ने, उनके नसबंदी अभियान को तेज करने और सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने जैसे कदम जल्द उठाए जाएं. साथ ही, लोगों को भी सावधानी बरतने और बच्चों को अकेले बाहर न भेजने की सलाह दी जा रही है.

# थाना प्रांगण में की आयोजित शांति समिति की बैठक

**समाज जागरण मुस्कान खान**
जनपद बिजनौर नगीना । शांति समिति की बैठक में आगामी त्यौहार शांतिपूर्वक मनाएं जाने के साथ अंबेडकर जयंती पर निकाले जाने वाली शोभायात्रा को समय से शांतिपूर्वक निकाले जाने का आव्हान किया गया।



शनिवार की दोपहर को थाना प्रांगण में आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुये एसडीएम विजय शंकर मिश्रा ने उपस्थित लोगों से अंबेडकर जयंती सहित आगामी त्यौहार शांतिपूर्वक मनाने का आव्हान करते हुए आयोजकों से अंबेडकर जयंती पर निकाले जाने वाली शोभायात्रा समय का ध्यान रखते हुये आपसी सौहार्द के साथ निकाले जाने की बात कही , बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार ने भी उपस्थित लोगों से आगामी सभी त्यौहार आपसी सदभाव से शांति पूर्वक मनाने का आह्वान किया , इस अवसर पर आयोजकों द्वारा अंबेडकर जयंती के अवसर पर निकाले जाने वाली शोभायात्रा के संबंध में पुलिस अधिकारियों को विस्तृत जानकारी देकर अपने अपने विचार व्यक्त किये गये , बैठक में थाना प्रभारी अवनीत मान ने भी लोगों से त्यौहारों के अवसर पर आपसी सौहार्द बनाए रखने का आवाहन करते हुये अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कही । बैठक में रचित कुमार , अतुल भारती , सुखराम सिंह देवराज सिंह , भुरे सिंह ,अमित कुमार ,नितिन कुमार व सभासद ब्रजमोहन उर्फ बल्ली सहित जुलूस के आयोजक व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# रेलवे पुलिया निर्माण को लेकर कांग्रेस करेगी प्रदर्शन।

**समाज जागरण**
फिरोजाबाद। कांग्रेस घड़ी दरिगपुर पर रेलवे की पुलिया (अंडरपास) के निर्माण को लेकर शीघ्र ही जिला मुख्यालय पर करेंगी प्रदर्शन '
कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने कहा कि फिरोजाबाद ब्लॉक के गॉव घड़ी दरिगपुर पर रेलवे की पुलिया (अंडरपास) की मांग कई वर्षो से चली आ रही है जिसको रेल विभाग द्वारा विगतवर्ष स्वीकृति भी दीं जा चुकी है परन्तु निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं कराया गया है जिसके चलते दर्जनों गॉव के लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पढ़ रहा है सबसे ज्यादा परेशानी किसानों और छात्रों को हो रही है



उन्हें आठ - आठ किलोमीटर का राउंड लेकर आना जाना पढ़ता है जिसे कांग्रेस पार्टी अधिक समय तक वर्दाश्त नहीं कर सकती है यदि उक्त निर्माण कार्य शीघ्र शुरू नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी पीड़ित जनता के साथ आंदोलन करने को बाध्य होगी '
इस मौके पर राजवीर सिंह यादव , जितेंद्र तिवारी , अनिल यादव , अजय यादव , शान्तिदास शंखवार , संजय यादव , दिलीप यादव , कुलदीप कुमार , पुष्पेंद्र सिंह यादव , विमल कुमार , सुरेश चंद्र , सुभाषचंद्र , महेश चंद्र यादव , राजेंद्र प्रसाद , हरेंद्र कुमार सहित अनेकों लोग मौजूद रहे '

# पत्नी की फूंकनी से पीट पीट कर हत्या ताला लगाकर थाने पहुंचा पत्नी का हत्यारा पति

**समाज जागरण**
गुन्नौर तहसील क्षेत्र के थाना रजपुरा क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने पत्नी की फूंकनी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। पत्नी का कसूर सिर्फ इतना था कि वह देर से उठी थी और खाना नहीं बना सकी थी। इतनी सी बात से बौखलाएं पति ने अपनी जीवनसंगिनी को मौत के घाट उतार दिया। इतना ही नहीं, हत्याकांड को अंजाम देने के बाद आरोपी कमरे को बाहर से बंद कर थाने पहुंच गया। थाने पहुंचकर उसने पुलिस को घर की चाबी देकर कहा कि उसने पत्नी की हत्या कर दी है। यह सुनकर थाने में सनसनी फैल गई। पुलिस ने आरोपी को थाने में बैठा लिया और उसके घर पहुंचकर शव बरामद किया।
रजपुरा थाना क्षेत्र के सिंघौली कल्लू निवासी दुर्गेश कुमार की शादी 10 माह पूर्व बदायूं जिले के जरीफनगर क्षेत्र के गांव विजयगढ़ निवासी ज्योति के साथ हुई थी। पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह पत्नी ज्योति से खाना बनाने को लेकर कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक रूप ले



बैठी। गुस्से में आकर दुर्गेश ने लोहे की फूंकनी से पत्नी के मुंह, सिर व कमर पर कई वार किए, जिससे वह लहूलुहान हो गई और घर के कमरे में ही तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया।

**पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया**

पत्नी की हत्या करने के बाद दुर्गेश ने कमरे का ताला बाहर से बंद किया और सीधे थाने पहुंच गया। आरोपी ने पुलिस को घर की चाबी दी और कहा कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है, शव कमरे में पड़ा है। पुलिस ने उसे तत्काल हिरासत में ले लिया और मौके पर पहुंची। वहां ज्योति का शव कमरे में जमीन पर उल्टा पड़ा मिला। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य इकट्ठा किए और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**मायके पक्ष ने लगाया दहेज और अवैध संबंधों का आरोप**

घटना की सूचना पाकर मृतका की मां शकुंतला देवी व परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष द्वारा दहेज में कार की मांग की जा रही थी। इसके अलावा, मृतका की मां ने आरोप लगाया कि हत्यारोपी के हाथरस समेत कई युवतियों से अवैध संबंध थे, जिसका ज्योति विरोध करती थी। इसी कारण उसकी पीटकर हत्या कर दी गई। इस संबंध में सीओ आलोक सिद्धू ने बताया, खाना नहीं बनाने को लेकर हुए विवाद में पत्नी की पीटकर हत्या की है। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# डिवाइडर से टकराकर बाइक गिरी पिता की मौत पुत्र गंभीर घायल मचा कोहराम

**समाज जागरण**
बबराला आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में पिता की मौत हो गई, जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। पिता पुत्र बाइक से गाजियाबाद से लौट रहे थे। गांव इटऊआ के पास रात करीब 12 बजे बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।
पुलिस के मुताबिक बाइक चला रहे बेटे को संभवतः नींद की झपकी आने के कारण हादसा हुआ। टक्कर



इतनी भीषण थी कि दोनों छिटक कर बाइक से काफी दूर जा गिरे और बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मृतक की पहचान धनारी थाना क्षेत्र के गांव भागनगर की मढ़ैयां निवासी रमेश (55) पुत्र जालन सिंह के रूप में हुई है जबकि उनके बेटे अनुज सिंह को गंभीर हालत में पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष बने लोधी देवेन्द्र सिंह ,सामाजिक बंधुओं ने किया भव्य स्वागत

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**
फिरोजाबाद । अखिल भारतीय लोधी राजपूत कल्याण महासभा के नवनियुक्त राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष लोधी देवेन्द्र सिंह का विभिन्न समाज के गणमान्य नागरिकों और समाजसेवियों द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन जोधपुर किया गया।
हाल ही में संगठन द्वारा राजस्थान की कमान सौंपे जाने के बाद समर्थकों और शुभचिंतकों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने देवेन्द्र सिंह जी की नियुक्ति को संगठन के लिए एक नई ऊर्जा का संचार बताया। स्वागत करने वालों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में समाज कल्याण और विकास के कार्यों को नई गति मिलेगी।
स्वागत करने वाले मुख्य रूप से



उपस्थित रहेः
कार्यक्रम के दौरान मनोहर लाल जी गहलोत (अध्यक्ष, माली समाज), जवरीलाल गहलोत (कोषाध्यक्ष), दीपू गहलोत, पण्डित जी ओझा, पारस सोलंकी, नन्दकिशोर परिहार केसू तंवर, सन्दीप सांखला, श्रवण जी परिहार, भारत , मान भाई, इन्साफ भाई, बाबुलाल , राजू भाई, हीरालाल जी सांखला, महेन्द्र गहलोत, श्रीकान्त गुप्ता, दुगाराम परिहार, रामपाल , चन्द्रप्रकाश (CP), श्यामलाल , भावेश , लालू सोलंकी, चेतन सांखला, हुकमाराम टाक, विनोद भाटी और पदमा परिहार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने माला पहनाकर और साफा बांधकर प्रदेश अध्यक्ष का सम्मान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सवर्ण संगठन ने शहीद मंगल पांडे को भारत रत्न देने की मांग की सवर्ण विरोधी काले कानून का किया विरोध।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**
फिरोजाबाद। भारतीय सवर्ण महासभा की एक बैठक मून होटल के पास आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता देवेंद्र उपाध्याय ने की जिसका संचालन अशोक गर्ग ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय सवर्ण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव उपाध्याय थे संगठन को मजबूत व समाज की आवाज उठाने के साथ समाज की एकता पर वल दिया गया बैठक में शहीद मंगल पांडे को भारत रत्न दिए जाने की समाज ने आवाज उठाई
कार्यक्रम में बोलते हुए भारतीय सवर्ण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव उपाध्याय ने कहा समाज हित के लिए हम लोगों को सड़कों पर आना पड़ेगा समाज के खिलाफ काले कानून सरकार ला रही हैं ऐसे काले कानून का विरोध करना होगा समाज के बच्चे 90% अंक लाने के



बाद भी नौकरियों से वंचित होते हैं यूनिवर्सिटियों में हाल में यूजीसी काला कानून समाज के बच्चों के खिलाफ सरकार लाई एससी एक्ट समाप्त किया जाए आरक्षण समाप्त किया जाए सवर्ण आयोग का गठन हो राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पंडित विनोद दीक्षित ने कहा 1857 के आजादी के प्रथम महानायक क्रांतिकारी शहीद मंगल पांडे जी को भारत रत्न दिया जाना चाहिए 1857 में अंग्रेजों की जड़ों को हिलाने वाले देशभक्त के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता अशोक गर्ग ने कहा अब समय आ गया है समाज को एकजुट होकर अपनी ताकत राजनीतिक दलों को दिखानी चाहिए तभी सवर्ण विरोधी कानून लागू न हो सके
बैठक में अशोक श्रुतिय, पवन शर्मा, नरेश अरेले, दर्शन पांडे, उषा दुवे,विष्णुकांत पचौरी , पन्नालाल तिवारी,श्याम सुंदर शर्मा,ठाकुर मनोज सिंह,सनी भटनागर, नीरज गुप्ता आज समाज के लोग मौजूद थे।

# सेवानिवृत्त प्रवक्ता मेजर दिवारी लाल को 'शिक्षक कर्तव्यनिष्ठ सम्मान' से सम्मानित

सम्भल (समाज जागरण)। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति, उत्तर प्रदेश द्वारा हिन्द इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त हिन्दी प्रवक्ता मेजर दिवारी लाल को वर्ष 2025 के शिक्षक कर्तव्यनिष्ठ सम्मान से सम्मानित किया गया।
समिति के अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम एवं महासचिव कुसुम ने बताया कि मेजर दिवारी लाल ने हिन्द इंटर कॉलेज में 37 वर्षों तक अत्यंत लगन, निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ शिक्षण कार्य किया। उनके मार्गदर्शन में शिक्षित अनेक छात्र आज विभिन्न उच्च पदों पर कार्यरत हैं।
उल्लेखनीय है कि मेजर दिवारी लाल 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त हुए हैं। उनके दीर्घ एवं समर्पित शिक्षकीय



योगदान को देखते हुए समिति द्वारा उन्हें वर्ष 2025 के शिक्षक कर्तव्यनिष्ठ सम्मान से सम्मानित किया गया।
इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम, महासचिव कुसुम तथा सचिव चिंकी दिवाकर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने उनके उज्ज्वल एवं प्रेरणादायी सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी शुभकामनाएं दीं।

# उत्कृष्ट व्यवसायी सम्मान समारोह का आयोजन अगले माह (jcci)

**समाज जागरण**
जबलपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा तीसरी बार नरिंदर सिंह पांधे जी को परिवहन प्रकोष्ट का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर चेम्बर अध्यक्ष प्रेम दुबे, चेम्बर चेयरमेन कमल ग्रोवर एवं उपस्थित कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा श्री पांधे जी को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया और साथ ही आगामी माह में आयोजित होने वाले उत्कृष्ट व्यवसायी सम्मान समारोह पर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें युवा आर्किटेक्ट, इंजीनियर, बिल्डर्स और इंटीरियर डिजाइनर के लिए Gen z AECI-2026 पुरुस्कार समारोह का आयोजन शीघ्र ही करने जा रहा है। यदि आपने जबलपुर क्षेत्र में कुछ प्रगतिशील और कुछ अदभुत किया है जो जबलपुर के विकास में योगदान देता है तो इस कार्यक्रम में नामांकन के लिए आप अपना नाम




भेज कर पुरुस्कार और प्रशंसा प्राप्त करें। इस आयोजन का हिस्सा बनने के लिए आपकी उम्र 45 वर्ष से कम होनी चाहिए।
कृपया नीचे दिए गए हमारे व्हाटसएप नंबर पर अपनी विस्तृत जानकारी भेजें, जिससे हमारे जुरी मेंबर आपका आंकलन कर सकें।

**मोबाईल नं. 9202896559**
**जबलपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री।**

इस बैठक में जबलपुर चेम्बर के श्री कमल ग्रोवर, राधेश्याम अग्रवाल, प्रेम दुबे, अजय अग्रवाल, अजय बख्तावर, नरिंदर सिंह पांधे, पंकज माहेश्वरी, बलदीप सिंह मैनी, सतीश जैन, सुकुमाल जैन, मुकेश अग्रवाल बंसाला, रजनीश त्रिवेदी, दीपक नौगरयया, दीपक जैन, राजीव बडेरिया, दीपक सेठी, राकेश श्रीवास्तव, भीमलाल गुप्ता, अरुण पवार, संदेश जैन, जितेन्द्र पचौरी, विनीत गोकलानी, राजा सराफ, गुरमीत सिंह छाबड़ा, मुनींद्र मिश्रा, मुकेश प्यासी, रवि गुप्ता (मनेरी उद्योग संघ), शशिकांत पांडेय, अनिल अग्रवाल सीए, अभिषेक ओसवाल, उमेश ग्रावकर आदि कार्यकारिणी की बैठक में उपस्थि थे।

# पुलिस में चार चोर पकड़े कब्जे से 12 बोरी कांच और ई रिक्शा बरामद।

**समाज जागरण**
फिरोजाबाद। थाना रामगढ़ पुलिस ने चार चोरों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने उनके कब्जे से 12 बोरी कांच और ई रिक्शा बरामद कर जेल भेजा है। थाना रामगढ़ के अजमेरी गेट निवासी मुस्ताक अख्तर पुत्र मोहम्मद इसहाक




ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट मे कहा कि उसके गोदाम से 10 अप्रैल की रात्रि में 12 बोरी कांच चोरी हो गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही थी। कि तभी उन्हें सूचना मिली थाना रामगढ़ के भीकनपुर तिराहे के समीप कुछ लोग खड़े हैं पुलिस ने तुरन्त वहां जाकर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया और उनसे पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कर लिया पुलिस ने उनकी निशान देही 12 बोरी कांच और चोरी में प्रयुक्त ई रिक्शा बरामद कर लिया है पुलिस ने चारों को जेल भेजा है।

# उच्च तापी विद्युत करंट लगने से युवक की मौत

- परिजनों ने लगाया लाइनमैन पर लापरवाही का आरोप
- गुस्साये ग्रामीणों ने लगाया जाम यातायात बाधित।

**समाज जागरण**
फिरोजाबाद। थाना जसराना क्षेत्र के सराय मटियारी मैं रविवार की प्रातः उच्च तापी विद्युत करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई गुस्साए ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। सूचना पर अधिकारी मौके पर पहुंचे काफी देर समुझाने



के बाद मामला शांत कराते हुए जाम खुलवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।
थाना जसराना के गांव सराय मटियारी निवासी 19 वर्षीय सोनू शाक्य पुत्र गिरीश चंद्र रविवार की प्रातः खेत पर चरी काटने के लिए गया था वह चरी लेकर घर लौट रहा था। की तभी 11 000 हजार विद्युत लाइन तार से छुब गया जिसके फल स्वरुप उसे जोर दार करंट लग गया उसकी चीख निकल गई और कुछ ही देर में उसने दम तोड़ दिया चीख सुन लोगों का हुजूम एकत्रित हो गया इधर घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए इधर गुस्साए लोगों ने लाइनमैन पर रुपए मांगने का आरोप लगाते हुए शव को शिकोहाबाद एटा मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी मय फोर्स के घटना स्थल पहुंच गए इधर विद्युत अधिकारी भी मौके पर पहुंचे गुस्साए लोगों ने जमकर नारेबाजी की जाम करीब 3 घंटे तक लगा रहा दोनों तरफ का मार्ग अवरुद्ध हो गया अधिकारियों ने बड़ी मशक्कत के बाद लोगों को समझा बुझाकर शांत किया और आश्वासन दिया कि दोषी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी और सरकार द्वारा जो भी मदद होगी वह दी जाएगी तब जाकर जाम खुला पुलिस शव को लेकर जिला अस्पताल आई है। जहां शव को विच्छेदन गृह में रखवा दिया है।

# भारत में टेबल टेनिस का उज्ज्वल भविष्य

**अनम परवीन ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल**
रायपुर (छत्तीसगढ़) क्या आप जानते हैं कि भारत ने हाल के वर्षों में टेबल टेनिस जैसे खेल में भी विश्व स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है? यह सर्वविदित है कि टेबल टेनिस चीन का प्रमुख खेल है और उसने ओलंपिक में इस खेल में सर्वाधिक पदक हासिल किए हैं। ऐसे में भारत का इस क्षेत्र में आगे बढ़ना एक सकारात्मक संकेत है।
विशेषज्ञों के अनुसार टेबल टेनिस न केवल एक मनोरंजक खेल है, बल्कि यह मानसिक और शारीरिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह खेल हमारी प्रतिक्रिया क्षमता (रिएक्शन टाइम) को तेज करता है, बेहतर रणनीति बनाने में मदद करता है और स्मरण शक्ति को भी मजबूत बनाता है।



भारत में अभी यह खेल क्रिकेट जितना लोकप्रिय नहीं है, लेकिन इसके बावजूद कई खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। मनिका बत्रा, शरथ कमल और श्रीजा अकुला जैसे खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक अपने नाम किए हैं। मनिका बत्रा को भारतीय टेबल टेनिस की अग्रणी खिलाड़ी माना जाता है, जिन्होंने देश को नई पहचान दिलाई है।
दुर्भाग्य की बात यह है कि हमारे देश में क्रिकेट को जितनी लोकप्रियता मिलती है, उतना सम्मान अन्य खेलों को नहीं मिल पाता। जब कोई क्रिकेटर उपलब्धि हासिल करता है तो पूरे देश में उत्सव जैसा माहौल बनता है, जबकि अन्य खेलों के खिलाड़ी अपेक्षाकृत कम चर्चा में आते हैं। हमें सभी खेलों को समान महत्व देने की आवश्यकता है।
जब मैंने स्वयं टेबल टेनिस खेलना शुरू किया, तो मुझे भी यह आसान लगा। लेकिन जैसे-जैसे मैंने इसे सीखा, मुझे समझ आया कि यह खेल जितना सरल दिखता है, उतना है नहीं। इसमें निरंतर अभ्यास, एकाग्रता और मेहनत की आवश्यकता होती है। इसलिए किसी भी खेल को कम आंकना उचित नहीं है। मेरा विश्वास है कि आने वाले दस वर्षों में भारत में टेबल टेनिस को और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। नए खिलाड़ी उभरेंगे और यह खेल भी लोकप्रियता के नए आयाम स्थापित करेगा। अंततः मैं यही कहना चाहूंगी कि यदि हम बदलाव की सोच रखें और धैर्य के साथ प्रयास करें, तो निश्चित रूप से सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

# दिव्य मंगल कलश यात्रा से आगाज होगा राष्ट्र हनुमंत कथा (डा उदय प्रताप सिंह)

## सामाजिक व्यापारिक और धार्मिक संगठनों को सौंपी गई जिम्मेदारी

**समाज जागरण**
प्रयाग उत्थान समिति के द्वारा आयोजित होने वाले बाबा बागेश्वर धाम पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी राष्ट्र हनुमंत कथा की तैयारी बैठक चौधरी गार्डन में आयोजित किया गया इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष कार्यक्रम के मुख्य आयोजक डा उदय प्रताप सिंह ने कहा कि दिव्य मंगल कलश यात्रा के साथ
राष्ट्र हनुमंत कथा का आगाज किया जाएगा जिसका परमिशन शासन एवं जिला प्रशासन के द्वारा निर्धारित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में सुप्रसिद्ध संत महंत कथा वाचक और सिने जगत और भोजपुरी फिल्म जगत के और रामायण और महाभारत सीरियल के कई कलाकार अभिनेता और अभिनेत्री शामिल होंगे। और कहा कि यह आयोजन पूर्ण रूप से सार्वजनिक आयोजन है जिसमें किसी भी प्रकार से पास की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की गई लेकिन सभी को सुविधा पूर्ण बैठने का इंतजाम किया जा रहा है और कथा प्रथम दिवस 21 अप्रैल को बाबा बागेश्वर धाम पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी की कथा के साथ दिव्य दरबार लगाया जाएगा। इस अवसर पर समिति के महामंत्री अभिषेक ठाकुर ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि प्रयागराज के कई सामाजिक, धार्मिक व्यापारिक संगठनों को
मंगल कलश यात्रा और हनुमंत कथा की सेवा कार्य को लेकर जिम्मेदारी सुनिश्चित किया और बताया कि मंगल कलश यात्रा में
रामायण सीरियल के सांसद राम अरुण गोविल सीता दीपिका और लक्ष्मण सुनील लहरी शामिल होंगे और 5100 महिलाएं मंगल कलश यात्रा में शामिल होंगे और भारी संख्या में भक्त गण शामिल रहेंगे इसके अलावा संतरगी छंटा में हनुमान जी की दिव्य झांकी, पुणे का धमाल मेरठ का बैंड बाजा,11 घोड़े पर सवार घुडसवार 200 भगवा छायादार छाता और दर्जनों झांकियां शामिल होंगी। और आगे कहा कि मंगल कलश यात्रा 20 अप्रैल को सुबह 9 बजे जमुना क्रिश्चियन इंटर कालेज मैदान से शुभारंभ किया जाएगा 4 खंडों में विभाजित किया गया है और यात्रा मार्ग को भगवा झंडों से सजाया जाएगा और यात्रा मार्ग के मुख्य चौराहे पर स्वागत द्वार और स्वागत मंच बनाए जाएंगे। यात्रा गऊघाट पुलिस चौकी, मुट्ठीगंज छोटा चौराहा मुट्ठीगंज बड़ा चौराहा राम भवन सुलाकी चौराहा मानसरोवर चौराहा चंद्रलोक चौराहा से होते हुए पथरचट्टी रामलीला मैदान में संपन्न होगी।
संचालन राजेश केसरवानी ने किया।
कार्यक्रम के दौरान मुट्ठीगंज रोशनी कमेटी के उमेश चंद्र केसरवानी, सतीश केसरवानी और अन्य सामाजिक धार्मिक व्यापारिक संगठनों के प्रमुखों ने डा उदय प्रताप सिंह को तलवार और गदा भेंट कर स्वागत किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर घायल

**समाज जागरण**

कांधला। कस्बा निवासी एक बाइक सवार युवक अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का शामली के एक निजी चिकित्सालय में उपचार जारी है। रविवार को कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी योगेश कुमार किसी कार्य से दिल्ली-सहारनपुर हाईवे स्थित भरासी गेट की ओर जा रहा था। जैसे ही वह पेट्रोल पंप के पास पहुंचा, तभी एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने घायल को कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।घायल का फिलहाल शामली के एक निजी चिकित्सालय में उसका इलाज चल रहा है। समाचार लिखे जाने तक इस संबंध में कोई तहरीर नहीं दी गई है।

## बेसहारा गोवंश से टकराकर बाइक सवार दो युवक घायल

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव जिडाना के निकट बेसहारा गोवंश की चपेट में आकर बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस के कर्मियों ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। रविवार को थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी आकाश पुत्र जयपाल और राहुल पुत्र जिले सिंह बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से हरियाणा अपने



रिश्तेदारी में जा रहे थे।बाइक सवार जैसे ही गांव जिडाना के पास पहुंचे तो बाइक सड़क पर घूम रहे हैं गोवंश से टकरा गई और दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घायलों की चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और दोनों घायलों को जिला अस्पताल लेकर चले गए।

## नाबालिग को अगवा करने का प्रयास, दो युवकों पर मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने अपनी नाबालिग बेटी को जबरन उठाने के प्रयास का आरोप गांव के ही एक युवक और उसके साथी पर लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पीड़ित पिता के अनुसार, उसकी नाबालिग बेटी को कुछ समय पूर्व गांव निवासी युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था। बाद में किसी तरह वह आरोपियों के चंगुल से निकलकर घर लौट आई थी। आरोप है कि अब वही युवक अपने एक साथी के साथ मिलकर दोबारा उसकी बेटी को जबरन उठाने की कोशिश कर रहा है और परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी नितिन कस्बा तीतरो जनपद सहारनपुर सहित एक अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया जल्दी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## बच्चों के विवाद मे महिलाओं में मारपीट,महिला का कान फटा

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव किवाना में बच्चों के बीच हुई कहासुनी के बाद मारपीट हो गई।देखते ही देखते दो महिलाओं के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट की नौबत आ गई, जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।रविवार को गांव किवाना निवासी रेशमा पत्नी कामिल ने बताया कि पड़ोस की महिला उसके परिवार के एक बच्चे के साथ मारपीट कर रही थी। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी महिला ने उस पर भी हमला कर दिया। आरोप है कि



मारपीट के दौरान उसके कान पर गंभीर चोट लगी, जिससे उसका कान फट गया।घायल महिला के परिजनों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में मेडिकल परीक्षण के लिए भर्ती कराया। उसके बाद महिला ने अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर तहरीर दी है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है और मामले की जांच में जुटी हुई है।

## 19 अप्रैल को मनाई जाएगी भगवान परशुराम की जयंती

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) अखिल भारत वर्षीय ब्रहमण महासभा द्वारा आगामी 19 अप्रैल को भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम एवं श्रद्धापूर्वक मनाई जायेगी। शहर के चौधरी चरण सिंह बारातघर में हवन यज्ञ और विचार गोष्ठी के साथ विशाल भंडारों का आयोजन होगा।

रविवार को कार्यक्रम आयोजक ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि अखिल भारत वर्षीय ब्रहमण महासभा द्वारा आगामी 19 अप्रैल को संस्था द्वारा प्रथम भगवान



परशुराम की जयंती मनाई जायेगी। यह कार्यक्रम चौधरी चरण सिंह बारातघर में होगा। सवेरे 10 बजे हवन यज्ञ होगा, जिसके बाद दोपहर 12 बजे विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष बीड़ी शर्मा, शिवमोहन शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष पंडित त्रिभून शर्मा, अंजू अग्निहोत्री, लोकेश वत्स, राकेश शर्मा रहेगे। उन्होने सभी समाज के लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने का आहवान किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश शर्मा, डॉ उनेन्द्र शर्मा, पंडित राजकुमार शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, विकास शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पन्द्रह दिन में उखड़ी नवनिर्मित सड़क, ग्रामीणों का प्रदर्शन

**-घटिया निर्माण पर हंगामा, जांच की मांग—जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हुई तो होगा बड़ा आंदोलन**

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

विकासखंड की ग्राम पंचायत गंगेरू के मजरा गढ़ी मियां में लाखों रुपये की लागत से निर्मित आरसीसी सड़क महज 15 दिन में ही बदहाल हो गई। सड़क की परतें उखड़ने और जगह-जगह दरारें पड़ने से ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज ग्रामीणों ने ठेकेदार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और निर्माण कार्य में हुई लापरवाही के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। रविवार को ग्रामीणों ने बताया की,सड़क निर्माण कार्य में शुरू से ही अनियमितताएं बरती गईं। मानकों को ताक पर रखकर घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया, जिसके चलते सड़क इतनी जल्दी खराब हो गई। ग्रामीण इरफान ने बताया कि गांव के लोग करीब दो दशक से सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। बड़ी उम्मीदों के साथ यह सड़क बनाई गई थी, लेकिन कुछ ही दिनों में इसकी गुणवत्ता की पोल खुल गई। उन्होंने कहा कि सड़क की ऊपरी परत हाथ लगाने भर से उखड़ रही है, जिससे ठेकेदार की कार्यशैली पर



गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीण कौशर ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता की जांच नहीं की गई और जिम्मेदार अधिकारियों ने भी निगरानी में लापरवाही बरती। उन्होंने कहा कि यदि कार्य की सही तरीके से मॉनिटरिंग होती, तो इतनी बड़ी खामी सामने नहीं आती। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार हुआ है, जिसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सड़क का पुनर्निर्माण नहीं कराया गया तो तहसील और जिला मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि एक टीम गठित कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदार व संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान हंगामा प्रदर्शन करने में दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। ग्राम प्रधान पति राशिद जंग का कहना है कि यह राजनीतिक षड्यंत्र है उनके विरोधी जानबूझकर सड़क उखाड़ कर उनकी छवि धूमिल करने में लगे हुए हैं।मामला उनके संज्ञान में नहीं है अगर ठेकेदार सहित किसी ने भी सड़क में घटिया सामग्री लगाई है तो उनके विरुद्ध कार्रवाई कराई जाएगी और सड़क की जांच करा कर दोबारा से मरम्मत कार्य कराया जाएगा।

## 40 करोड़ की संपत्ति पर चला बुलडोजर, पीड़ित ने दी आत्महत्या की चेतावनी

**पीड़ित व्यापारी ने अपना वीडियो वायरल कर कई लोगों पर लगाया आरोप, प्रशासन से लगाई मदद की गुहार**

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे के रेलवे रोड निवासी व्यापारी के पुत्र ने कस्बे के कई व्यक्तियों पर करीब 40 करोड़ रुपये मूल्य की अपनी संपत्ति पर जबरन कब्जा करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने न्यायालय के स्पष्ट स्थगन आदेश (स्टे) को दरकिनार करते हुए जेसीबी मशीन से जमीन पर तोड़फोड़ कर कब्जा कर लिया, जिससे वह और उनका परिवार दहशत मैं पीड़ित ने आत्महत्या की चेतावनी दी है।कस्बे के रेलवे मार्ग माता मंदिर निवासी दीपक अग्रवाल के पुत्र अजय अग्रवाल ने अपना एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए बताया उसकी संपत्ति को लेकर मामला न्यायालय में विचाराधीन है और अदालत द्वारा यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद कस्बे के कई आरोपियों ने कानून की अवहेलना करते हुए सुनियोजित तरीके से भारी मशीनरी के साथ मौके पर पहुंचकर जमीन को समतल कर कर दिया और कब्जे की नीयत से उसका बिजली का कनेक्शन व दुकान मकान क्षतिग्रस्त कर दिया । पीड़ित का आरोप है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई और मौके से भगा दिया गया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई, लेकिन समय पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन द्वारा शीघ्र सख्त कदम नहीं उठाए गए तो वह आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठाने के लिए विवश होंगे। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि ऐसी स्थिति में उनकी मौत के लिए संबंधित आरोपी ही जिम्मेदार होंगे। गौरतलब है कि यह मामला नया नहीं है। इससे पूर्व पीड़ित के पिता दीपक अग्रवाल भी इन्हीं आरोपियों के खिलाफ आवाज उठा चुके हैं। कई वर्ष पहले उन्होंने आरोप लगाया था कि कुछ लोग उनके कारोबार में लगातार बाधाएं उत्पन्न कर रहे हैं और उनकी संपत्ति पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। उस दौरान उन्होंने विरोध स्वरूप अपने मकान पर पलायन के पोस्टर तक चस्पा किए थे, जिससे यह मामला चर्चा का विषय बना था।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि न्यायालय के आदेशों का भी खुलेआम उल्लंघन होने लगेगा तो आम नागरिकों का कानून पर से विश्वास उठ जाएगा। फिलहाल पीड़ित व्यापारी के पुत्र का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## कृष्णा गार्डन में मनाई गई महर्षि कश्यप एवं महाराजा निषादराज जयंती

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) संयुक्त कश्यप महासभा के तत्वावधान में रविवार को शहर के माजरा रोड स्थित कृष्णा गार्डन में महर्षि कश्यप एवं महाराजा निषादराज जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर समाज की एकजुटता का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने महर्षि कश्यप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि महर्षि कश्यप भारतीय संस्कृति के महान ऋषि थे, जिन्होंने मानव सभ्यता के विकास में अहम योगदान दिया। वहीं महाराजा निषादराज की निष्ठा, मित्रता और सेवा भाव आज भी प्रेरणादायक है। संयुक्त कश्यप महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप ने कहा कि महर्षि कश्यप जयंती समाज की आस्था, पहचान और गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने समाज को एकजुट होकर अपने उत्थान के लिए कार्य करने का आह्वान किया और सनातन संस्कृति के संरक्षण पर बल दिया। इस दौरान उन्होंने समाज की राजनीतिक भागीदारी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा





कि कश्यप समाज की संख्या अधिक होने के बावजूद उसे अपेक्षित प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है, जिससे समाज में असंतोष है। साथ ही उन्होंने आरक्षण से जुड़े मुद्दों पर भी सरकार से सकारात्मक पहल की मांग की। कार्यक्रम में एमएलसी वीरेंद्र सिंह, एमएलसी मोहित बेनीवाल, पूर्व विधायक तेजेंद्र निर्वाल, चेयरमैन अरविंद संगल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनीष चौहान, जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप ने कार्यक्रम को संबोधित किया। महासभा के पदाधिकारियों ने बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा से ही समाज में जागरूकता और सशक्तिकरण संभव है। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप ने की। उन्होंने कहा कि शिक्षा, नशामुक्ति और सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन से ही समाज का समग्र विकास संभव है। कार्यक्रम का संचालन रेखा चौहान व डॉ. राजीव कश्यप ने संयुक्त रूप से किया।

## कराटे एसोसिएशन ऑफ शामली चौंपियनशिप का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) कराटे एसोसिएशन ऑफ शामली द्वारा जिला स्तरीय कराटे चौंपियनशिप का आयोजन अवेंजर फाइट क्लब में किया गया। प्रतियोगिता में जिलेभर के खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए अपने-अपने भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवांश भार्गव ने बताया कि प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय कराटे चौंपियनशिप के लिए किया गया है, जो 24 से 26 अप्रैल तक लखनऊ



के चौक स्टेडियम में आयोजित होगी। आयोजन प्रबंधक ऋषभ कांत शर्मा ने चौंपियनशिप का सफल संचालन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में अद्रिका मलिक, सृष्टि दीक्षित, अनाया सिंह, सनाया प्रजापति, वन्या भारद्वाज, अभिनव शर्मा, शौर्य वर्मा, वीर वर्मा, आदित्य राठी, कुंज पाल, अथर्व सिंह, देवांश चौहान, अंश चौहान, युवराज शर्मा, युवान भारद्वाज, अद्विक सिंह और आरव चौधरी शामिल रहे। वहीं द्वितीय स्थान पर रियांश गर्ग और राघव शर्मा रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

## कच्ची शराब के साथ मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण**

कांधला। मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम एवं अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देश पर जिलेभर में अवैध शराब की तस्करी और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी



कैराना हेमंत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी रक्षक सतीश कुमार व पुलिस टीम ने कार्रवाई की। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शराब तस्करी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया,पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान नदीम पुत्र राशिद निवासी मोहल्ला गुजरान, के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। आरोपी पर पूर्व मे कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी का चालान कर दिया है।कार्रवाई में उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार वर्मा, हेड कांस्टेबल नितिन राणा और कांस्टेबल राजीव कुमार शामिल रहे।

## जन सेवा केंद्र संचालक से मारपीट, पिता-पुत्र गिरफ्तार

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के मलकपुर रोड स्थित एक जन सेवा केंद्र संचालक के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। थाना क्षेत्र की हमजा कॉलोनी निवासी जावेद पुत्र अब्दुल बासित मलकपुर रोड पर जन सेवा केंद्र संचालित करता हैं। पीड़ित के अनुसार, बीते मंगलवार को मोहल्ले का ही तस्लीम किसी कार्य से प्रिंट आउट निकलवाने केंद्र पर पहुंचा




था।किसी कारणवश प्रिंट आउट देने से मना करने पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई।आरोप है कि इसके बाद तस्लीम ने अपने पुत्र मोईन, मुरसलीन व एक अन्य सदस्य को मौके पर बुला लिया। सभी ने मिलकर जावेद के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। घायल ने सरकारी अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। रविवार को पुलिस ने आरोपी तस्लीम व उसके पुत्र मोईन को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## जसाला में भाजपा की हुंकार: दिनेश शर्मा का विपक्ष पर तीखा प्रहार

**महिला आरक्षण को बताया ऐतिहासिक फैसला, बंगाल सरकार पर साधा निशाना**

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

क्षेत्र के गांव जसाला स्थित भाजपा एमएलसी चौधरी वीरेंद्र सिंह के फार्म हाउस पर आयोजित विशाल जनसभा में पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने पश्चिम बंगाल की सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि वहां भाजपा की सरकार बनते ही ममता बनर्जी की मनमानियों पर पूरी तरह रोक लग जाएगी।रविवार को आयोजित जनसभा में भारी संख्या में पहुंचे कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पूर्व डिप्टी सीएम डॉ.दिनेश शर्मा ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस की सरकार जनता को गुमराह कर रही है, लेकिन अब जनता सब समझ चुकी है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में पश्चिम बंगाल में परिवर्तन निश्चित है।संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के बयान का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि वह जो भी कहते हैं, वह तथ्यों पर आधारित



होता है। उन्होंने कहा कि हिंदू कोई संकीर्ण परिभाषा नहीं, बल्कि एक जीवन शैली है, जो सभी को साथ लेकर चलने और विश्व कल्याण की भावना से जुड़ी है।महिला आरक्षण विधेयक को लेकर डॉ. शर्मा ने कहा कि यह देश की महिलाओं को मिला अब तक का सबसे बड़ा अधिकार है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार महिलाओं को राजनीति में बराबरी की भागीदारी सुनिश्चित करने का रास्ता साफ हुआ है, जिससे लोकसभा और विधानसभाओं में उनकी उपस्थिति बढ़ेगी। विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर निर्णय का विरोध करना विपक्ष की आदत बन चुकी है, लेकिन जनता अब उनके बहकावे में नहीं आने वाली।कार्यक्रम में केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए पूर्व की सपा, बसपा और कांग्रेस सरकारों पर भी निशाना साधा।जनसभा की अध्यक्षता चौधरी वीरेंद्र सिंह ने की। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष रामजीलाल कश्यप, मनीष चौहान, पूर्व विधायक तेजेंद्र निर्वाल, कोमल सैनी, हरबीर सिंह मलिक, सुनील भराला, मोहित बेनीवाल समेत कई नेताओं ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकताओं की मौजूदगी रही।

## भारतीय विद्यार्थी संगम ने 500 बच्चों को वितरित की निशुल्क कॉपियां

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) भारतीय विद्यार्थी संगम के तत्वावधान में कॉपी वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 500 विद्यार्थियों को निशुल्क कॉपियां वितरित की गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चेयरमैन अरविन्द संगल, ललित बिंदल कार्यक्रम की अध्यक्षता अरविंद द्दष्टा महाराज रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर अरविंद द्दष्टा जी महाराज ने कहा कि विद्यार्थियों को कॉपी वितरण करना सच्ची सेवा का कार्य है, जिससे शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ती है। विशिष्ट अतिथि चेयरमैन अरविंद संगल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए बेहद



लाभकारी हैं और इससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती है। इस दौरान 500 बच्चों को कॉपियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सत्र संयोजक अनुज जैन, अध्यक्ष अनुराग जैन, सचिव मनीष भटनागर, कोषाध्यक्ष वैभव संगल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा अजय जैन, अनिल बंसल, प्रदीप बंसल, प्रदीप शर्मा, सतेंद्र शर्मा, मनोज धीमान, अंकित गोयल, डॉ. अर्जुन वर्मा, नीरज वशिष्ठ, ऋषभ जैन, संजय जैन, सुधीर सिंगला, अरविंद कौशिक, विजय शर्मा, विजय गोयल, दिव्या प्रभाकर, रामावतार मौजूद रहे।

## संत शिरोमणि श्री सैन महाराज की 727 वी जयंती समारोह का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के हिन्दू कन्या इंटर कालेज में रविवार को संत शिरोमणि श्री सैन महाराज की 727 वी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्य मक्रम में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं, गणमान्य लोगों और अनेकों परीक्षाओं में फसल हुए युवाओं को सम्मानित किया गया।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उद्योगपति कमल सिंह ने किया। विशिष्ठि अतिथि भोपाल सिंह जाफरपुर, धर्मपाल सिंह, महिपाल सिंह दिल्ली, मांगेराम ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होने कहा कि समाज के उत्थान के लिए सैन समाज समिति लंबे समय से कार्य कर रही है। आज आवश्यकता है कि समाज का प्रतिनिधित्व प्रदेश और केन्द्र की स-



रकारों में होना चाहिए, जिसके लिए सभी को विचार विमर्श करने की आवश्यकता है। उन्होने समाज की एकजुटता पर जोर दिया। इस दौरान समाज के मेधावी बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और विभिन्न परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए युवाओं अखिल कुमार नकुड को संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में चयन होने पर सैन गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अलावा आशीष कुमार, सचिन प्रताप सिंह, अन्नू, तथा डा. जितेन्द्र सिंह द्वारा देहदान करने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, पवन कुमार पवन, संजीव पंवार, विनोद सैन, दीपक पंवार, ब्रिजेश कुमार, कमलकांत सरोहा, हरिओम सैन आदि मौजूद रहे।

# बागपत की बेटी तान्या चौधरी को मिला रानी लक्ष्मीबाई अवार्ड, केटी विंग ने किया भव्य सम्मान



**समाज जागरण**

बागपत। बागपत की प्रतिभाशाली बेटी और इंटरनेशनल हैमर थ्रो खिलाड़ी तान्या चौधरी को रानी लक्ष्मीबाई अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर केटी विंग ने तान्या चौधरी का भव्य सम्मान किया। तान्या चौधरी ने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व दो बार किया है - जर्मनी और चीन में। उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें रानी लक्ष्मीबाई अवार्ड से सम्मानित किया गया है। तान्या चौधरी के स्वागत में एक भव्य रैली निकाली गई। उन्हें पेरीफेरल से रिसीव किया गया और केटी स्टेडियम में सम्मानित किया गया। इसके बाद गांव फखरपुर में सम्मान समारोह हुआ, जहां ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने उनका अभिनंदन किया। केटी भैया ने कहा, "बागपत जिले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए हमें ऐसे खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना होगा। केटी विंग हमेशा उभरते हुए खिलाड़ियों के साथ खड़ा रहेगा। तान्या चौधरी के पिताजी का भी सभी ने सम्मान किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर ग्राम प्रधान दिनेश चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष जय किशोर, मित्तन पहलवान, सतपाल प्रधान, रामअवतार चेयरमैन, दिनेश त्यागी, नीरज त्यागी, विजय चौधरी, अंकित, आर.डी. उपाध्याय, दीपक धामा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब बागपत के अध्यक्ष बने डॉ महेंद्र सिंह धामा



**समाज जागरण**

बागपत। लायंस क्लब बागपत की एक बैठक नगर के वात्सायन पैलेस में हुई। इसमें सर्वसम्मति से वर्ष 2026-27 लायनिस्टिक वर्ष के लिए नई कार्यकारिणी का चयन किया गया।

बैठक में वर्तमान कार्यकारिणी द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा के बाद सभी का सर्व सम्मति से चयन किया गया। अध्यक्ष डॉ महेंद्र सिंह धामा, प्रथम उपाध्यक्ष लायन महबूब द्वितीय उपाध्यक्ष लायन डॉ महेश कुमार शर्मा, सचिव लायन विजयपाल यादव, उप सचिव प्रमोद प्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष लायन जितेंद्र कुमार, संयुक्त कोषाध्यक्ष लायन विनोद कुमार शर्मा, मीडिया प्रभारी लायन नीरज नैन, लाइन टेमर लायन राजेंद्र सिंह यादव, टेल ट्विस्टर लायंस समय सिंह, मेंबरशिप चेयरपर्सन लायन राजपाल शर्मा, सदस्य लायन एमजेएफ गजेंद्र सिंह बली, सदस्य लायन एमजेएफ डॉ स-ुरेश कौशिक, क्लब एडमिस्ट्रेटर लायन अजय शर्मा, सर्विस चेयरपर्सन लायन श्रद्धानंद त्यागी, एलसीआई कोऑर्डिनेट लायन अरविंद गोयल, सदस्य लायन कुलदीप गोस्वामी, मार्केटिंग चेयरपर्सन लायन पदम सिंह चौहान, सदस्य लायन अश्वनी गोयल, सदस्य लायन गौरव गुप्ता को बनाया गया। बैठक की अध्यक्षता लायन अजय शर्मा ने की। नए अध्यक्ष लायन महेंद्र सिंह धामा ने कहा कि वे लायंस क्लब बागपत की सेवा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बागपत जिले में सामाजिक, शैक्षिक, स्वास्थ्य और पर्यावरण संबंधी सेवाओं को प्राथमिकता देंगे।

# श्री खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव के लिए किया भूमि पूजन



**समाज जागरण**

बागपत। नगर के सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज में आगामी 14 अप्रैल को सोनीपत धाम के प्रधान राकेश मित्तल के सानिध्य में शाम सवा पांच बजे से श्री खाटू श्याम जी के चौथे विशाल संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जायेगा। इसको लेकर श्याम प्रेमियों ने संकीर्तन महोत्सव स्थल पर भूमि पूजन किया। ठाकुरद्वारा मंदिर के पुजारी पंडित कृष्णानंद शास्त्री ने विधि-विधान व मंत्रोचार के साथ पूजन कार्य संपन्न कराया। बताया कि 13 अप्रैल को शाम सवा चार बजे ठाकुर द्वारा मन्दिर बागपत से भव्य निशान यात्रा निकाली जायेगी, जो शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई उत्सव स्थल पर पहुँचेगी। 14 अप्रैल को संकीर्तन में श्री खाटू श्याम का भव्य दरबार, छप्पन भोग, अखण्ड ज्योति, इत्र व पुष्प वर्षा व श्याम रसोई मुख्य आकर्षण का केन्द्र होगी। संकीर्तन में ब्रज रसिका अनुरागी पूर्णिमा जी पूनम दीदी श्रीधाम वृंदावन बरसाना, शिवम इंटरनेशनल म्यूजिक ग्रुप दिल्ली, शर्मा सिस्टर्स कानपुर, बॉलीवुड सिंगर सारेगामा-पा विनर मुंबई रीतिक गुप्ता भाग लेंगे। मंच का संचालन गुलशन खन्ना कांधला द्वारा किया जाएगा। विभिन्न टीवी चैनलो व सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर संकीर्तन का लाईव प्रसारण किया जायेगा। इस मौके पर प्रकाश चौधरी, गौरव गोयल, अमित चंदोरिया, लविंद्र गोपाल जी, अंकित गुप्ता, कृष्ण प्रजापति, विवेक गोयल, नीरज वर्मा, गौरव गुप्ता, सुनील गर्ग, हिमांशु गुप्ता आदि श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

# डॉक्टरों से पहले पुलिस आएगी, तभी मिलेगी जिंदगी की मोहलत

**समाज जागरण**

बागपत। जिला अस्पताल में शनिवार को घायल मजदूर मोबीन और तौशीन तड़पते रहे और दर्द होने पर चिल्लाते रहे, मगर चिकित्सक वहां पुलिस के आने का इंतजार करते रहे। घायलों के परिजन चिकित्सकों के आगे हाथ जोड़ते रहे, तब भी चिकित्सकों का दिल नहीं पसीजा। जब परिजनों ने हंगामा किया तो चिकित्सकों ने दोनों घायलों का उपचार शुरू किया। खेड़ा इस्लामपुर गांव में ईंट भट्ठे पर सहारनपुर के हज्जीपुर निवासी मोबिन व तौशीन परिजनों के साथ ईंट पथाई का काम करते हैं। शनिवार सुबह वहां ट्रैक्टर हटाने को लेकर मजदूरों के दो पक्षों में झगड़ा हो गया। इसमें दो मजदूर मोबिन व तौशीन गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों के पहुंचने पर उनको देखकर आरोपी वहां से भाग गए। परिजनों ने एंबुलेंस को फोन किया और घायलों को सरूरपुर सीएचसी में लेकर पहुंचे। वहां से बड़ौत थाना क्षेत्र का मामला बताते हुए जिला अस्पताल भेज दिया गया। परिजन जब जिला अस्पताल में घायलों को लेकर पहुंचे तो वहां चिकित्सकों ने उपचार करने से मना कर दिया। घायलों को स्ट्रेचर पर लेटा दिया गया और घायल तड़पते रहे, लेकिन चिकित्सकों ने उपचार शुरू नहीं किया। चिकित्सक बार-बार पुलिस थाने में पहले शिकायत दर्ज कराने और पुलिस के अस्पताल में आने पर उपचार करने की बात कहते रहे। घायलों के साथ आया उनके परिवार का सदस्य उस्मान काफी देर तक चिकित्सकों के सामने हाथ जोड़ता रहा, लेकिन वे नहीं माने और वापस सरूरपुर सीएचसी व बड़ौत लेकर जाने की बात करते रहे। जब परिजनों ने हंगामा शुरू किया तो आधा घंटे के बाद चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। बाद में परिजनों ने बड़ौत थाने में शिकायत दी। जांच अधिकारी दीक्षित त्यागी का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है और उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। मारपीट के मामले में पुलिस थाने की रिपोर्ट जरूरी होती है, इसलिए चिकित्सक बिना पुलिस रिपोर्ट के उपचार नहीं करते हैं। घायलों का 15 से 20 मिनट बाद उपचार शुरू कर दिया गया था।

-डॉ. अनुराग सीएमएस जिला अस्पताल

# श्री हनुमान जागरण महोत्सव एवं विशाल भंडारे का आयोजन





**समाज जागरण**

शामली।(, फुरकान जंग)शहर के माजरा रोड स्थित एक बारातघर में श्री जय हनुमान सेवा मंडल द्वारा 22वां विशाल श्री हनुमान जागरण महोत्सव एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बाहर से आये प्रसिद्ध भजन गायकों ने श्री हनुमान के भजनों पर श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया।

शनिवार देर रात शहर के माजरा रोड स्थित शौर्य पैलेसे में आयोजित 22वे विशाल हनुमान जागरण महोत्सव का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल पत्नी मीनू संगल द्वारा संयुक्त रूप से द्वीर प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान बिजनौर से आई भजन गायिका आकांक्षा मित्तल, उ-डीसा से आई सभांगी सोनी, दिल्ली से गौरव हनी ने सुंदर भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। इस दौरान श्री हनुमान का आलौकिक श्रृंगार किया गया। अखंड ज्योत और छप्पन भोग लगाया गया। हनुमान सेवा मंडल के संयोजक पवन गोयल ने बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक माह 18 परिवारों को राशन वितरण किया जाता है और सभी के सहयोग से अब तक 343 कन्याओं का विवाह किया जा चुका है। जागरण के बाद महाआरती और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भाग लेकर श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ उठाया। मौके पर विपिन गोयल, योगेश तायल, खुशीराम अरोरा, शोभित बंसल, रजत गोयल, अशोक कोरियर, देवांश गोयल, तरूण, मयंक गोयल, संजीव कश्यप आदि मौजूद रहे।

# खेकड़ा में गौरव का ऐतिहासिक क्षण, बेटियों ने बढ़ाया समाज का मान



**समाज जागरण**

बागपत। खेकड़ा नगर के लिए आज का दिन अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय बन गया, जब स्वर्गीय संजय शर्मा निवासी मंडी गांधी गंज की प्रतिभाशाली पुत्रियों–वंशिका शर्मा (ऑफिस सुपरिंटेंडेंट) एवं निकिता शर्मा (ऑडिटर, सीजीडीए)–ने प्रतिष्ठित एसएससी, सीजीएल परीक्षा उत्तीर्ण कर एक नया इतिहास रच दिया। चौधरी पंडित नरेश शर्मा ने कहा, "आज हमारी बेटियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि अवसर, शिक्षा और सही मार्गदर्शन मिले, तो वे किसी भी ऊँचाई को छू सकती हैं। वंशिका और निकिता ने न केवल अपने माता-पिता का सपना पूरा किया है, बल्कि पूरे समाज के लिए एक नई प्रेरणा प्रस्तुत की है। बेटियों की इस उपलब्धि पर समाज में उत्साह का माहौल है और जल्द ही एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें वंशिका और निकिता को सम्मानित किया जाएगा।

# हिंदू युवा वाहिनी की बैठक में 2027 मिशन की रणनीति बनाई गई



**समाज जागरण**

बड़ौत। हिंदू युवा वाहिनी जनपद बागपत की एक बैठक हिंदू युवा वाहिनी जिला कार्यालय बड़ौत पर की गई, जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 2027 मिशन को लेकर चर्चा की गई। बैठक का संचालन जिला संगठन महामंत्री अमित सरोहा ने किया और अध्यक्षता हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष संजीव तोमर ने की।मुख्य वक्ता आलोक श-ास्त्री ने कहा कि मिशन 2027 उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए हिंदू युवा वाहिनी प्रत्येक नगर में प्रत्येक ब्लॉक में और ग्राम स्तर पर कार्य करेगी। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू युवा वाहिनी का प्रत्येक कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं हिंदू युवा वाहिनी के मुख्य संरक्षक योगी आदित्यनाथ महाराज का सपना पूरा करने के लिए काम करेगा।बैठक में छपरौली ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष मनमोहन जिंदल, बड़ौत ब्लॉक के अध्यक्ष मोहित उपाध्याय, बिनौली ब्लॉक के अध्यक्ष आकाश शर्मा, खेकड़ा ब्लॉक के अध्यक्ष आकाश त्यागी, जिला मंत्री राजीव भारद्वाज, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मलानिया, जिला सहसंयोजक रवि पालीवाल, नगर मंत्री शैंकी जैन, विजय वर्मा, अंकित वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# दिल्ली की हिना, बागपत का सिपाही श्रीकांत, 27 लाख की ठगी और जबरन धर्म परिवर्तन की कहानी

**समाज जागरण**

बागपत। एक पुलिसकर्मी के साथ जबरन धर्म परिवर्तन, ठगी और धमकी का मामला सामने आया है। खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र में तैनात डायल 112 के सिपाही को एक गैंग ने अपने जाल में फंसा कर 27 लाख की ठगी कर ली और धर्म परिवर्तन भी करवा दिया। 4 साल तक सिपाही प्रताड़ित रहा। दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी से आहत पुलिसकर्मी ने आत्महत्या करने की ठान ली। सीओ खेकड़ा रोहन चौरसिया के सही फैसले के कारण सिपाही की जान बच गई। आरोपी महिला गिरफ्तार कर ली गई है। उसके पति को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सिपाही बुलंदशहर जिले का रहने वाला श्रीकांत है। वर्तमान में खेकड़ा कोतवाली में तैनात है। इससे पहले वह गाजियाबाद में कार्यरत था, जहां उसकी पहचान दिल्ली की रहने वाली हिना से हुई थी। श्रीकांत का आरोप है कि हिना ने उसको दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर 27 लाख रुपये ऐंठ लिए। इस-के बाद भी उसने शिकायत कर जेल भिजवाने की धमकी दी।

**दबाव बनाकर करवाया धर्म परिवर्तन**

सिपाही का आरोप है कि डर का माहौल बनाकर उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया गया। उसने मजबूरी में अपना धर्म बदल लिया और उसका नाम बदलकर हारिश रख दिया गया। सिपाही के अनुसार, करीब चार वर्षों तक वह बदले हुए धर्म में रहा। इस दौरान हिना का पति आलम उसे कथित रूप से कई बार जमात में भी ले गया। जब उसने दोबारा अपने पुराने धर्म में लौटने की बात कही, तो उसे फिर से झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी जाती रही।

**सिपाही ने आत्महत्या करने का लिया फैसला**

खेकड़ा में तैनाती के बाद परेशान सिपाही हिना की बार-बार दी जाने वाली धमकी से परेशान था। उसने प्रताड़ित होकर परिवार सहित आत्महत्या का फैसला लिया। इसकी भनक सीओ रोहन चौरसिया को चली। उन्होंने सिपाही को बैठाकर समझाया और पूरे मामले की जानकारी ली। सिपाही के आरोपों की जांच कराई गई तो महिला जांच में दोषी मिली है। इसके बाद महिला और उसके पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**मेरी तरह और भी हो सकते हैं कई प्रताड़ितः सिपाही**

सिपाही श्रीकांत का कहना है कि महिला अकेली नहीं है। उसके साथ सात से आठ और व्यक्ति इस पूरे गेम में शामिल हैं। मेरी तरह और भी कई प्रताड़ित हो सकते है। गैंग बनाकर यह लोगों को अपना शिकार बनाते हैं। ठगी और धोखाधड़ी इनका काम है।

# मकान की दीवार तोड़कर कब्जा करने का प्रयास

**समाज जागरण**

शामली। शहर के हनुमान रोड निवासी एक व्यक्ति ने कुछ लोगों पर मकान की दीवार तोड़कर कब्जा करने का प्रयास करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

शहर के हनुमान रोड निवासी प्रमोद कुमार पुत्र कौशलवीर अग्रवाल ने आरोप लगाया कि उनके मकान के पास स्थित करीब 70 गज सरका-री/बेनामी संपत्ति पर अतुल बंसल द्वारा अवैध कब्जा किया हुआ है। आरोप है कि 11 अप्रैल को उक्त पक्ष द्वारा उनकी मकान की मुख्य दीवार और नींव को क्षतिग्रस्त करना शुरू कर दिया गया। विरोध करने पर अतुल बंसल, कपिल बंसल सहित अन्य लोगों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मकान गिराने की बात कही। साथ ही यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने अपने प्रभाव का हवाला देते हुए कार्रवाई न होने की बात कही। प्रमोद कुमार के अनुसार, इस मामले की पूर्व में भी शिकायत की जा चुकी है, जिस पर पुलिस द्वारा समझौता कराया गया था और दीवार न तोड़ने की बात तय हुई थी। इसके बावजूद दोबारा घटना को अंजाम दिया गया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मामले में सख्त का-र्रवाई कर सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

# अंतिम यात्रा सेवा समूह एवं जय हिंद सामाजिक संस्था ने किया लावारिस शवों का अंतिम संस्कार



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)रविवार को अंतिम यात्रा सेवा समूह एवं जय हिंद सामाजिक संस्था के तत्वावधान मे 11 अज्ञात शवों का विधि-विधान से अंतिम संस्कार कर उनकी अस्थियां हरिद्वार विसर्जन के लिए रवाना की गईं।

रविवार सुबह 7 बजे शहर के धीमानपुरा स्थित मुक्तिधाम श्मशान घाट के निकट से अस्थि कलश ह-रिद्वार ले जाए गए। इस दौरान पंडित सचिन शर्मा ने मंत्रोच्चारण के साथ धार्मिक विधियां संपन्न कराईं। पदाधिकारी सभासद निशीकांत संगल ने बताया कि संस्था द्वारा कोरोना काल से लावारिश शवों का अंतिम संस्कार किया जा रहा है। तब से लेकर अब तक करीब 289 शवों का अंतिम संस्कार किया जा चुका है।संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि लावारिस एवं अज्ञात शवों का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कर उनकी अस्थियों का विसर्जन कराना एक मानवीय सेवा है, जिसे संस्था लगातार निभा रही है। इस पुण्य कार्य में निशिकांत संगल, पंकज गुप्ता, राहुल तायल, महेश गोयल, अमित गुप्ता, कमल कांत धीमान, वाशु धीमान, मनीष नामदेव, दीपक कुमार, साजिद, विजय इंसा, तुषार सिंह, अंशुल उपाध्याय, आशीष कुमार व वैभव कुमार मौजूद रहे।

# सेवा निवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक

**समाज जागरण**

बड़ौत। रविवार को सेवा निवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश शाखा जनपद बागपत की मासिक बैठक सुक्रम पाल पवांर संगठन मन्त्री के रामबाग कालोनी बडौत नगर स्थित आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता डा यशवीर सिंह तोमर जिलाध्यक्ष ने की और संचालन सुरेन्द्र पाल मोघा



जिला मन्त्री ने किया। बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही पढकर सुनाई गई जिसकी आम सहमति से पुष्टि की गई। जिला मन्त्री ने संगठन द्वारा साथियों के लिए किये गये कार्यो की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुछ साथियों के देयक प्रक्रियाधीन हैं और जल्दी ही सभी समस्याओं का निस्तारण सम्भव है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जनपद में याचिका हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है जिसकी प्रगति सन्तोषजनक है।बैठक में सभी साथियों से 21 अप्रैल को आयोजित धरने/ प्रर्दशन को सफल बनाने की अपील की गई है। बैठक में डा उदयवीर सिंह दांगी, यशपाल सिंह, उमरजान, जयकुमार तोमर, ईश्वर दास, विरेंद्र सिंह आदी मौजूद रहे।

# भाकियू (भानु) का बड़ौत थाने में धरना प्रदर्शन

**समाज जागरण**

बड़ौत। भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने दो युवतियों के अपहरण के मामले में बरामदगी नहीं होने पर बड़ौत थाने में धरना प्रदर्शन किया। पुलिस प्रशासन और संगठन के लोगों में नोक-झोंक भी हुई। एक गांव से 19 वर्षीय युवती और 16 वर्षीय किशोरी को उत्तम पुत्र सतवीर शिवम पुत्र सुभाष निवासी



मलकपुर बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए थे। इस संबंध में बड़ौत थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था, लेकिन अब तक दोनों युवतियों को बरामद नहीं किया जा सका है। कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने संगठन के लोगों को जल्द ही दोनों युवतियों को बरामद करने का भरोसा दिलाया। इसके बाद संगठन के लोग धरना स्थल से उठकर अपने कार्यालय पर पहुंचे। भारतीय किसान यूनियन भानू (बागपत) ने इन बच्चियों की बरामदगी और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 19 अप्रैल को बड़ौत थाने में महापंचायत करने की घोषणा की है। इस मौके पर सचिन शर्मा एडवोकेट, रवि कुमार, संदीप पाराशर, विक्रांत चौधरी, देवेंद्र शर्मा, शुभम तोमर और काफी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सारथी वेलफेयर फाउंडेशन ने किया गौसेवा

**समाज जागरण**

बड़ौत। बावली रोड स्थित गौशाला में सारथी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा मूक पशुओं की सेवा हेतु लोकी, खीरा एवं हरे चारे का वितरण किया गया। अध्यक्ष विकास गुप्ता ने बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य सदैव से यही रहा है कि बिना किसी भेदभाव के, बिना किसी की भावनाओं को आहत किए, समाज के हर उस वर्ग और जीव की सेवा की जाए जो स्वयं अपनी आवश्यकता व्यक्त नहीं कर सकते। सारथी वेलफेयर फाउंडेशन समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर सक्रिय रहकर मानवता, करुणा और सेवा के मूल्यों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर विकास गुप्ता (अध्यक्ष), सचिन खोखर, विपिन सिंघल, प्रवीण, विवेक, श्रेयांश, वंदना गुप्ता (चाइल्ड हेल्प लाइन प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर), ममता अरोरा, आशा ग्रोवर, अंशिका जैन, कशक गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



# ९8वां निशुल्क चश्मा वितरण शिविर आयोजित

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)लोक स्वास्थ्य सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को अस्पताल रोड स्थित कुलदीप मेडिकल स्टोर पर 98वां निशुल्क चश्मा वितरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री मानस संगल एवं अध्यक्ष कुलदीप गोयल ने संयुक्त रूप से किया।



इस दौरान मुख्य अतिथि मानस संगल ने कहा कि जरूरतमंदों को निशुल्क चश्मा उपलब्ध कराना अत्यंत पुनीत कार्य है, जिससे लोगों को सीधा लाभ मिलता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी वे समाजसेवा के कार्यों में सहयोग करते रहेंगे।शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अब्दुल बासित द्वारा 103 लोगों की कंप्यूटराइज्ड जांच की गई, जिनमें से 92 जरूरतमंदों को चश्मे के लिए चयनित किया गया। चयनित लाभार्थियों को अतिथियों द्वारा चश्मे वितरित किए गए। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष महेश शर्मा, डॉ. पंकज गोयल, प्रवीण कुमार शर्मा, अमित मित्तल, पवन संगल, सचिन गौतम, रवि संगल, नाबील, अंकित, नरेंद्र, मोनू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रालोद के सम्मेलन में हिंदू-मुस्लिम भाईचारे पर बल

**समाज जागरण**

**कैराना।(फुरकान जंग)**

राष्ट्रीय लोकदल द्वारा आयोजित भाईचारा सम्मेलन में हिंदू-मुस्लिम एकता को मजबूत करने पर बल दिया गया।

रविवार को पानीपत रोड पर पंजीठ–रामड़ा चौराहे पर राष्ट्रीय लोकदल की ओर से भाईचारा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष सतवीर पंवार ने की, जबकि संचालन जिलाध्यक्ष चौधरी वाजिद अली ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी तथा विशिष्ट अतिथि प्रबुद्ध कुमार और दिलनवाज खान उपस्थित रहे, जिनका फूल–मालाओं व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि त्रिलोक त्यागी ने कहा कि किसी भी समाज की मजबूती भाईचारे पर निर्भर करती है। समाज में एकता होगी तो ही देश प्रगति करेगा। उन्होंने चौधरी चरण सिंह को भाईचारे का प्रतीक बताते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा सभी वर्गों को साथ लेकर राजनीति की। उन्होंने कहा कि किसान, मजदूर, व्यापारी और आमजन की एकता देश की तरक्की के लिए आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय लोकदल का सिद्धांत सभी धर्मों के सम्मान पर आधारित है और पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में कैराना सीट पर मजबूती से चुनाव लड़ेगी। विशिष्ट अतिथि प्रबुद्ध कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल की नींव ही भाईचारे पर टिकी है और जहां भी सामाजिक सौहार्द को चुनौती मिलेगी, पार्टी वहां मजबूती से खड़ी होगी। दिलनवाज खान ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल सभी वर्गों और 36 बिरादरी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है और समाज को बांटने की राजनीति के खिलाफ है। सम्मेलन में भारत रत्न चौधरी चरण सिंह, डॉ. भीमराव अंबेडकर और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर विपिन गहलोत, दिलप्रीत, विजयपाल, नरेंद्र खजूरी, सनोज चौधरी, अनवर चौधरी आदि मौजूद रहे।

# थाईलैंड का भव्य एवं दिव्य पर्व 'सोंक्रान' उत्साहपूर्वक मनाया गया



**(समाज जागरण)**

थाईलैंड का प्रसिद्ध एवं पारंपरिक पर्व सोंक्रान (Songkran) इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। यह पर्व थाई नववर्ष के रूप में 13 से 15 अप्रैल तक मनाया जाता है, हालांकि कई स्थानों पर इसका उत्सव एक सप्ताह तक चलता है।

इस अवसर पर भारतीय दूतावास के स्वामी विवेकानंद कल्चरल सेंटर के निदेशक डॉ. चैतन्य प्रकाश योगी ने शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026 को वाट दैट थोंग - द रॉयल मॉनेस्ट्री में आयोजित सोंक्रान फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह में भाग लिया।

इस पावन अवसर पर उन्होंने पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों में सक्रिय भागीदारी निभाई। इन रस्मों में भगवान बुद्ध के अवशेषों, अरहंतों के अवशेषों तथा बुद्ध के पदचिह्नों का पवित्र स्नान शामिल रहा। साथ ही उन्होंने मठवासी समुदाय को संघ दान अर्पित किया और रोड नाम दुम हुआ परंपरा (बुजुर्गों के हाथों पर सुगंधित जल अर्पित करना) में भाग लेकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

सोंक्रान पर्व थाईलैंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक मूल्यों का प्रतीक है। यह उत्सव भारत के होली पर्व से काफी मिलता-जुलता है। जहां भारत में होली प्रायः मार्च माह में मनाई जाती है, वहीं थाईलैंड में सोंक्रान 13, 14 और 15 अप्रैल को निश्चित तिथियों पर मनाया जाता है।

इस पर्व के दौरान लोग एक-दूसरे पर ठंडा जल और पाउडर डालकर खुशी व्यक्त करते हैं। सड़कों पर हजारों लोग प्रेम, सौहार्द और समरसता के साथ इस उत्सव का आनंद लेते हैं। रंग-बिरंगे विशेष परिधानों को पहनने की परंपरा भी इस पर्व का प्रमुख आकर्षण है।

सोंक्रान को देखने के लिए हर वर्ष लाखों विदेशी पर्यटक थाईलैंड पहुंचते हैं, जिससे यह उत्सव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी विशेष पहचान रखता है। यह पर्व न केवल आनंद और उत्साह का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देता है।

# एचएमएस को बड़ा झटका: कुसमुण्डा में सुरजीत सिंह 'हैप्पी' सहित 70+ सदस्य इंटक में शामिल

## पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में सामूहिक सदस्यता परिवर्तन, संगठनात्मक समीकरणों में हलचल



**समाज जागरण**

अनूपपुर कोयलांचल क्षेत्र की ट्रेड यूनियन राजनीति में उस समय बड़ा बदलाव देखने को मिला जब एचएमएस यूनियन को कुसमुण्डा क्षेत्र में बड़ा झटका लगा। एचएमएस कुसमुण्डा के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं जेसीसी सदस्य सुरजीत सिंह हैप्पी अपने 70 से अधिक समर्थकों के साथ इंटक (INTUC) यूनियन में शामिल हो गए

इस सामूहिक सदस्यता परिवर्तन से क्षेत्रीय श्रमिक राजनीति में नई हलचल पैदा हो गई है। लंबे समय से एचएमएस से जुड़े रहे सुरजीत सिंह हैप्पी का इस तरह अचानक इंटक का दामन थामना संगठन के लिए बड़ा नुकसान माना जा रहा है

जानकारी के अनुसार, इंटक यूनियन में शामिल होने के दौरान एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां नए सदस्यों का स्वागत किया गया। इंटक के पदाधिकारियों ने इसे संगठन की मजबूती की दिशा में अहम कदम बताया और कहा कि इससे श्रमिकों की आवाज और प्रभावशाली तरीके से उठाई जा सकेगी सुरजीत सिंह हैप्पी ने इंटक में शामिल होने के पीछे संगठनात्मक विचारधारा और श्रमिक हितों को प्रमुख कारण बताया। उन्होंने कहा कि वे हमेशा मजदूरों के अधिकारों और उनके हितों की लड़ाई को प्राथमिकता देते रहे हैं और आगे भी उसी दिशा में कार्य करेंगे

इस घटनाक्रम के बाद कुसमुण्डा क्षेत्र में एचएमएस की स्थिति को लेकर सवाल उठने लगे हैं, वहीं इंटक यूनियन को इसका सीधा लाभ मिलने की संभावना जताई जा रही है

श्रमिक संगठनों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा के इस दौर में इस तरह के बदलाव भविष्य में यूनियन समीकरणों को और प्रभावित कर सकते हैं। आने वाले समय में इसका असर क्षेत्रीय स्तर पर श्रमिक आंदोलनों और संगठनात्मक रणनीतियों पर भी देखने को मिल सकता है

कुसमुण्डा में हुआ यह बड़ा राजनीतिक व संगठनात्मक बदलाव न केवल एचएमएस के लिए चुनौती है, बल्कि इंटक के लिए मजबूती का संकेत भी है, जिससे कोयलांचल क्षेत्र की यूनियन राजनीति में नए समीकरण बनते नजर आ रहे हैं।

# गरिमा बनी जिला कांग्रेस कमेटी की सचिव

**समाज जागरण जितेंद्र शर्मा**

अनूपपुर। जिले में कांग्रेस संगठन ने नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। इसी क्रम में गरिमा सिंह बघेल को जिला कांग्रेस कमेटी की सचिव सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



गरिमा सिंह बघेल लंबे समय से भाजपा के गढ़ में सक्रिय रहकर कांग्रेस का झंडा बुलंद करती रही है अपने स्कूल लाइफ से ही उन्होंने कांग्रेस के प्रति समर्पण की भावना के साथ कदमताल मिलकर कांग्रेस पार्टी के पक्ष में प्रचार प्रसार करती रहे आज उनके इसी संघर्ष को देखते हुए पार्टी ने सचिव पद की जिम्मेदारी है और शीर्ष नेतृत्व ने गरिमा सिंह को कांग्रेस के नेतृत्व को आगे बढ़ाने की अपेक्षा की है श्रीमती बघेल सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं। अब वे गृहस्थी की जिम्मेदारियों के साथ-साथ जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर की सचिव के रूप में संगठनात्मक कार्यभार संभालेंगी।

उनकी नियुक्ति से संगठन में नई ऊर्जा का संचार होने की उम्मीद जताई जा रही है। गरिमा सिंह बघेल के जिला सचिव बनने पर कांग्रेस कार्यकताओं एवं क्षेत्र के समाजसेवियों द्वारा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। जिला सचिव बनने पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुड्डू सिंह चौहान रमेश सिंह, अजय यादव, सेफ रिजवी मोतीलाल शर्मा अमरजीत सिंह,भाई सौरभ सिंह,प्रिंस सिंह ,स्वर्णिमा सिंह,राम सिंह,ज्ञानेंद्र सिंह,वीरेंद्र सिंह,आशीष सिंह, मोतीलाल शर्मा , विजय यादव ने बधाई प्रेषित की बधाई प्रेषित की है।

# अमरजीत जिला उपाध्यक्ष अरुण कांत बने जिला महामंत्री

**समाज जागरण**

अमलाई। जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर के अध्यक्ष गुड्डू चौहान ने जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पद पर अमरजीत सिंह एवं जिला मुख्यमंत्री पद पर अरुण कांत तिवारी( देवहरा) का मनोनयन किया है। दोनों कांग्रेस नेताओं के मनोनीत होने पर नगर परिषद क्षेत्र के समस्त कांग्रेस नेताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की है।

# छत्तीसगढ़ में पर्याप्त प्राकृतिक एवं परंपरागत जल स्रोत, इनका संरक्षण जरूरी-डॉक्टर सोमनाथ यादव

## अरपा उद्गम बचाओ संघर्ष समिति पेंड्रा के संरक्षक रामनिवास तिवारी एवं संयोजक अक्षय नामदेव का किया गया सम्मान

**समाज जागरण विजय तिवारी**




गौरेला। छत्तीसगढ़ में पर्याप्त प्राकृतिक जल स्रोत है तालाब जैसे परंपरागत जल स्रोत भी छत्तीसगढ़ में गांव-गांव में है ऐसे में जब मानवीय भूल के कारण लगातार जल संकट बढ़ रहा है तब जरूरी है की इन प्राकृतिक एवं परंपरागत जल स्रोतों का संरक्षण किया जाए। यह सिर्फ सरकारी प्रयास से संभव नहीं है इसके लिए सामूहिक जन भागीदारी जरूरी है। उक्त बातें अरपा बचाओ यात्रा में 11 अप्रैल को पेंड्रा के अरपा उद्गम पहुंचे अभियान के संयोजक डॉ सोमनाथ यादव ने कहीं। बिलासा कला मंच बिलासपुर के तत्वाधान में आयोजित अरपा बचाओ अभियान यात्रा के संयोजक डॉक्टर सोमनाथ यादव ने कहा कि बिलासपुर संभाग एवं छत्तीसगढ़ के अंतर्गत अरपा नदी सहित जितनी भी छोटी बड़ी नदीयां है वे सभी लगभग सूख चुकी है। नदियां इंसान के लिए जीवन रेखा है। वे सिर्फ पीने का पानी स्त्रोत ही नहीं है बल्कि कृषि,उद्योग और ऊर्जा उत्पादन के लिए भी आवश्यक है। नदियां जैव विविधता का भी केंद्र है,जो असंख्य प्रजातियों के लिए आवास प्रदान करती है। डा सोमनाथ ने कहा कि नदियां न केवल पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखती है, बल्कि सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों को भी संजोती है। नदिया पूज्य और और देवी देवताओं की श्रेणी में मानी जाती है। पहले नदिया समाज की थी अब सरकार की है। अंग्रेजों ने 1837 में अधिनियम पारित कर नदियों को हथियार लिया। 2012 की जल नीति के प्रावधानों से परीक्षित होता है कि सरकार अंग्रेजो के द्वारा निर्धारित जल नीति को अभी भी अक्षुण्ण रखना चाहते है। हमारे देश में तो नदी, तालाब और कुंआ पूज्यनीय रहे है पर कथित विकास के नाम पर हमने भूजल और जल के स्त्रोतों इतना दोहन किया कि नदिया विलुप्त हो रही है, तालाब और कुआं सूख चुके हैं। वर्तमान में समाज उपभोक्ता है उसे पानी प्राप्त करने के लिए टैक्स भरना पड़ता है, जबकि नदी और पानी तो प्रकृति से प्राप्त होता है। डॉक्टर सोमनाथ यादव ने कहा कि नदियों सहित सभी प्राकृतिक एवं परंपरागत जल स्रोतों के संरक्षण के लिए सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं है इनके संरक्षण के लिए सामूहिक जनभागीदारी होनी चाहिए।

इस अवसर पर अभियान दल के सदस्य डॉक्टर सुधाकर विबे, राजेंद्र मौर्य तथा अरपा उद्गम बचाओ संघर्ष समिति पेंड्रा के संयोजक अक्षय नामदेव एवं संरक्षक रामनिवास तिवारी ने अपने विचार व्यक्त किया। रामनिवास तिवारी ने बताया कि उनके द्वारा लगाई गई जनहित याचिका पर माननीय हाईकोर्ट बिलासपुर अरपा नदी के उद्गम सहित संभाग के अन्य नदियों के उद्गम के चिन्हांकन तथा संरक्षण की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि कोर्ट के निदेर्शानुसार शासन द्वारा अरपा उद्गम पेंड्रा के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए 12: 50 करोड रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि अधिग्रहण की प्रक्रिया थोड़ी धीमी गति से चल रही है इसलिए कार्य तेजी नहीं पकड़ पा रहा है। उन्होंने कहा कि उद्गम के संरक्षण के लिए जरूरी है कि प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। इस अवसर पर अरपा उद्गम बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक अक्षय नामदेव नेडॉ सोमनाथ यादव, डा सुधाकर बिबे, राजेंद्र मौर्य, देवानंद दुबे रामेश्वर गुप्ता, एम डी मानिकपुरी, अनूप श्रीवास का सम्मान किया। कार्यक्रम में भगवत सिंह मार्को, मानसिंह, पीतांबर सिंह, सुरेश पांडे, गोविंद सिंह, गया प्रसाद तिवारी, शिव प्रसाद राय सहित प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

**बीट अधिकारी हरिकेश गुर्जर की स्मृति में मानपुर में कैंडल मार्च, नम आंखों से दी श्रद्धांजलि**

अरपा बचाओ अभियान दल एवं अरपा उद्गम बचाओ संघर्ष समिति पेंड्रा ने संयुक्त रूप से तालाबों की नगरी धनपुर पहुंचकर भंवतरा सोभनाथ सरोवर, गोरा सरोवर, एवं अन्य तालाबों का निरीक्षण किया। यहां मान्यता है कि पांडवों ने 365 तालाब अज्ञातवास के दौरान कोड़े थे जिसमें से लगभग 200 तालाब अभी भी जीवित अवस्था में स्थित है इनका संरक्षण किया जाना जरूरी है। अभियान दल के सदस्यों ने भंवतरा तालाब के बड़े रकबे एवं उसमें जल के अभाव की स्थिति को देखते हुए निर्णय लिया कि शासन को अवगत कराया जाएगा की भवतरा तालाब के संरक्षण के लिए नहर के द्वारा बागड़ी बांध से पानी लाकर इसमें जल भराव किया जाए तथा इसका सिंचाई, बोटिंग इत्यादि के लिए किया जाए। भंवतरा तालाब में जल भराव से धनपुर की पहाड़ी सहित वहां हरियाली तथा जल स्तर में भी वृद्धि होगी। अभियान दल के सदस्य श्री आदिशक्ति मां दुर्गा देवी मंदिर धनपुर में जाकर माथा टेका तत्पश्चात सोन नदी के तट पर स्थित लखन घाट पहुंचे।

**लखन घाट में अरपा बचाओ अभियान दल ने किया रामनिवास तिवारी एवं अक्षय नामदेव का सम्मान**

अरपा बचाओ अभियान यात्रा के लखन घाट पड़ाव के दौरान आयोजित कार्यक्रम में अभियान के संयोजक डॉक्टर सोमनाथ यादव ने अरपा नदी के उद्गम के संरक्षण के लिए काम कर रहे हैं अरपा उद्गम बचाओ संघर्ष समिति के संरक्षक रामनिवास तिवारी एवं संयोजक अक्षय नामदेव का शाल श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। यहां सोन नदी के तट लखन घाट की पौराणिक महत्वता पर चर्चा की गई तथा यहां जिला प्रशासन गौरेला पेंड्रा मरवाही द्वारा किए गए कार्य की प्रशंसा की गई।

# माडा वन परिक्षेत्र में रेंजर पर बीट गार्ड को जूता मारने का आरोप, थाने में दर्ज हुई शिकायत

**समाज जागरण**

सिंगरौली। जिले के माडा वन परिक्षेत्र से एक गंभीर और विवादास्पद मामला सामने आया है, जिसमें वन परिक्षेत्राधिकारी (रेंजर) पुष्पा सिंह पर अपने ही अधीनस्थ वन रक्षक (बीट गार्ड) पुष्पराज पांडे को सार्वजनिक रूप से जूता मारने और अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया गया है। इस घटना को लेकर माडा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है, जिससे विभागीय कार्यप्रणाली और कर्मचारियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं।

सूत्रों के अनुसार, यह घटना बीते महीने की 30 तारीख को माडा रेस्ट हाउस में आयोजित एक विभागीय बैठक के दौरान हुई। बताया जा रहा है कि बैठक में सभी कर्मचारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन संबंधित वन रक्षक अपनी गुमशुदा बेटी की तलाश में होने के कारण बैठक में अनुपस्थित रहे। इसी दौरान कथित तौर पर रेंजर द्वारा उनसे फर्जी वाउचर बनाने का दबाव बनाया गया, जिसे उन्होंने मानने से इनकार कर दिया।

आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर रेंजर ने कर्मचारियों के सामने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए वन रक्षक की ओर जूता फेंक दिया और उन्हें झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी। घटना के बाद संबंधित कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया और उनके खिलाफ माडा थाने में प्राथमिकी (FIR) दर्ज कराई गई।

इस मामले ने वन विभाग के कर्मचारियों के बीच असंतोष और भय का माहौल पैदा कर दिया है। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह न केवल सेवा नियमों का उल्लंघन है, बल्कि कार्यस्थल पर गरिमा और मानवाधिकारों के भी खिलाफ है। भारतीय सेवा आचरण नियमों के अनुसार, किसी भी सरकारी अधिकारी को अपने अधीनस्थ कर्मचारी के साथ सम्मानजनक व्यवहार करना अनिवार्य है और शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न दंडनीय कृत्य माना जाता है।

उल्लेखनीय है कि सरकारी विभागों में कर्मचारियों के उत्पीड़न से जुड़े मामलों में समय-समय पर शिकायतें सामने आती रही हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के आंकड़ों के अनुसार, सरकारी संस्थानों में कार्यस्थल उत्पीड़न से संबंधित सैकड़ों शिकायतें हर वर्ष दर्ज होती हैं, जिनमें अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की जाती है।

फिलहाल, इस पूरे मामले की जांच संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा किए जाने की बात कही जा रही है। यदि जांच में आरोप प्रमाणित होते हैं, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सेवा नियमों के तहत कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई संभव है। वहीं, स्थानीय लोगों और कर्मचारियों की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

# वन परिक्षेत्र मानपुर अंतर्गत स्व. हरिकेश गुर्जर को आंसुओं और मौन के बीच कैंडल मार्च निकालकर दी गई अंतिम श्रद्धांजलि

**समाज जागरण**

उमरिया (जनकल्याण मेल) मानपुर वन परिक्षेत्र आज गहरे शोक में डूबा नजर आया, जब सामान्य वन मंडल मुरैना के गेम रेंज अंबाह में पदस्थ स्वर्गीय बीट अधिकारी श्री हरिकेश गुर्जर की स्मृति में वन परिक्षेत्र कार्यालय मानपुर से बस स्टैंड तक कैंडल मार्च निकाला गया। यह श्रद्धांजलि 8 अप्रैल 2026 को मुरैना जिले में घटी दुखद घटना को याद करते हुए अर्पित की गई। हाथों में जलती मोमबत्तियां और दिलों में भारी दर्द लिए वनकर्मी खामोशी से कदम बढ़ाते रहे—हर चेहरा अपने साथी को खोने का दुख बयां कर रहा था। कैंडल मार्च के दौरान पूरा माहौल बेहद भावुक हो गया। कहीं सन्नाटा था, तो कहीं आंखों में छलकते आंसू—मानो हर कोई अपने प्रिय सहयोगी को याद कर रहा हो।

बस स्टैंड पहुंचकर सभी ने मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दुखद घड़ी में जिले के डिप्टी डायरेक्टर योहन कटारा,वन परीक्षेत्राधिकारी मानपुर मुकेश अहिरवार, रवि महोबिया, विक्रम सिकरवार, जनार्दन गौतम, रोशनलाल तिवारी, राजीव रंजन वर्मा, कपिल विश्वकर्मा, सहायक कर्मी जितेंद्र द्विवेदी, रूप नारायण यादव सहित बड़ी संख्या में वनकर्मी उपस्थित रहे।

हर किसी की जुबां पर एक ही बात थी—ह्लआपकी कमी हमेशा खलेगी।ह्व स्वर्गीय हरिकेश गुर्जर का समर्पण, साहस और कर्तव्यनिष्ठा हमेशा सभी के दिलों में जीवित रहेगा।

# बिजुरी में विकास कार्यों की सौगात, करोड़ों की परियोजनाओं का लोकार्पण

## हर वार्ड का समान विकास हमारी प्राथमिकता झ्र मंत्री दिलीप जायसवाल

**समाज जागरण**

बिजुरी। नगरपालिका परिषद बिजुरी के चहुंमुखी विकास की दिशा में शनिवार को एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया, जब नगर के विभिन्न वार्डों में करोड़ों रुपये की लागत से तैयार जन-कल्याणकारी परियोजनाओं का भव्य लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिलीप जायसवाल (मंत्री, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग, मध्यप्रदेश शासन) रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष सहबीन पनिका ने की।

मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प अंतिम छोर के व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाना है और हर वार्ड का समान विकास ही सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बिजुरी को विकास के मॉडल के रूप में स्थापित किया जाएगा।



**बच्चों के लिए आधुनिक पार्क**

वार्ड क्रमांक 09 में 27.32 लाख रुपये की लागत से चिल्ड्रन पार्क का सौंदर्यीकरण किया गया। पार्क में हरियाली, आकर्षक पौधे, टहलने के लिए पाथवे तथा बैठने की व्यवस्था की गई है, जिससे यह बच्चों के साथ-साथ बुजुर्गों के लिए भी उपयोगी स्थान बन गया है। पार्क के शुरू होने से बच्चों और अभिभावकों में खुशी का माहौल है।

**स्वास्थ्य सेवा में विस्तार**

वार्ड क्रमांक 01 में 25.76 लाख रुपये की लागत से संजीवनी क्लीनिक का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि स्वस्थ बिजुरी-स्वच्छ बिजुरी के संकल्प को पूरा करने में यह क्लीनिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे जनहितकारी कदम बताया।

**धार्मिक एवं पर्यटन विकास**

वार्ड क्रमांक 09 स्थित सूर्य मंदिर देवी तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य पर 71 लाख रुपये व्यय किए गए हैं। यहां पक्के घाट, आकर्षक लाइटिंग तथा बैठने की व्यवस्था विकसित की गई है, जिससे यह स्थल धार्मिक आस्था के साथ-साथ पर्यटन का भी प्रमुख केंद्र बनेगा।

**मंगल भवन का भूमि पूजन**

वार्ड क्रमांक 14 में सर्वसुविधायुक्त मंगल भवन के निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया। इसके निर्माण से स्थानीय नागरिकों को सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों के लिए आधुनिक परिसर उपलब्ध होगा।

**जनप्रतिनिधियों के विचार**

नगरपालिका अध्यक्ष सहबीन पनिका ने कहा कि जनता से किए गए वादों को पूरा करना ही उनका संकल्प है और बिजुरी को स्वस्थ एवं सुंदर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन साहू ने बताया कि सभी परियोजनाएं गुणवत्ता और पारदर्शिता को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं। वहीं इंजीनियर देवल सिंह ने कहा कि निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री और निर्धारित मानकों का विशेष ध्यान रखा गया है।

**कार्यक्रम में उपस्थिति**

इस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रीति सतीश शर्मा, सभी वार्डों के पार्षदगण, विधायक प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि बिजुरी के हर वार्ड में विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए शासन और प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अमरकंटक में विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा को करेंगे संबोधित

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर। पवित्र नगरी अमरकंटक में 13 अप्रैल 2026 को सुबह 11 बजे नर्मदा हरि सेवा न्यास के नए मुख्यालय में स्वर्गीय भगवत शरण माथुर जी की जयंती पर 'पंच परिवर्तन' विषय पर विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है।

स्वर्गीय भगवत शरण माथुर जी ने अनेक बार प्रचारक के रूप में सेवा की, रीवा संभाग में भाजपा के संभागीय संगठन मंत्री रहे। वे भाजपा मध्य प्रदेश के सह संगठन महामंत्री, प्रदेश महामंत्री (संगठन), भाजपा हरियाणा प्रांत एवं राष्ट्रीय भाजपा अनुसूचित जनजाति-अनुसूचित जाति सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रमुख रहे। साथ ही नर्मदा हरि सेवा न्यास अमरकंटक के संस्थापक अध्यक्ष भी थे।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे। विशेष अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिलीप जायसवाल एवं शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।नर्मदा हरि सेवा न्यास के अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रामलाल रौतेल एवं भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने सभी भाजपा कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

# अमरपुर शराब ठेकेदार के गुर्गों की घुसपैठ नाकाम: सुखदाश के युवाओं ने दिखाया साहस, प्रशासन फिर भी खामोश

**समाज जागरण जितेंद्र शर्मा**

मानपुर उमरिया जिले के ग्राम सुखदाश में अवैध शराब के खिलाफ जनजागरण अब खुलकर सामने आने लगा है। रविवार को अमरपुर शराब दुकान के लाइसेंसी ठेकेदार लक्ष्मी जयसवाल के कथित गुर्गे गांव में अवैध शराब की पैकारी पहुंचाने पहुंचे, लेकिन इस बार उन्हें ग्रामीणों के गुस्से का सामना करना पड़ा।

गांव के जागरूक युवाओं ने न सिर्फ इस अवैध खेप का विरोध किया, बल्कि मौके पर ही उन्हें वापस लौटा दिया। युवाओं ने साफ शब्दों में चेतावनी दी—हम अपने गांव को नशे का अड्डा नहीं बनने देंगे, चाहे इसके लिए हमें कितनी भी लड़ाई क्यों न लड़नी पड़े।

# जयकांत मिश्रा सदस्य पद के लिए हाई कोर्ट में फार्म भरते समय की शक्ति प्रदर्षन

## सैकड़ो वाहन हजारों अधिवक्ताओं ने जुलूस में हुए शामिल जीत दिलाने का किया वादा

**समाज जागरण विजय तिवारी**

बुढ़ार।अधिवक्ता संघ बुढ़ार के अध्यक्ष जयकांत मिश्रा मध्यप्रदेष राज अधिवक्ता परिषद के वर्ष 2026 12 मई को हो रहे चुनाव को लेकर प्रदेष भर में सरगर्मियां तेज हो चुकी है, जबलपुर हाई कोर्ट परिसर में विषेष हलचल देखने को मिली जब जाने माने अधिवक्ता बुढ़ार संघ के अध्यक्ष जयकांत मिश्रा ने सदस्य पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया, नामांकन दाखिल के दोरान उनके साथ इतिहासिक समर्थक बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे इस तरह का शक्ति प्रदर्षन जबलपुर हाई कोर्ट में देखने को नही मिला था।

सुबह से ही जबलपुर हाई कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं का लगा जमावाड़ा जयकांत मिश्रा की जीत तय

सदस्य का फार्म भरते समय जयकांत मिश्रा अपने समर्थको के साथ संगठित एवं तरीके से भारी जन समूह से पहुचे उनके साथ लाव लष्कर कई वरिष्ठ एवं युवा अधिवक्ता भी मौजूद रहे चार पहिया वाहनों के साथ हाई कोर्ट पहुंचे जिससे परिसर के आसपास चुनावी महौल स्पष्ट रूप से देखने को मिलने लगा कि जयकांत मिश्रा की जीत लगभग तय। भारी अधिवक्ता जन समूह में शहडोल अनूपपुर उमरिया, डिंडौरी, मण्डला शहपुरा, सतना रीवा, उचेहरा मैहर कटनी व अन्य कई जिलों अधिवक्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। समर्थकों का कहना था, जयकांत मिश्रा लम्बे समय से अधिवक्ताओं के हितो के लिए सक्रिय रहते और उनके साथ उनकी समस्याओं का समझने का प्रयास करते है, इसलिए वे इस चुनाव एक बहुत के रूप में सामने आ चुके हैं।

**जयकांत मिश्रा ने 12 मई को मतदान के लिए सभी अधिवक्ताओं से समर्थन की की अपील**

अधिवक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि अगामी 12 मई 2026 को होने वाले मतदान में बढ़चढ़कर हिस्सा ले और अपने प्रथम वरीयता मत से समर्थन देने का आग्रह किया, उन्होने कहा कि यदि उन्हे जीत का अवसर मिलता है तो वे अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए पूरे निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करेगे, जयकांत मिश्रा ने यह भी कहा कि अधिवक्ता समाज की एकजुटका ही उनकी समसे बड़ी ताकत है, और इसी ताकत के बल पर परिषद में सकरात्मक बदलाव लाया जा सकता है। सभी से सहयोग और आषीर्वाद की कामना जताई जबलपुर हाई कोर्ट में आज हुए इस नामांकन ने चुनावी महौल की पूरी तरह इतना गरमा दिया कि आने दिनों में चुनावी गतिविधियों में हर अधिवक्ताओं की आवाज जयकांत मिश्रा को जीताने एवं मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित किया है,

# गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत विधायक मरपच्ची पहुंचे बस्तीबगरा

**समाज जागरण विजय तिवारी**

गौरेला।भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निदेर्शानुसार,स्थापना दिवस के कार्यक्रमों के अंतर्गत गांव चलो बस्ती चलो अभियान चलाया जा रहा है।इस अभियान के तहत भाजपा के समस्त जनप्रतिनिधि व संगठन के पदाधिकारी गांव गांव जाकर आमजन से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के स्थिति की जानकारी ले रहे हैं ।इसी क्रम में मरवाही के विधायक प्रणव मरपच्ची जिला मुख्यालय से दूरस्थ क्षेत्र बस्तीबगरा के घर घर जाकर आम जनता से सीधे मुलाकात किए । शासन की योजनाएं प्राप्त करने वाले लाभार्थियों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किए ।



वहीं अपने जनप्रतिनिधि को अपने घर में पाकर क्षेत्र के लोग भी खुशी से गदगद हो गए ।कुछ लोगों ने अपने दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं से विधायक को अवगत कराया, जिसे तुरंत संज्ञान में लेते हुए मरवाही विधायक ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल निराकरण करने का निर्देश भी दिया ।आमजन से घर घर संपर्क करने के बाद स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, व बुजुर्गों का साल श्रीफल के साथ सम्मान भी किया गया ।

इस अवसर पर जिला मंत्री छोटेलाल सोनी, भाजपा मण्डल सेमरा के अध्यक्ष अजय तिवारी, मण्डल महामंत्री बरत पैकरा, हुकुमचंद यादव, शिवराम पोर्ते, राजकुमार पैकरा, कोमल वाकरे, धरम सिंह, जनकराम, राजकुमार आदि पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# मारकुंडी घाटी उतरते समय तारकोल लोड़ टैंकर अनियंत्रित होकर खाई में गिरी, घायल चालक की इलाज के दौरान मौत




सोनभद्र (समाज जागरण) चोपन थाना क्षेत्र के गुरमा पुलिस चौकी अन्तर्गत शनिवार रात तकरीबन 8 बजे मारकुंडी घाटी उतरते समय तारकोल लोड़ टैंकर नं.एन.एल.-01 एल8275 घाटी के तीसरे मोड़. मेंअनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी जिसमें सवार चालक सुमन सिंह पुत्र शंकर सिंह निवासी जिला गिरिडीह झारखंड गम्भीर रुप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी अतुल कुमार पटेल ने अपने हमराहियों के सहयोग से इलाज हेतु जिला चिकित्सालय भेजते हुए दुर्घटना की सूचना परिजनों को दे दिया है।

बताते हैं कि वाहन चालक जिला बेगुसराय से तारकोल लोड़ करके ओबरा जा रहा था कि मारकुंडी घाटी में टैंकर अनियंत्रित होकर घाटी के खाई में जा गिरी जिसकी जानकारी गुरमा पुलिस चौकी प्रभारी को होने पर उन्होंने तत्काल अपने दलबल के साथ घायल चालक को वाहन से सुरक्षित निकाल कर जिला चिकित्सालय भेज दिया। इस मौके पर मुख्यरुप से चौकी प्रभारी गुरमा अतुल कुमार पटेल, कांस्टेबल गुलशन सरोज समेत दर्जनों लोग घटनास्थल पर पहुंचे राहत/बचाव कार्य प्रारंभ कर यातायात व्यवस्था बहाल कराया।

# मारकुंडी घाटी में वर्षभर से पड़ा मलबा, जिम्मेदार तंत्र की चुप्पी से बढ़ा खतरा



सोनभद्र। (समाज जागरण) जनपद के प्रमुख आवागमन मार्ग मारकुंडी घाटी में मारकुंडी पहाड़ी से लगभग एक वर्ष पूर्व बरसात के दौरान गिरे पत्थर एवं मलबा आज भी सड़क के किनारे तथा आंशिक रूप से मार्ग पर मौजूद है। यह स्थिति प्रतिदिन स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है, जहां बड़े-बड़े पत्थरों के कारण मार्ग संकरा हो गया है और भारी वाहनों के आवागमन के बीच दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है।

चिंताजनक बात यह है कि इतने लंबे समय के बाद भी मलबा हटाने की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर केवल मलबे पर छोटे-छोटे परावर्तक (रेडियम) चिन्ह लगा दिए गए हैं, जो किसी स्थायी समाधान का विकल्प नहीं हैं।

यह मार्ग जनपद का अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है, जहां से प्रतिदिन आम नागरिकों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का भी आवागमन होता है। इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी रहना जिम्मेदार तंत्र की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

एक ओर लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित लोढ़ी शुल्क नाका पर प्रत्येक वर्ष शुल्क में वृद्धि की जा रही है, वहीं दूसरी ओर सड़क की मूलभूत सुरक्षा एवं रखरखाव की अनदेखी की जा रही है। यह विरोधाभास सीधे तौर पर संबंधित विभाग एवं एजेंसियों की जवाबदेही को दशार्ता है।

# अंतरराष्ट्रीय/क्रॉस-बॉर्डर अवैध ड्रग तस्करी सिंडिकेट पर सोनभद्र पुलिस का सतत प्रहार

## कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई में बांग्लादेश बॉर्डर तक फैले नेटवर्क के दो शातिर तस्कर गिरफ्तार

सोनभद्र। (समाज जागरण) पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में मादक पदार्थों एवं कोडीन युक्त नशीले कफ सिरप की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में जनपद सोनभद्र पुलिस (एसआईटी टीम) द्वारा एक बड़े अंतरराज्यीय एवं क्रॉस-बॉर्डर ड्रग नेटवर्क का खुलासा करते हुए महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है।

थाना रॉबर्ट्सगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 1054/2025 धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2)क भारतीय न्याय संहिता एवं 8/21/27ए/29 एनडीपीएस एक्ट से संबंधित प्रकरण में संलिप्त ड्रग माफिया शुभम जायसवाल पुत्र भोला प्रसाद जायसवाल के करीबी अभियुक्तगण संस्कार वर्मा पुत्र विनोद कुमार वर्मा तथा विनोद कुमार वर्मा पुत्र कनक भवन वर्मा, निवासी 33/67 उदितगंज की मण्डी, चलुआ घाट, थाना अतरसुइया, जनपद प्रयागराज को सोनभद्र एसआईटी टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।



उपरोक्त अभियोग की विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्तगण द्वारा संगठित तरीके से दिल्ली स्थित ह्वान्या इंटरप्राइजेजह्व के माध्यम से कोडीन युक्त ह्लएस्कफ कफ सिरपह्व की बड़ी खेप प्राप्त कर उसे अवैध रूप से अन्य राज्यों में डायवर्ट किया जाता था। तस्करी को छिपाने हेतु उक्त नशीले कफ सिरप को नमकीन/चिप्स के इनवॉइस पर कंटेनरों में छिपाकर बांग्लादेश सीमा (अगरतल्ला, त्रिपुरा) की ओर भेजा जा रहा था। यह नेटवर्क अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय होकर नशाखोरी हेतु कोडीन युक्त कफ सिरप की आपूर्ति कर रहा था।

उक्त तस्करी से संबंधित बड़ी खेप पूर्व में दिनांक 18.10.2025 को थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्र से कुल 1,19,675 शीशियां कोडीन युक्त कफ सिरप की दो कंटेनरों से बरामद की जा चुकी है। जिसमें गिरफ्तार अभियुक्तगण संस्कार वर्मा एवं विनोद वर्मा द्वारा अवैध डायवर्जन के माध्यम से बांग्लादेश बॉर्डर (अगरतल्ला, त्रिपुरा) हेतु कुल 59,675 शीशियां कोडीन युक्त एस्कफ कफ सिरप का अवैध परिवहन कराया जाना प्रकाश में आया।

उक्त प्रकरण में फरार चल रहे अभियुक्तों की तलाश के दौरान एसआईटी टीम सोनभद्र द्वारा थाना अतरसुइया, जनपद प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस के सहयोग से दिनांक 12.04.2026 को दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सोनभद्र लाकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# गुरुद्वारा सिंह सभा चोपन के जीर्णोद्धार हेतु कमेटी ने नगर पंचायत अध्यक्ष को सौंपा मांग पत्र



चोपन/सोनभद्र। (समाज जागरण) नगर के प्रमुख धार्मिक स्थल गुरुद्वारा सिंह सभा चोपन के भवन एवं परिसर की जर्जर स्थिति को लेकर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने नगर पंचायत अध्यक्ष को एक मांग पत्र सौंपा। समिति के सदस्यों ने बताया कि वर्तमान में गुरुद्वारा का भवन एवं आसपास का परिसर काफी जीर्ण-शीर्ण हो चुका है, जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। समिति ने मांग करते हुए कहा कि गुरुद्वारा के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक कार्य कराए जाएं तथा इसे नगर पंचायत की विकास योजनाओं में शामिल किया जाए, ताकि इस धार्मिक स्थल का समुचित विकास हो सके और आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष ने मांग पत्र को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि गुरुद्वारा के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर संबंधित योजना में शामिल कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर के सभी धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों का विकास उनकी प्राथमिकता में है और इसके लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गुरुद्वारा परिसर के विकास से न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी, बल्कि नगर की सुंदरता और सामाजिक सौहार्द को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह, सचिव पतविन्दर सिंह, अजीत सिंह एवं वीरा सिंह मौजूद रहे।

# बच्चों के पठन पाठन हेतु निशुल्क किताब कॉपी दिया जाना पुनीत कार्य; चेयरमैन कमलेश मोहन

## डीपीएस स्कूल का वार्षिक उत्सव सम्पन्न



दुद्धी/ सोनभद्र। (समाज जागरण) स्थानीय कस्बा क्षेत्र के वार्ड नं 10 डीहवार बाबा धाम स्थित डीपीएस पब्लिक स्कूल में शनिवार की देर शाम भव्य वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम आयोजन विद्यालय परिवार के द्वारा आयोजित की गई जिसमें विद्यालय में अध्यनरत बच्चों को अपनी कक्षा में अच्छे अंक प्राप्त टॉप 10 में स्थान लाने के उपलक्ष में मेडल और मोमेंटो से सम्मानित भी किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष राजकुमार अग्रहरि कमल कानू एवं राजेश्वर श्रीवास्तव /(प्रबंधक एसआइसी) उपस्थित रहे कार्यक्रम की शुरूआत रिबन काटकर एवं मां सरस्वती के चित्र प्रतिमा प्रदीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना एवं गणेश वंदना से शुभारंभ किया गया, इसके बाद सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत डीपीएस प्रबंधक कृष्ण कुमार के द्वारा सभी को अंगवस्त्र व माल्यार्पण के साथ मोमेंटो देकर स्वागत किया गया, इस दौरान विद्यालय में 1 से लेकर 10 तक टॉप 10 श्रेणी में स्थान लाने वाले सभी छोटे बड़े छात्र छात्राओं को अतिथियों के द्वारा मेडल, मोमेंटो देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया, कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक देशभक्ति भक्ति फिल्मी गानों पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसे देखकर लोगों का मन मोह हो गया, सभी आए हुए अतिथियों ने अपने वक्ताओं में कहा कि विद्यालय के द्वारा बच्चों को निशुल्क कापी किताब एवं कम शुल्क में सहित अन्य सुविधा बच्चों को देने के लिए, उनके अभिभावकों ने इस नेक काम के लिए विद्यालय परिवार के प्रबंधक कृष्ण कुमार का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए, कहा कि क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जो अलख बच्चों के बीच जगाने का कार्य किया गया है, वह बहुत ही सराहनीय है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कमलेश मोहन ने कहा कि आज वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में जो संस्कृत सभ्यता संस्कार विद्यालय परिवार के सदस्यों एवं बच्चों के द्वारा कार्यक्रम से प्रस्तुत किया गया वह निश्चित रूप से सराहनीय है , उन्होंने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है, इसलिए आप ईमानदारी से शिक्षा ग्रहण करें, पढ़ाई के नाम पर किसी प्रकार का कोई लापरवाही या समझौता न करें और पढ़ लिखकर एक अच्छा नागरिक बनकर देश का सेवा करें, उन्होंने अपने वक्तव्य में यह भी कहा कि हमारी सरकार के द्वारा दुद्धी नगर में कई कार्य कराई जा रहे हैं, श्री मोहन ने डीपीएस स्कूल के प्रबंधक को यह आश्वासन दिया कि बच्चों के पठन-पाठन हेतु कोई भी आवश्यकता पड़े तो वह पूर्ण सहयोग करेंगे, कार्यक्रम का संचालन सुषमा जयसवाल एवं मनीषा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस मौके पर डीपीएस के एमडी राजेंद्र प्रसाद चंद्रवंशी, प्रभु सिंह, अनिल हलवाई जितेंद्र चंद्रवंशी बिंदेश्वरी जायसवाल, जगत नारायण, सतेश, अभिषेक ,अरविंद तिवारी सहित शिक्षक, शिक्षिकाओं व बच्चे मौजूद रहे।

# थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई – 03 अभियुक्त गिरफ्तार

## 50 किग्रा अवैध गांजा व बोलेरो वाहन बरामद (कुल अनुमानित कीमत लगभग 16 लाख)

सोनभद्र। (समाज जागरण) पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर



रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई।

आज दिनांक 12.04.2026 को रात्रि चेकिंग के दौरान पंचमुखी मंदिर के सामने मुख्य सड़क, ग्राम सहिजन खुर्द, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र के पास मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध बोलेरो वाहन को घेरकर 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान वाहन में छिपाकर रखा गया कुल 50 किग्रा अवैध गांजा बरामद किया गया।

पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे उड़ीसा राज्य से गांजा लाकर मीरजापुर व आसपास के क्षेत्रों में आपूर्ति करते हैं तथा पुलिस से बचने हेतु फर्जी नंबर प्लेट का प्रयोग करते हैं।

उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0-291/26 धारा 8/20/27अ/29/60 एनडीपीएस एक्ट व धारा 318(2), 336(3), 340(2), 345(3) भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण 1. राजकुमार पुत्र लुदुर उर्फ माता प्रसाद, निवासी ग्राम विजयपुर, थाना विन्ध्याचल, जनपद मीरजापुर, उम्र लगभग 50 वर्ष, 2. शिवम यादव पुत्र जगरनाथ यादव, निवासी ग्राम अतरैला बेलन बरौधा, थाना लालगंज, जनपद मीरजापुर, उम्र लगभग 19 वर्ष, 3. अभिषेक सोनकर पुत्र पप्पू, निवासी ग्राम विजयपुर, थाना विन्ध्याचल, जनपद मीरजापुर, उम्र लगभग 20 वर्ष।

# चोपन में यातायात नियम तोड़ने वालों पर सख्ती, रॉन्ग साइड चलने वालों के खिलाफ चला अभियान



चोपन/सोनभद्र। (समाज जागरण) कस्बा चोपन में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी यातायात पुलिस चारु द्विवेदी एवं प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान रॉन्ग साइड चलने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए चालान काटे गए। रात के समय चलाए गए इस अभियान में पुलिस टीम ने मुख्य सड़कों एवं चौराहों पर गहन निगरानी की। अभियान के दौरान कई वाहन चालक नियमों का उल्लंघन करते हुए रॉन्ग साइड चलते पाए गए, जिनके विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करते हुए चालान किया गया। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर मौजूद वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत भी दी। तस्वीर में देखा जा सकता है कि रात के समय पुलिस अधिकारी सड़क पर सक्रिय रूप से गश्त कर रहे हैं। क्षेत्राधिकारी सहित अन्य पुलिसकर्मी हाथ में रेड लाइट बटन लेकर वाहनों की जांच कर रहे हैं और यातायात को व्यवस्थित करने में लगे हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके और आम जनता को सुरक्षित यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही लोगों से अपील की गई कि वे नियमों का पालन करें और अपनी व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिला थाना रॉबर्ट्सगंज द्वारा परिवार परामर्श केन्द्र में 05 प्रकरणों का सफल निस्तारण



सोनभद्र। (समाज जागरण) पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार (नोडल अधिकारी मिशन शक्ति) के पर्यवेक्षण में संचालित मिशन शक्ति अभियान 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत आज दिनांक 12.04.2026 को महिला थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र में परिवार परामर्श केन्द्र का आयोजन किया गया।

उक्त परामर्श सत्र में कुल 08 प्रकरण प्रस्तुत हुए, जिनमें पारिवारिक विवादों से संबंधित मामलों को गंभीरता से सुनते हुए दोनों पक्षों के मध्य आपसी संवाद स्थापित कराया गया। परिणामस्वरूप 05 प्रकरणों में आपसी सहमति के आधार पर सुलह-समझौता कराते हुए सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। शेष 03 प्रकरणों में दोनों पक्षों को आपसी विचार-विमर्श हेतु अवसर प्रदान करते हुए अग्रिम तिथि नियत की गई, जिससे विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

महिला थाना पुलिस द्वारा परिवार परामर्श केन्द्र के माध्यम से पारिवारिक विवादों का शांतिपूर्ण एवं न्यायसंगत समाधान कर सामाजिक समरसता बनाए रखने का सतत प्रयास किया जा रहा है। इस प्रकार की पहल से न केवल परिवारों के बीच आपसी विवादों का समाधान हो रहा है, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी प्रसारित हो रहा है।

# ओबरा पुलिस ने छेड़खानी से सम्बन्धित प्रकरण में एक नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार




ओबरा/सोनभद्र। (समाज जागरण) पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में महिलाओ सम्बन्धित अपराधों व अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के निकट पर्वेक्षण में थाना ओबरा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा के प्रति जीरो टालरेंस की नीति अपनाते हुए महिला से छेड़खानी करने वाले वांछित एक नफर अभियुक्त आशीष जयसवाल पुत्र मोहन जयसवाल निवासी चूड़ी गली थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 37 वर्ष को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है। दिनांक 11.04.2026 को थाना ओबरा क्षेत्रान्तर्गत रहने वाली महिला की लिखित तहरीर के आधार पर थाना ओबरा पर मु0अ0सं0-69/2026 धारा 74, 110, 1181, 1152, 352, 3512, 333 बीएनएस विरुद्ध आशीष जयसवाल पुत्र मोहन जयसवाल निवासी चूड़ी गली थाना ओबरा जनपद सोनभद्र के पंजीकृत किया गया मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त आशीष जयसवाल उपरोक्त को गिरफ्तार करने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष दिशा निर्देश दिया गया था उक्त निर्देश के क्रम में आज दिनांक 12.04.2026 को थाना ओबरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर सुभाष तिराहा हनुमान मन्दिर के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्त उपरोक्त को मा0न्या0 भेजा जा रहा है।

# साइबर फ्रॉड के विरुद्ध बभनी पुलिस की त्वरित कार्रवाई – पीड़ित को 12,200/- रुपये कराए वापस



बभनी/सोनभद्र। (समाज जागरण) पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) अनिल कुमार के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी के कुशल नेतृत्व में थाना बभनी पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य किया गया।

आवेदक प्रमोद कुमार पुत्र शिवकुमार, निवासी ग्राम परसाटोला थाना बभनी, जनपद सोनभद्र द्वारा अपनी ही त्रुटि से 12,200/- रुपये अन्य व्यक्ति के खाते में स्थानांतरित हो जाने के संबंध में NCRP पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना बभनी की साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आवश्यक साक्ष्य संकलित कर संबंधित बैंकों से समन्वय स्थापित किया गया तथा धनराशि को होल्ड कराया गया। निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण कर उक्त 12,200/- रुपये की धनराशि सफलतापूर्वक आवेदक के खाते में वापस कराई गई।

धनराशि प्राप्त होने पर आवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी दुद्धी तथा थाना बभनी पुलिस व साइबर टीम के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की गई।

# थाना पन्नूगंज पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

पन्नूगंज/सोनभद्र। (समाज जागरण) पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के कुशल निर्देशन में थाना पन्नूगंज पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए मु0अ0सं0-72/2026 धारा 137(2), 87 बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

उक्त क्रम में आज दिनांक 12.04.2026 को थाना पन्नूगंज पुलिस टीम द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान बेलखुरी मोड़ के पास से समय लगभग 11:15 बजे अभियुक्त नीरज कुमार पुत्र दिनेश मौर्या निवासी ग्राम परसौटी थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र, उम्र 19 वर्ष को नियमानुसार गिरफ्तार कर मा. न्यायालय भेजा गया।

# साइबर फ्रॉड के विरुद्ध पिपरी पुलिस की त्वरित कार्रवाई – पीड़ित को 26,999/- रुपये कराए वापस

पिपरी/सोनभद्र। (समाज जागरण) पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनिल कुमार के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी के कुशल नेतृत्व में थाना पिपरी पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य किया गया।

आवेदक राजकुमार पुत्र शिवशंकर, निवासी-शिवा पार्क, रेनूकूट, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र के साथ अज्ञात साइबर अपराधी द्वारा धोखाधड़ी कर धनराशि ट्रांसफर करा ली गई थी। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना पिपरी की साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। बैंक से समन्वय स्थापित कर धोखाधड़ी की गई धनराशि को तत्काल होल्ड कराया गया तथा निर्धारित प्रक्रिया के तहत नोटिस जारी कर कुल ₹26,999/- (छब्बीस हजार नौ सौ निन्यानवे रुपये) की धनराशि सफलतापूर्वक आवेदक के मूल खाते में वापस कराई गई।

धनराशि प्राप्त होने पर आवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय, अपर पुलिस अधीक्षक एवं थाना पिपरी की साइबर टीम के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की गई।

# आयोजन के लिए गैस सिलेंडर हेतु 10 दिन पहले करना होगा आवेदन

ओबरा/ सोनभद्र। (समाज जागरण) ओबरा तहसील क्षेत्र में शादी-विवाह, तेरही, सामाजिक कार्यक्रम या किसी भी प्रकार के आयोजन के लिए गैस सिलेंडर की आवश्यकता होने पर अब निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना होगा। पूर्ति विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, जिन लोगों को आयोजन में अतिरिक्त गैस सिलेंडर चाहिए, उन्हें कार्यक्रम की तिथि से कम से कम 10 दिन पहले आवेदन करना अनिवार्य होगा।

बताया गया है कि आवेदक को ओबरा तहसील अंतर्गत पूर्ति निरीक्षक कार्यालय में संबंधित अधिकारी को लिखित आवेदन देना होगा। आवेदन के साथ कार्यक्रम से संबंधित प्रमाण पत्र जैसे शादी का कार्ड, निमंत्रण पत्र या अन्य वैध दस्तावेज संलग्न करना आवश्यक रहेगा।

विभाग का कहना है कि समय से आवेदन मिलने पर बिना किसी असुविधा के कार्यक्रम की तिथि पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। वहीं देर से आवेदन करने पर उपलब्धता प्रभावित हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी आवेदक की होगी।

पूर्ति विभाग ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे किसी भी आयोजन के लिए गैस सिलेंडर की जरूरत होने पर समय से आवेदन करें, ताकि आवश्यकतानुसार आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

# बभनी में बाहर से आकर चोरी जैसी घटनाओं को संवारने का अंजाम दे रहे कबाड़ी

**- पढ़ने- लिखने की उम्र में बच्चों से करा रहे कबाड़ सामग्रियों की चोरी।**

**- एक ही लाइसेंस पर जिले के कई जगहों पर संचालित होती हैं इनकी दुकानें।**

बभनी/सोनभद्र। (समाज जागरण) स्थानीय थाना क्षेत्र में कुछ महीनों से कबाड़ की दुकानों पर रौनक देखने को मिलने लगीं और उनका कारोबार बड़े पैमाने पर चलने लगा और यदि उनसे बात करने की बात कर जानकारी हासिल करने कोशिश करने पर अपना धौंस जमाकर ऊंची पकड़ पहुंच तक की बात करते है। यह बात तो इन इशारों को चरितार्थ करती हुई दिखाई देती है सईयां भए कोतवाल डर काहे का किसी के रिश्तेदार विधायक मंत्री हैं, इनके अनुसार तो प्रशासन इनका कर भी क्या सकती है गौरतलब है कि ये अपनी मनमानी रवैए से भी बाज नहीं आते हैं थाने से करीब दो सौ मीटर की दूरी पर बभनी बाजार जाने वाले मार्ग पर एक कबाड़ की दुकान कुछ ही महीनों से संचालित हो रही है लेकिन बाकी दुकानदारों की अपेक्षा इतने कम समय में ही सेंचुरी मार चुकी है अब बारी है सेमीफाइनल में जाने की लगभग चार-पांच महीनों में ही उसका रिजल्ट यह रहा कि बाकी कबाड़ दुकान वालों की अपेक्षा हर दिन ट्रक व पिकअप लाईन में लगे होते हैं अब यदि इन सभी मामलों को देखते हुए कुछ स्थानीय लोगों की बातों पर गौर किया जाए तो कुछ प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं क्या क्षेत्र में संचालित हो रहे कबाड़ दुकानों का संचालन आवश्यक है? सभी कबाड़ दुकानों का लाईसेंस इनके मालिकों के पास हैं? क्या ये दुकानदार मानक के अनुसार नियमावली के तहत सरकार को टैक्स भरते हैं? क्या बभनी पुलिस बता सकेगी कि सालभर में हुई चोरियों में से कितनी चोरियों का खुलासा किया? अवैध कबाड़ दुकान संचालकों के साथ पुलिस की क्या भूमिका है? कबाड़ दुकानों में आने वाले सभी सामान ईमानदारी के हैं? स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मामले की जांच कराकर गलत पाए जाने पर संबंधित दुकान संचालकों पर कार्रवाई कराए जाने की मांग की है। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक बभनी ने कहा कि उनके संज्ञान में नहीं है जानकारी मिलने पर जांच कराई जाएगी।

# पर्यावरण संरक्षण जागरूकता साइकिल रैली निकाली

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी ।। पर्यावरण के प्रति चेतना जगाने के लिए खेवली के युवाओं ने जागरूकता साइकिल रैली निकाली। इसके जरिए गंगा निर्मलीकरण, सुव्यवस्थित यातायात, पर्यावरण सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। पर्यावरण प्रेमी मनीष पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना




किया। इस दौरान युवाओं के हाथों में 'सारी धरती करें पुकार, पर्यावरण में करो सुधार', हम सब ने ठाना है पर्यावरण बचाना है',कल के लिए आज बचाए जल,जल है तो कल है,सहित अन्य स्लोगन लिखे तख्तियां लेकर युवाओं ने साईकिल रैली निकाली।जन कवि धूमिल स्मारक पुस्तकालय खेवली से प्रारंभ होकर बरेमा, हरिहरपुर,गोसाईपुर,लहिया से होते हुए पुनः खेल मैदान खेवली में जा कर संपन्न हुआ।साइकिल रैली में मुख्य रूप से वृजेश कुमार,धर्मराज पटेल,सूरज कुमार,सुभाष चंद्र,आर्यन,मिलन, करन, प्रियंका पटेल,पुष्पा देवी,युग सिंह सहित अन्य युवा शामिल रहे।

# पार्श्व गायिका आशा भोंसले के निधन पर दी श्रध्दांजलि

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी गीतों को कंठ देकर लोगों के दिलों में राज करने वाली



पार्श्व गायिका आशा भोंसले का 92 वर्ष की उम्र में कार्डियक अरेस्ट से मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो जाने से मर्माहत गायकी क्षेत्र के कलाकारों ने आज आयर बाजार में 12 दिवसीय विरहा के गायक दिनेश यादव के नेतृत्व में शोक सभा कर सच्ची श्रद्धांजलि दी गई।

भारत के गीतों की मशहूर दिग्गज सिंगर के निधन की सूचना पर दिनेश यादव 'गायक' ने कहा कि एक बहुमूल्य सिंगर अपने बीच नहीं रहीं लेकिन उनकी यादें गीतों की स्वर देश की जनता को सदैव याद करती रहेगी। दो मिनट का मौन रखकर उपस्थित गायकों ने सच्ची श्रद्धांजलि दी।

# स्वामी तुलसी महराज ने यथार्थ गीता का दिया उपदेश

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया क्षेत्र के हथेड़ा गांव स्थित प्रतिष्ठित व्यवसायी मुकुंद लाल अग्रहरी के आवास पर शनिवार की शाम परमहंस औरा आश्रम के के स्वामी



तुलसीदास महाराज ने पहुंचकर उपस्थित लोगो को यथार्थ गीता के उपदेश देते हुए यथार्थ गीता के बारे में विस्तार से जानकारी दिया स्वामी जी ने कहा की यथार्थ गीता शत मार्ग पर चलने का एक अचूक माध्यम है प्रतिदिन यथार्थ गीता का पाठ करने से समस्त बधाएं दूर होती है और ओम राम शिव दो ढाई अक्षर के प्रतिदिन जाप करने व गुरु के स्वरूप के ध्यान करने से व्यक्ति को इस जन्म के अलावा जन्म मरण के बंधन से छुटकारा मिल जाता है बिना गुरु के ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती है समर्थ गुरु प्राप्त हो जाने पर व्यक्ति का उद्धार हो जाता है इस दौरान मुकुंद लाल अग्रहरी, युवा प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रहरी समाज रजि. शिवा अग्रहरी, थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, आशीष अग्रहरी, संतोष अग्रहरी, बसंत सिंह आचार्य, अंकित अग्रहरी, वीरेंद्र अग्रहरी,मुन्ना महाराज आदि मौजूद रहे

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को सुरक्षा की दी जानकारी

**समाज जागरण**

मीरजापुर /ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के रतेह चौराहा पर रविवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने महिलाओं को सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। मिशन शक्ति प्रभारी एसआइ रमेश यादव ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 112,1090,1076,1098,1930,108 आदि की विस्तार से जानकारी दी।कहा कि कोई भी समस्या आने पर इन हेल्प लाइन नंबरों पर फोन कर मदद ले सकती हैं।कहा कि आपात स्थिति में



तत्काल वूमेन पावर लाइन 1090 और पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर फोन करें पुलिस सहायता के लिए पहुंचेगी। महिला कांस्टेबल छाया ने साइबर अपराध से संबंधित जानकारी देते हुए महिलाओं से कहा कि छोटी छोटी घटनाओं को नजर अंदाज नही करें बल्कि अपने स्वजनों और पुलिस को सूचना दें। पुलिस आपकी सहायता करेगी।एसआइ रमेश यादव ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान फेज पांच के तहत महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# किसानों का फार्मर रजिस्ट्री करने हेतु बीकापुर में लगा शिविर

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। शासन के निर्देश पर चलाये जा रहे 10 दिवसीय फार्मर रजिस्ट्री शिविर के सातवें दिन बीकापुर में आयोजित शिविर में 8 किसानों की फार्मर आईडी तैयार की गयी। 9किसानों का नाम मिसमैच होने और 18 किसानों का आदेश में नाम होने कारण फार्मर रजिस्ट्री तैयार नहीं हो पायी।शिविर का खण्ड विकास अधिकारी चिरईगांव छोटेलाल तिवारी ने निरीक्षण कर किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने हेतु अपील भी किया।

खण्ड विकास अधिकारी ने उपस्थित किसानों से कहा कि 15 अप्रैल तक हर हाल में अपनी फार्मर रजिस्ट्री करा लें।कृषि विभाग के योजनाओं का उन्हीं किसानों को मिलेगा। जिनके पास फार्मर आईडी होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में खाद,बीज पर मिलने वाली सब्सिडी, मूल्य समर्थन योजना का लाभ भी उन्हीं को किसानों को मिलेगा जिनके पास फार्मर आईडी होगी।

खण्ड तकनीकी प्रबंधक (बीटीएम) अनिल कुमार सिंह ने बताया फार्मर आईडी/फार्मर रजिस्ट्री वाले किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने, सूखा, बाढ़ राहत,फसल बीमा का लाभ सीधे उनके खाते में पहुंच जायेगी।फार्मर रजिस्ट्री शिविर में ग्रामप्रधान बीकापुर परमानंद गिरी,पंचायत सचिव रमाशंकर, लेखपाल निकिता,मुन्ना सिंह, सहदेव तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# भट्ठे पर काम कर रहे मजदूर गर्भवती और धात्री महिलाओं का लिया खबर, सुनी समस्या

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी ।सेवा भावना से किया गया परोपकार जीवन मे सुखद एहसास कराता है।इस कार्य मे व्यक्तिगत व संस्थागत सेवा योगदान करने वाला पुण्य का भागी बनता है। हरहुआ ब्लाक क्षेत्र में जन विकास समिति मुर्दहा वाराणसी द्वारा किया जा रहा हर अवसर पर सेवा कार्य सराहनीय जनसेवा का एक मिसाल है। आज रविवार को ब्लाक क्षेत्र में 6 भट्ठे पर काम कर रही कुल 41 मजदूर गर्भवती और धात्री महिलाओं को पूर्व में पोषण सामग्री वितरण से लाभ व उनकी समस्या को सुनी गई। पोषण सामग्री में एक किलो चना,एक किलो दाल,एक किलो गुड, 30 पीस अंडे, अल्फा अल्फा सीरप, लाइफबॉय साबुन सहित अन्य छोटी



जरूरत की सामग्री शामिल रहा।

संस्था के निर्देशक चंद्रन रेमंड्स ने कहा कि लोग अपने लिए जीते हैं लेकिन दूसरों के लिए सेवा धर्म निभाकर कार्य करने में बेहद सुकून मिलता है।इस दिशा में संस्था व सभी कर्मी सेवा भावना से दूसरों की सेवा करने में जुटे हुए हैं। वहीं आज उनकी समस्याओं को कार्यकताओं ने सुना और इस धूप में बचाव की जानकारी दी।

निदेशक चंद्रन रेमंड्स ने पोषण सामग्री के वितरण को जहां सराहनीय कार्य बताया ,वहीं उनके स्वास्थ्य व समस्याओं को सुना गया। इस कार्य के लिए पंचायतों के प्रधान, भट्ठा मालिकों ने सराहना किया। आगे उन्हें पुनः सामग्री की जरूरत होगी तो मुहैया कराया जाएगा।

परियोजना अधिकारी अभिषेक मिश्रा ने बताया कि गरीब महिलाओं को खास कर इस अवस्था में जिस सामग्री की जरूरत थी जिससे उन्हें काफी लाभ मिलेगा।किसी गरीब बेसहारा का सहारा सेवक बनना किसी धर्म कार्य से कम नहीं होता।इनकी प्रसव तक हर जरूरत पर विशेष नजर रखने की दिशा में उनकी समस्याओं को सुनी गई।

# एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने भाजपा स्थापना दिवस पर झाड़ू लगाकर, वरिष्ठों को किया सम्मानित

**समाज जागरण**

वाराणसी। रविवार को रोहनिया विधानसभा के कर्दमेश्वर मंडल के वार्ड 58 छित्तूपुर के शिव मंदिर प्रांगण में पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत स्वच्छता किया व गांव चलो अभियान कार्यक्रम के तहत पार्टी के वरिष्ठ कार्यकताओं को अंगवस्त्र पहनाकर सदस्य विधान परिषद व भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने सम्मानित किया।



प्रमुख रूप से साथ में पार्षद प्रतिनिधि महेंद्र पटेल,सुरेश सिंह, प्रवेश पटेल,गोपाल पटेल,जय प्रकाश पटेल, कल्लू यादव,जितेंद्र केशरी, अजय बिन्द,रविंद्र पटेल,पप्पू पटेल, अरबिंद सिंह,विनोद पटेल,अभय सिंह, मनोज पटेल आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# भारत सेवा संघ ट्रस्ट की बैठक संपन्न

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**




रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी विकासखंड के वेद कोचिंग सेंटर पर दयापुर (भटौली) में रविवार दोपहर लगभग 12 बजे भारत सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा प्रस्तावित ह्यनमन यात्राह्न को लेकर (अप्रैल महोत्सव) के रूप में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजदीप महिला महाविद्यालय के प्रबंधक ई.राजबहादुर सिंह ने की। बैठक को संबोधित करते हुए राजबहादुर सिंह ने अप्रैल माह में जन्में महान विभूतियों के जीवन एवं उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुषों के विचारों को आत्मसात कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

इस अवसर पर सोशल वर्कर प्रियंका श्रीवास्तव ने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए उनके उन्मूलन के लिए जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उनके विचारों की उपस्थित लोगों ने सराहना की।

बैठक में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी नमन यात्रा को सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव साझा किए और सामाजिक एकता एवं जागरूकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ओम प्रकाश पटेल ने किया।

नमन यात्रा के आयोजन का समर्थन वी.चंद्रा समिति वाराणसी, प्रिंस चैरिटेबल ट्रस्ट वाराणसी, राष्ट्रीय सरदार सेवा संघ वाराणसी एबं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा नई दिल्ली ने जोरदार तरीके से किया

इस दौरान प्रमुख रूप से पारसनाथ, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, रविशंकर पटेल, अरविंद पटेल सुनील सैनी ,मुन्ना लाल मौर्य, ममता सैनी, मनीषा सैनी, अजितेश श्रीवास्तव विजय कुमार अजीत कुमार अखिलेश कुमार सुनील कुमार प्रिंस आशुतोष सिंह सुधांशु तिवारी नगीना यादव कौशल्या सैनी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# गेहूं के बोझ में लगी आग, तीन बीघा फसल जलकर राख

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। चोलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा पहाड़पुर में रविवार दोपहर करीब ढाई बजे अज्ञात कारणों से लगी आग ने एक किसान की मेहनत पर पानी फेर दिया। खेत में काटकर बोझ बनाकर रखी गई लगभग तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। जानकारी के अनुसार, पहाड़पुर निवासी नागेंद्र प्रताप सिंह के खेत में मजदूरों द्वारा रविवार को ही गेहूं की कटाई कर बोझ बनाकर एक स्थान पर इकट्ठा किया गया था। मजदूरों के जाने के लगभग 15 मिनट बाद अचानक गेहूं के बोझ में आग लग गई। उस समय चल रही तेज हवा के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और खेत में रखे करीब 400 गेहूं के बोझ जलकर



राख हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस टीम और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पीड़ित किसान के अनुसार, आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि यदि आग नहीं लगती तो रविवार शाम तक गेहूं की थ्रेसिंग कर अनाज घर पहुंच जाता। इस घटना से किसान को भारी आर्थिक क्षति हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित किसान को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# गांव चलो अभियान में गिनाई गई सरकार की उपलब्धियां

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी ।गांव चलो अभियान के तहत रविवार को पिंडरा विधायक डॉ. अवधेश सिंह ने झंझौर व विक्रमपुर गांवों में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में मोदी और योगी सरकार बनने के बाद उत्तर प्रदेश में 22 से 24 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हुई है। साथ ही धारा 370 और तीन तलाक जैसे मुद्दों से देश को मुक्ति दिलाई गई। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि और कृषक दुर्घटना बीमा जैसी योजनाओं से आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है।

कार्यक्रम में पवन कुमार सिंह फौजदार शर्मा, सुनील दत्त वर्मा, अवधेश मिश्रा, माया पटेल, साक्षी गुप्ता, जवाहर पटेल, ग्राम प्रधान शशि कपूर कन्नौजिया, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# कर्मवीर सत्यदेव सिंह के 97 वे जन्म जयंती के अवसर पर 22 अप्रैल को कवि सम्मेलन एवं साहित्य कार सारस्वत सम्मान

## समाजवादी चेतना के शिखर पुरूष एवं गाजीपुर के मालवीय थे स्व० सत्यदेव सिंह

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

स्व०सत्यदेव सिंह समाजवादी चेतना के शिखर पुरूष थे। आप अद्भुत साहसी एवम चिंतनशील होने के साथ साथ रचनाधर्मी व्यक्तित्व थे।आपके व्यक्तित्व का निर्माण धारा के प्रवाह में हुवा था।जो ब्यक्तित्व संघर्षों से निर्मित होता है उसे भावनाएं पिघला नहीं पाती है।

स्व सत्यदेव सिंह का जन्म 22 अप्रैल 1929 में गाजीपुर जनपद के जहूराबाद विधानसभा क्षेत्र के बाराचंवर ब्लाक के सागापाली गांव के एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। प्रारम्भिक शिक्षा कक्षा चार तक गांव के स्कूल से एवम कक्षा पांच की शिक्षा करीमुद्दीनपुर से पास किये थे।

हाईस्कूल की शिक्षा विहार के डुमरांव से तथा इण्टर मिडिएट सतीश चन्द्र कालेज बलिया से ग्रहण किये थे।वर्ष 1952 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बी ए एवं 1961 में बनारस काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से एम ए की परिक्षा उत्तिर्ण किये।

ग्रेजुएशन करने के बाद वर्ष 1957 में आप सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लडे थे।आप महान समाजवादी विचारक एवं धुन के पक्के व्यक्ति थे।वर्ष 1954 -55 में आप मुहम्मदाबाद हाई स्कूल में अध्यापक हो गये।लेकिन मन में राजनीतिक रूझान उसी समय से बढ रही थी।वर्ष 1962 में आप अपने गांव के पास ढोटारी इण्टरमीडिएट कालेज के प्रधानाचार्य नियुक्त हो गये थे।

निर्धन एवं दलितों के प्रति आपके मन में संवेदना तथा मानस में दायित्वबोध था।

तेज तर्रार मस्तिष्क, आभायुक्त मंडल. वाक्पटुता उनके व्यक्तित्व का आकर्षण था।सामाजिक समरसता के स्वभाव ने उन्हें समाज में सम्मानजनक पहचान दी थी।

स्व सत्यदेव सिंह सिद्धांत कर्म एवं व्यवहार के आदर्श संगम थे।आत्मीयता से भरा उनका चुम्बकीय व्यक्तित्व बरबस ही किसी को भी अपनी तरफ आकर्षित कर लेता था।



ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का प्रकाश फैलाना उनके जीवन का परम लक्ष्य था।आप कर्तब्यनिष्ठ अनुशासन प्रिय एवं कर्तव्य के प्रति समर्पित आदर्श शिक्षक थे।हिन्दी और अंग्रेजी भाषा के वे अध्येता थे।आप अंग्रेजी धाराप्रवाह बोल कर सबको चकित कर देते थे।शुरूआती दौर में आप समाजवादी आन्दोलन के साथ जुडे रहे।आचार्य नरेन्द्र देव एवम डा.राम मनोहर लोहिया आपकी राजनीति के आदर्श पुरूष थे।

समाजवादी आंदोलन एवम शिक्षा के क्षेत्र में आपका महान योगदान है।

गीता का योगः कर्मसु कौशलम आपके जीवन का मूल मंत्र था।जिसका आपने जीवनपर्यन्त अनुसरण किया।इसी का परिणाम है की आज आपकी किर्ती चतुर्दिक फैली हुई है।

आपके दो सुयोग्य पुत्र है डा आनन्द सिंह एवम डा सानन्द सिंह जो भोपाल एवम बलिया सतीश चन्द्र कालेज में प्रोफेसर है।

आप दोनों भी अत्यंत मृदुभाषी. मिलनसार. सरल एवं निर्मल चित्त के व्यक्ति है।

आपके कनिष्ठ पुत्र प्रोफेसर डा. सानन्द सिंह ने अपनी कर्मठ साधना के बल पर अपने पिताश्री के सपनों को साकार करने का काम कर दिखाया है।

आज अनेक शिक्षण संस्थाएं उनकी किर्ती पताका फहरा रही है।डा राम मनोहर लोहिया डिग्री कालेज अध्यात्मपुरम्‍ सागापाली. सत्यदेव इन्स्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी बोरसिया गांधीपुरम्.सत्यदेव डिग्री कालेज बोरसिया. सत्यदेव इंस्टीट्यूट आफ टीचर्स ट्रेनिंग बोरसिया. सत्यदेव कालेज आफ फामेर्सी बोरसिया गाधिपुरम्‍ गाजीपुर.सत्यदेव इण्टरनेशनल स्कूल गाधिपुरम्‍ बोरसिया गाजीपुर.सत्यदेव ला कालेज, सत्यदेव इण्टर नेशनल स्कूल सागापाली शिक्षा के जीवन्त देवालय है।जो स्व० सत्यदेव सिंह की आत्मा को अमरत्व प्रदान करते है।

आपका निधन वर्ष 2017 के 28 दिसम्बर को 88 वर्ष की उम्र में हो गया था। प्रोफेसर सानंद सिंह ने बताया की पूज्य पिताजी के 97वे जन्म जयंती के अवसर पर 22 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से सत्यदेव कालेज के सभागार में कवि सम्मेलन एवं साहित्यकारों का सारस्वत सम्मान आयोजित किया गया है।

इस अवसर पर सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज गाधिपुरम के सी एम डी प्रोफेसर आनंद सिंह एवं प्रबंध निदेशक प्रोफेसर सानंद सिंह के द्वारा सभी को आमंत्रित किया गया है।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 194 मरीजों का उपचार, निःशुल्क दवा वितरण

**समाज जागरण**

मीरजापुर /उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 194 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में डॉक्टर विवेक खरे ने कुल 46मरीजों का उपचार किया इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार मे आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में आयोजित किया गया जिसमे कुल 31 मरीजों का उपचार किया गया इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बाल कृष्ण मिश्रा के देखरेख में सम्पन्न हुआ जिसमें कुल 41 मरीजों का उपचार किया गया इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला डॉक्टर सुरेश कनौजिया के देखरेख में आयोजित किया गया जिसमें कुल 37 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 194 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है

# सर्विस सेंटर पहुंची एक्टिवा में निकले दो सांप, मची अफरा-तफरी बाल-बाल बचा युवक.......

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

लखनऊ पीजीआई थाना क्षेत्र में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक की एक्टिवा स्कूटर में दो सांप निकलने की सनसनीखेज घटना सामने आई। यह घटना इलाके में चर्चा का विषय बन गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीजीआई क्षेत्र निवासी शिवम अपनी एक्टिवा वढ 32 प्ध 0660 को सर्विस कराने के लिए मवैया स्थित होंडा सर्विस सेंटर पहुंचे थे। सर्विस के दौरान जब कर्मचारियों ने गाड़ी की जांच शुरू की, तो उन्हें वाहन के अंदर कुछ हलचल महसूस हुई। संदेह होने पर जब गहराई से निरीक्षण किया गया तो उसमें सांप होने की आशंका जताई गई।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सर्विस सेंटर कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने तुरंत वाहन की सर्विस करने से मना कर दिया और युवक को सलाह दी कि पहले किसी तरह सांपों को बाहर निकलवाया जाए, तभी गाड़ी की सर्विस संभव हो



सकेगी। यह सुनते ही युवक के होश उड़ गए और वह घबरा गया।इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से काफी देर तक मशक्कत की गई। सावधानी बरतते हुए वाहन के विभिन्न हिस्सों को खोलकर जांच की गई, जिसके बाद एक्टिवा के अंदर छिपे दोनों सांपों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। राहत की बात यह रही कि इस दौरान कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ।घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, सांपों को सुरक्षित बाहर निकाल लेने के बाद स्थिति सामान्य हो गई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में सांप अक्सर ठंडी और सुरक्षित जगहों की तलाश में वाहनों या घरों में घुस जाते हैं। ऐसे में लंबे समय तक खड़ी रहने वाली गाड़ियों की नियमित जांच करना बेहद जरूरी है।

विशेषज्ञों के अनुसार, वाहन स्टार्ट करने से पहले उसके नीचे और अंदर की जांच कर लेना चाहिए, खासकर यदि गाड़ी कई दिनों से खड़ी हो। साथ ही, किसी भी संदिग्ध स्थिति में खुद से छेड़छाड़ करने के बजाय विशेषज्ञ या रेस्क्यू टीम की मदद लेना ही सुरक्षित विकल्प है।

# मोहनलालगंज क्षेत्र में विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ मोहनलालगंज।थाना क्षेत्र के मऊ गांव में रविवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई जब एक 36 वर्षीय विवाहिता ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना डायल-112 के माध्यम से पुलिस को दोपहर करीब 2 बजे मिली, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी।मृतका की पहचान सरिता सैनी पत्नी जीतू सैनी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सरिता अपने घर में छत के पंखे से दुपट्टे के सहारे लटकी हुई मिली। घटना के समय घर पर उसके पति जीतू सैनी, सास दिनेश कुमारी समेत गांव के अन्य लोग मौजूद थे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतरवाया। परिजनों को सांस चलने की आशंका होने पर तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। मृतका के पिता राम सुमिरन और भाई हेमराज, निवासी तेलीबाग पीजीआई, लखनऊ की मौजूदगी में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी।प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतका का पति ऑटो चालक है और शादी के करीब आठ वर्ष बीत जाने के बावजूद दंपत्ति को संतान सुख प्राप्त नहीं हुआ था। इसी बात को लेकर सरिता मानसिक रूप से काफी परेशान रहती थी, जिसकी वजह से उसने यह आत्मघाती कदम उठाया हो सकता है।

मोहनलालगंज इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि, मामले की गहन जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। यदि कोई अन्य तथ्य सामने आते हैं तो आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# टुईलाडुंगरी सरना स्थल पर स्ट्रीट लाइट व चापाकल का शिलान्यास, जनसुविधा को मिलेगा बढ़ावा

**समाज जागरण 12.04.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर के टुईलाडुंगरी स्थित हो समाज सरना स्थल में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के विकास से जुड़ी आधारभूत सुविधाओं की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया। इस अवसर पर जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो एवं पूर्वी जमशेदपुर की विधायक पूर्णिमा साहू के संयुक्त कर-कमलों द्वारा देशाउली सरना स्थल में स्ट्रीट लाइट (स्टैलाइट) एवं डीप बोरिंग चापाकल का विधिवत शिलान्यास किया गया।



कार्यक्रम में हो समाज टुईलाडुंगरी के पदाधिकारियों सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर अध्यक्ष डीबर पुरती, उपाध्यक्ष वीर सिंह बोदरा, दशमी पुरती, सरोज अरुण बांकिरा, उपेंद्र बनरा, बागुन हेंब्रम, मनीष बनरा, बुलंद सिंह सोय, लक्ष्मी पुरती, शंकर मुंडुईया, आशा, मंगल सिंह हेम्ब्रोम, कृष्णा, सोरोज बोदरा, लालमोहन जमुदा एवं अनिल गागराई सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित थे। सभी की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम अत्यंत भव्य एवं सफल रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने सरना स्थल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरना स्थल केवल एक धार्मिक स्थान नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की आस्था, संस्कृति और पहचान का प्रतीक है। यहां स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था होने से रात्रि में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी और क्षेत्र में सुरक्षा भी सुदृढ़ होगी। वहीं, डीप बोरिंग चापाकल के निर्माण से स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

विधायक पूर्णिमा साहू ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए इस प्रकार की आधारभूत सुविधाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। सांसद विद्युत वरण महतो ने भी समाज के सहयोग और एकजुटता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास क्षेत्र के विकास को नई दिशा देते हैं।

स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे जनसुविधा और सामाजिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। सरना स्थल पर इन सुविधाओं के विकसित होने से न केवल श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा, बल्कि पूरे क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूती भी मिलेगी।

# मानगो में विधायक निधि से हो रहे निर्माण में अनियमितता का आरोप, शिकायत के बाद हटाई गई घटिया टाइल्स

**समाज जागरण 12.04.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर के मानगो क्षेत्र में विधायक निधि से संचालित एक सामुदायिक शौचालय के जीर्णोद्धार कार्य में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों की शिकायत के बाद संवेदक द्वारा रातों-रात लगाए गए कथित घटिया गुणवत्ता के टाइल्स को उखाड़ दिया गया, जिससे पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया है।



जानकारी के अनुसार, नगर विकास विभाग द्वारा वर्ष 2016 में मानगो वर्कर्स कॉलेज के समीप एक सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। समय के साथ शौचालय की स्थिति जर्जर हो गई थी, जिसके बाद इसके जीर्णोद्धार के लिए विधायक निधि से योजना स्वीकृत की गई। इस योजना का क्रियान्वयन मानगो नगर निगम के माध्यम से किया जा रहा है।

आरोप है कि जीर्णोद्धार कार्य के दौरान गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई। बिना पुराने प्लास्टर को हटाए ही सीधे टाइल्स लगाए जा रहे थे, साथ ही नॉन-ब्रांडेड और निम्नस्तरीय सामग्री का उपयोग किया जा रहा था। स्थानीय लोगों ने इस पर आपत्ति जताते हुए भाजपा के पूर्व नेता विकास सिंह को इसकी जानकारी दी।

विकास सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, नगर आयुक्त तथा उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम को इसकी लिखित शिकायत दी। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि कार्य को स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप और गुणवत्ता मानकों के तहत ही कराया जाए।

इस मामले में कनीय अभियंता सुबोध प्रसाद का भी नाम सामने आया है। आरोप है कि वे स्वयं अभियंता होने के साथ-साथ इस कार्य में संवेदक की भूमिका में भी हैं। हालांकि, उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि फाइल में उनका नाम अवश्य है, लेकिन वास्तविक संवेदक विधायक के एक कार्यकर्ता हैं, जिसके कारण वे कड़ाई से कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं।

जब मामला उपायुक्त कार्यालय तक पहुंचा और प्रशासन ने संज्ञान लिया, तो संवेदक ने तत्काल काम बंद कर दिया। इसके बाद मौके का फायदा उठाते हुए रातों-रात लगाए गए कथित घटिया टाइल्स को उखाड़ने का कार्य शुरू कर दिया गया। हालांकि, इस घटना के बाद से करीब एक महीने से कार्य पूरी तरह बंद पड़ा हुआ है।

वर्तमान स्थिति यह है कि शौचालय उपयोग के योग्य नहीं है और पूरी तरह बंद पड़ा है। यह स्थिति तब है जब सरकारी अभिलेखों में पूर्वी सिंहभूम जिला को ओडीएफ (खुले में शौच से मुक्त) घोषित किया जा चुका है। इसके बावजूद सार्वजनिक शौचालय का बंद होना स्वच्छता व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

विकास सिंह ने उपायुक्त से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने विशेष रूप से अभियंता सुबोध प्रसाद पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन सख्त कदम नहीं उठाता है, तो सरकारी योजनाओं की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर जनता का विश्वास कमजोर होगा। अब सभी की नजर प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# आईजीआरएस की मार्च की रिपोर्ट में रामपुर ने फिर मारी बाजी, योगी सरकार के विकास कार्यों को तेजी से धरातल पर उतार रहे

**- सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश भर में बुनियादी सुविधाओं का हो रहा विस्तार, हर वर्ग का हो रहा उत्थान**
**- आईजीआरएस की निगरानी से विकास कार्यों में आई तेजी, गुणवत्तापूर्ण हो रहे विकास कार्य**
**- आईजीआरएस की मार्च माह की रिपोर्ट में रामपुर ने 99.29 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हासिल किया पहला स्थान**
**- रिपोर्ट में हाथरस और बाराबंकी ने बराबर अंक प्राप्त कर दूसरा, शाहजहांपुर और पीलीभीत ने बराबर अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 12 अप्रैलः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पिछले नौ वर्षों से समग्र विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस दौरान प्रदेश में न केवल बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, बल्कि समाज के हर वर्ग का उत्थान भी सुनिश्चित किया जा रहा है। सीएम योगी के सपनों को साकार करने में एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) अहम भूमिका निभा रहा है। आईजीआरएस से जनसुनवाई, जन कल्याणकारी योजनाओं और राजस्व कार्यों की लगातार निगरानी की जा रही है, जिससे जिलों को बेहतर प्रशासनिक मानक स्थापित करने में मदद मिल रही है। इसी कड़ी में आईजीआरएस की मार्च माह की रिपोर्ट में प्रदेशभर में रामपुर ने 139 अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि हाथरस और बाराबंकी ने बराबर अंक प्राप्त कर दूसरा तो शाहजहांपुर और पीलीभीत ने बराबर अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

**जनशिकायतों के निस्तारण के साथ 49 विभागों के 109 कार्यक्रमों की हर माह की जाती है समीक्षा**

आईजीआरएस द्वारा हर माह जिलों के राजस्व कार्यों, विकास कार्यों और जन शिकायत की सुनवाई की रिपोर्ट जारी की जाती है। आईजीआरएस द्वारा प्रदेशभर के जिलों में 49 विभागों के 109 कार्यक्रमों की विभिन्न मानकों के आधार पर समीक्षा की जाती है। इसके बाद जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है। आईजीआरएस की फरवरी माह की रिपोर्ट के अनुसार रामपुर ने मानक पूर्णांक 140 नंबर के सापेक्ष 139 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसका रेश्यो 99.29 प्रतिशत है। जिलाधिकारी रामपुर अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि आईजीआरएस की रिपोर्ट उन जिलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है, जिन्होंने प्रशासनिक दक्षता, विकास कार्यों और राजस्व प्रबंधन में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप रामपुर में विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। इसके साथ ही आईजीआरएस के जरिये मिलने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से त्वरित निस्तारण किया जा रहा है।

**प्राथमिकता के आधार पर जनसुनवाई और आईजीआरएस की शिकायतों का किया जा रहा निस्तारण**

हाथरस जिलाधिकारी अतुल वत्स ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिले में प्राथमिकता के आधार पर जनसुनवाई में शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। यही वजह है कि पिछले चार माह में जिले में जनशिकायतों के निस्तारण दर में सुधार हुआ है। इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कई अन्य कार्य किये जा रहे हैं। इतना ही नहीं, विकास परियोजनाओं के गुणवत्तापूर्ण और तय समय सीमा में पूरा करने के लिए हर हफ्ते अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की जाती है। साथ ही आम जनमानस की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जा रहा है। उनकी समस्या के निस्तारण के संतोषजनक फीडबैक पर ही आईजीआरएस की रिपोर्ट जारी की जाती है। ऐसे में आईजीआरएस की मार्च माह की रिपोर्ट में हाथरस पूरे प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। हाथरस ने पूर्णांक 140 नंबर के सापेक्ष 137 अंक प्राप्त किये। इसी तरह बाराबंकी ने भी 137 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया।

**टॉप टेन में हमीरपुर, सहारनपुर, बलिया, प्रयागराज और मथुरा ने बनाई जगह**

शाहजहांपुर और पीलीभीत ने पूर्णांक 140 नंबर के सापेक्ष 136 बराबर-बराबर अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं सोनभद्र, कन्नौज, अंबेडकरनगर और हापुड़ ने बराबर-बराबर 135 अंक प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा बरेली, आजमगढ़, लखीमपुर खीरी ने 134 अंक हासिल कर पांचवां स्थान प्राप्त किया। वहीं टॉप टेन जिलों में हमीरपुर, सहारनपुर, बलिया, प्रयागराज और मथुरा ने जगह बनाई है।


# आईजीआरएस की मार्च की रिपोर्ट में रामपुर ने फिर मारी बाजी, योगी सरकार के विकास कार्यों को तेजी से धरातल पर उतार रहे

**- सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश भर में बुनियादी सुविधाओं का हो रहा विस्तार, हर वर्ग का हो रहा उत्थान**
**- आईजीआरएस की निगरानी से विकास कार्यों में आई तेजी, गुणवत्तापूर्ण हो रहे विकास कार्य**
**- आईजीआरएस की मार्च माह की रिपोर्ट में रामपुर ने 99.29 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हासिल किया पहला स्थान**
**- रिपोर्ट में हाथरस और बाराबंकी ने बराबर अंक प्राप्त कर दूसरा, शाहजहांपुर और पीलीभीत ने बराबर अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 12 अप्रैलः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पिछले नौ वर्षों से समग्र विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस दौरान प्रदेश में न केवल बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, बल्कि समाज के हर वर्ग का उत्थान भी सुनिश्चित किया जा रहा है। सीएम योगी के सपनों को साकार करने में एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) अहम भूमिका निभा रहा है। आईजीआरएस से जनसुनवाई, जन कल्याणकारी योजनाओं और राजस्व कार्यों की लगातार निगरानी की जा रही है, जिससे जिलों को बेहतर प्रशासनिक मानक स्थापित करने में मदद मिल रही है। इसी कड़ी में आईजीआरएस की मार्च माह की रिपोर्ट में प्रदेशभर में रामपुर ने 139 अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि हाथरस और बाराबंकी ने बराबर अंक प्राप्त कर दूसरा तो शाहजहांपुर और पीलीभीत ने बराबर अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

**जनशिकायतों के निस्तारण के साथ 49 विभागों के 109 कार्यक्रमों की हर माह की जाती है समीक्षा**

आईजीआरएस द्वारा हर माह जिलों के राजस्व कार्यों, विकास कार्यों और जन शिकायत की सुनवाई की रिपोर्ट जारी की जाती है। आईजीआरएस द्वारा प्रदेशभर के जिलों में 49 विभागों के 109 कार्यक्रमों की विभिन्न मानकों के आधार पर समीक्षा की जाती है। इसके बाद जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है। आईजीआरएस की फरवरी माह की रिपोर्ट के अनुसार रामपुर ने मानक पूर्णांक 140 नंबर के सापेक्ष 139 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसका रेश्यो 99.29 प्रतिशत है। जिलाधिकारी रामपुर अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि आईजीआरएस की रिपोर्ट उन जिलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है, जिन्होंने प्रशासनिक दक्षता, विकास कार्यों और राजस्व प्रबंधन में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप रामपुर में विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। इसके साथ ही आईजीआरएस के जरिये मिलने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से त्वरित निस्तारण किया जा रहा है।

**प्राथमिकता के आधार पर जनसुनवाई और आईजीआरएस की शिकायतों का किया जा रहा निस्तारण**

हाथरस जिलाधिकारी अतुल वत्स ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिले में प्राथमिकता के आधार पर जनसुनवाई में शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। यही वजह है कि पिछले चार माह में जिले में जनशिकायतों के निस्तारण दर में सुधार हुआ है। इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कई अन्य कार्य किये जा रहे हैं। इतना ही नहीं, विकास परियोजनाओं के गुणवत्तापूर्ण और तय समय सीमा में पूरा करने के लिए हर हफ्ते अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की जाती है। साथ ही आम जनमानस की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जा रहा है। उनकी समस्या के निस्तारण के संतोषजनक फीडबैक पर ही आईजीआरएस की रिपोर्ट जारी की जाती है। ऐसे में आईजीआरएस की मार्च माह की रिपोर्ट में हाथरस पूरे प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। हाथरस ने पूर्णांक 140 नंबर के सापेक्ष 137 अंक प्राप्त किये। इसी तरह बाराबंकी ने भी 137 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया।

**टॉप टेन में हमीरपुर, सहारनपुर, बलिया, प्रयागराज और मथुरा ने बनाई जगह**

शाहजहांपुर और पीलीभीत ने पूर्णांक 140 नंबर के सापेक्ष 136 बराबर-बराबर अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं सोनभद्र, कन्नौज, अंबेडकरनगर और हापुड़ ने बराबर-बराबर 135 अंक प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा बरेली, आजमगढ़, लखीमपुर खीरी ने 134 अंक हासिल कर पांचवां स्थान प्राप्त किया। वहीं टॉप टेन जिलों में हमीरपुर, सहारनपुर, बलिया, प्रयागराज और मथुरा ने जगह बनाई है।


# पं. बंगाल के चुनावी रण में उतरे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सोनामुखी में किया विशाल जनसभा को संबोधित

**- तृणमूल व वामपंथी गुंडों का उपचार भाजपा के पासः मुख्यमंत्री**
**- सीएम योगी ने कहा, बंगाल में अब खेला बंद और विकास शुरू होगा**
**- बंगाल की डेमोग्रॉफी को बदलना चाहते हैं वोटबैंक के सौदागर**
**- बांग्लादेश में दलित हिंदू की हत्या पर मौन रहीं ममता दीदी**
**- सोनामुखी से दिबाकर घरामी, इंडास से निर्मल धारा, बरजोड़ा से बिलेश्वर सिंघा को जिताने की अपील**

**समाज जागरण**

सोनामुखी (बांकुड़ा), 12 अप्रैल। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में उतरे। उन्होंने कांग्रेस, वामपंथी दलों व तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर कड़े प्रहार किए। सोनामुखी में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि तृणमूल के शासन में यहां बहुत तांडव हुआ है। हमारे कार्यकर्ता सुमन को गोली मार दी गई। स्वरूप घोष, पलाश घोष, उत्पल दास जैसे कार्यकताओं के घर उजाड़ दिए गए। सुशोभन का हाथ काट दिया। तृणमूल की गुंडागर्दी के ऐसे अनगिनत उदाहरण भरे पड़े हैं। सीएम ने बंगालवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि दिल्ली में मोदी जी हैं, पश्चिम बंगाल में भी आप भाजपा सरकार लाइए, डबल इंजन सरकार दंगाइयों का इलाज कर देगी। तृणमूल व वामपंथी गुंडों का उपचार केवल भाजपा सरकार के पास है। सीएम योगी ने स्थानीय भाषा में संवाद स्थापित करते हुए कहा कि अब बंगाल में ह्लखेलाह्व बंद और भाजपा की जीत से विकास शुरू होगा। उन्होंने मंच से भाजपा प्रत्याशियों सोनामुखी से दिबाकर घरामी, इंडास से निर्मल धारा व बरजोड़ा से बिलेश्वर सिंघा को जिताने की अपील की।

**बांग्लादेश में दलित हिंदू की हत्या पर ममता दीदी मौन**

सीएम योगी ने कहा कि कुछ दिन पहले बांग्लादेश में एक दलित हिंदू की निर्मम हत्या हुई। इसके खिलाफ भाजपा ने आंदोलन किया, लेकिन बंगाल की मुख्यमंत्री ममता दीदी मौन रहीं। भय था कि बोलने पर उनका मुस्लिम वोट न खिसक जाए। वोटबैंक के सौदागर बंगाल की डेमोग्रॉफी को बदलना चाहते हैं। कांग्रेस, वामपंथी दलों और तृणमूल कांग्रेस को भावी पीढ़ी के साथ खिलवाड़ करने की छूट न दीजिए। ये लोग नवरात्रि आयोजन में व्यवधान पैदा करते हैं, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। हम सब मिलकर बंगाल का पुराना वैभव लौटा सकते हैं। मैं इसी आह्वान के साथ आपके बीच आया हूं।

**परिवर्तन की राह पर चल पड़ा है बंगाल**

सीएम योगी ने बंगाल की धरती पर राष्ट्रगान के रचयिता गुरुदेव रविंद्र नाथ ठाकुर व राष्ट्रगीत के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को भी याद किया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम ने जनचेतना को जागरूक कर हर भारतवासी के मन में स्वाधीनता की अलख जगाई। स्वाधीनता में अमर मंत्र बनकर वंदे मातरम ने भारत को एकता के सूत्र में जोड़ा। राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर मैं विश्वास से कह रहा हूं कि बंगाल परिवर्तन की नई राह पर चल पड़ा है।

**बंगाल की दुर्दशा को देखकर होता है दुख**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल की दुर्दशा को देखकर दुख होता है। बंगाल भारत के अध्यात्म, संस्कृति, कला-शिक्षा की धरती है। इस धरती ने उच्चकोटि के आध्यात्मिक साधक दिए हैं। अपनी उद्यमिता, परिश्रम, कल-कारखानों, युवाओं की प्रतिभा, श्रमिकों के श्रम से बंगाल एक समय भारत की जीडीपी का बड़ा हिस्सा उपलब्ध कराता था, लेकिन पहले कांग्रेस, फिर वामपंथ और 15 वर्ष से तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल को कंगाल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

**बंगाल की धरती पर राष्ट्रनायकों का किया स्मरण**

मुख्यमंत्री ने खुदीराम बोस को याद कर कहा कि देश की आजादी के लिए उन्होंने हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमा था। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने उद्घोष किया था कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। बंगाल ने स्वामी विवेकानंद जैसा संन्यासी दिया, जिन्होंने ह्लगर्व से कहो, मैं हिंदू हूंह्व का भाव जगाया। बंगाल रामकृष्ण परमहंस व भारत सेवाश्रम संघ के संस्थापक स्वामी प्रणवानंद की धरती है, लेकिन भारत की संस्कृति की आत्मा और राष्ट्रवाद की धरती बंगाल को तृणमूल कांग्रेस ने तुष्टिकरण, लूट-खसोट, अराजकता की धरती बनाकर रख दिया।

**जो हाल आज बंगाल का, 9 साल पहले वही हाल यूपी का था**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो अराजकता, अव्यवस्था, गुंडागर्दी आज पश्चिम बंगाल में है, 9 वर्ष पहले वही स्थिति उत्तर प्रदेश में भी थी। वहां त्योहारों के पहले दंगे होते थे, महीनों कर्फ्यू रहता था। गुंडे-माफिया समानांतर सत्ता संचालन करते थे। 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर उत्तर प्रदेश में जनता-जनार्दन ने डबल इंजन सरकार बनाई तो आज यूपी में तुष्टिकरण नहीं, संतुष्टिकरण है। सरकार नौजवान, गरीब, महिला, किसान, श्रमिक समेत सभी वर्गों के सम्मान के लिए कार्य कर रही है। यूपी में नो कर्फ्यू-नो दंगा, वहां सब है चंगा। यूपी के सभी गुंडे-माफिया जहन्नुम की यात्रा पर चले गए। यूपी में सुरक्षा का अहसास है। यूपी भारत की इकॉनमी में ग्रोथ इंजन के रूप में अपनी भूमिका निभा रहा है। अयोध्या के रामजन्मभूमि आंदोलन में बंगाल से भी कारसेवक गए थे। डबल इंजन सरकार आई तो बुलेट स्पीड से भव्य राम मंदिर का निर्माण भी हो गया।

**तृणमूल कांग्रेस सरकार में किसानों का शोषण**

सीएम योगी ने कहा कि बंगाल का अन्नदाता किसान भारत का पेट भरने वाला है, लेकिन दुख है कि उसे दाम नहीं मिल पा रहा। उत्तर प्रदेश में आलू किसान को 15-16 रुपये किलो का दाम मिल रहा है, जबकि यहां सिर्फ एक से डेढ़ रुपये। यहां किसान कर्ज लेने को मजबूर है, डिप्रेशन का शिकार है। टीएमसी सरकार बंगाल को फिर से उस त्रासदी की ओर ले जाने का कार्य कर रही है, जिसका उल्लेख आनंद मंठ के माध्यम से बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने किया था। उस समय अकाल था, लेकिन आज सरकार द्वारा पाले गए गुंडे शोषण कर रहे हैं। शोषण, पलायन, बेरोजगारी के कारण किसान हताश-निराश होकर अन्याय-अत्याचार सहने को मजबूर हैं।

**जहां भी है भाजपा सरकार, वहां हर वर्ग का सम्मान**

सीएम योगी ने बंगाल के मतदाताओं से कहा कि जिस भी राज्य में भाजपा की डबल इंजन सरकार आई है, वहां इंफ्रास्ट्रक्चर, नौकरी, रोजगार, बेटियों व व्यापारियों की सुरक्षा हुई है। हर किसी को सुरक्षा की गारंटी है। किसानों का सम्मान, गरीब के आगे बढ़ने की संभावनाएं हैं। सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश में सरकारी योजनाओं से लाभान्वित लोगों का भी जिक्र किया। कहा कि बंगाल में सारी संभावनाएं हैं, बस मतदाताओं के समर्थन व आशीर्वाद की आवश्यकता है। 1905 में जब ब्रिटिशर द्वारा बंगाल विभाजन की साजिश रची गई थी, तब बंगाल ने आह्वान किया था कि हम विभाजित नहीं होंगे। उस समय बंगाल से स्वदेशी की हुंकार निकली थी और पूरे भारत को स्वाधीनता आंदोलन से जोड़ने का कार्य किया था।

# पश्चिम बंगाल के नंदकुमार विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में सीएम योगी का तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला

**- टीएमसी का मतलब - तुष्टिकरण, माफियाराज और कट मनीः सीएम योगी**
**- सीएम योगी ने कहा, बंगाल में मां असुरक्षित, माटी घुसपैठियों के कब्जे में और मानुष भयभीत**
**- बंगाल को उसकी सांस्कृतिक पहचान, सुरक्षा और विकास के रास्ते पर लाने के लिए परिवर्तन आवश्यकः मुख्यमंत्री**

पूर्वी मेदिनीपुर, 12 अप्रैल। पश्चिम बंगाल के नंदकुमार विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि आज टीएमसी का मतलब तुष्टिकरण, माफिया राज और कट मनी बनकर रह गया है, जिसने बंगाल की विकास यात्रा को बाधित किया है। मुख्यमंत्री ने टीएमसी के मां-माटी-मानुष के नारे पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि आज बंगाल में मां-बहन असुरक्षित हैं, माटी घुसपैठियों के कब्जे में और मानुष भयभीत व असहाय है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि बंगाल को फिर से उसकी सांस्कृतिक पहचान, सुरक्षा और विकास के मार्ग पर लाने के लिए परिवर्तन आवश्यक है।

**तुष्टिकरण, लूट, अराजकता की चुनौतियों से जूझता बंगाल**

मुख्यमंत्री ने बंगाल की महान सांस्कृतिक धरा को नमन करते हुए कहा कि बंगाल प्रेरणा की भूमि है, जिसने भारत को दिशा दी है। यहां से स्वामी विवेकानंद ने विश्व मंच पर सनातन का परचम लहराते हुए कहा कि गर्व से कहो कि हम हिंदू हैं। इसी भूमि पर खुदीराम बोस ने देश के लिए हंसते-हंसते बलिदान दिया और सुभाष चंद्र बोस ने आजादी का बिगुल फूंका। रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद और लाहिड़ी महाशय जैसे संतों की परंपरा तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे राष्ट्रनायकों ने इस भूमि को गौरव प्रदान किया। इसी धरती ने गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर द्वारा रचित ह्लजन गण मनह्व और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के ह्लवंदे मातरम्ह्व जैसी अमर धरोहरें दीं, जो भारत की स्वतंत्रता का मंत्र बनीं। लेकिन आज वही बंगाल तुष्टिकरण, लूट, अराजकता और गुंडागर्दी की चुनौतियों से जूझ रहा है, जहां कृषि प्रधान क्षेत्र का किसान अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं पा रहा और सरकार आवश्यक सुविधाएं देने में विफल साबित हो रही है।

**बंगाल में डेमोग्राफी बदलने का कुत्सित प्रयास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल में डेमोग्राफी बदलने के कुत्सित प्रयास और तुष्टिकरण की राजनीति विकास में बाधा बन रही है। स्वतंत्रता के समय बंगाल देश की अर्थव्यवस्था का लगभग एक-तिहाई हिस्सा था, लेकिन धीरे-धीरे उद्योग, कल-कारखाने और एमएसएमई सेक्टर कमजोर होते गए तथा कला, संस्कृति और शिक्षा पर राजनीति हावी हो गई। पहले कांग्रेस, फिर वामपंथ और बीते वर्षों में टीएमसी शासन में स्थिति और बिगड़ी। कभी आर्थिक शक्ति का केंद्र रही यह उर्वर भूमि आज भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के कारण कमजोर पड़ती दिख रही है। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि मां महाकाली और मां दुर्गा की इस पावन धरा को तुष्टिकरण और अराजकता का प्रतीक नहीं बनने देना है, बल्कि कानून व्यवस्था को सुदृढ़ कर अवैध गतिविधियों पर रोक लगानी होगी।

**बंगाल से भी गंभीर स्थिति कभी यूपी में थी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार की अराजकता, गुंडागर्दी, लूट और तुष्टिकरण आज बंगाल में देखने को मिल रहा है, उससे मिलती-जुलती बल्कि उससे भी गंभीर स्थिति 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में थी, जब हर तीसरे दिन दंगे होते थे, त्योहारों से पहले उपद्रव शुरू हो जाते थे और प्रदेश बीमारू राज्य के रूप में जाना जाता था। 2017 में नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रदेश में डबल इंजन सरकार बनने के बाद हालात पूरी तरह बदले और अब न कर्फ्यू न दंगा, यूपी में सब चंगा। कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई, दंगे रुके, महिलाओं की सुरक्षा के लिए कड़े कानून बने और अवैध गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई हुई, जिससे उद्योगों को बढ़ावा मिला और हर वर्ग के लिए विकास की योजनाएं लागू हुईं।

# योगी सरकार में केजीबीवी का कायाकल्प, सुविधाओं का अभूतपूर्व विस्तार

**समाज जागरण**

लखनऊ, 12 अप्रैल। योगी सरकार ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) व्यवस्था में व्यापक और ठोस सुधार सुनिश्चित किया है। हालिया आंकड़े बता रहे हैं कि प्रदेश में एक ओर जहां रिक्त पदों को तेजी से भरने की प्रक्रिया आगे बढ़ी है, वहीं दूसरी ओर आधारभूत ढांचे और छात्राओं की दैनिक सुविधाओं के विस्तार में भी प्रगति दर्ज की गई है। इतना ही नहीं, टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता लाने के लिए राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। अब बेसिक शिक्षा विभाग खाद्यान्न, दैनिक उपयोग सामग्री एवं स्टेशनरी की आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है।

योगी सरकार की नीतिगत सख्ती, सतत निगरानी और परिणाम आधारित कार्यप्रणाली के चलते केजीबीवी अब आवासीय विद्यालय के साथ-साथ सुरक्षित, सुसज्जित और आधुनिक शैक्षिक परिसरों के रूप में विकसित हो रहे हैं। यह परिवर्तन प्रदेश की बेटियों को बेहतर अवसर, सुविधाएं और सशक्त भविष्य प्रदान करने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

**आधारभूत सुविधाओं में तेजी से विस्तार**

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में केजीबीवी के अंतर्गत एकेडमिक हॉस्टल, अतिरिक्त डॉरमेट्री, कंप्यूटर लैब और टॉयलेट ब्लॉक जैसी आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया गया है। आंकड़ों के अनुसार कई जिलों में इन कार्यों को पूर्ण कर छात्राओं को बेहतर आवासीय एवं शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराया गया है।

**तेजी से भरे जा रहे रिक्त पद**

केजीबीवी के रिक्त पदों में सुधार की प्रक्रिया तेज है। आंकड़े बताते हैं कि प्रयागराज (43), बलिया (42), उन्नाव (39) और एटा (35) जैसे जनपदों में उच्च रिक्तियों को चिह्नित कर उनकी पूर्ति की प्रक्रिया तेज की गई है। ऐसे जनपदों में आवेदकों की स्क्रीनिंग प्रगति पर है। वहीं श्रावस्ती, रायबरेली, आजमगढ़, ललितपुर जैसे कई जनपदों में कोई भी पद रिक्त नहीं। ऐसे जिलों में रिक्तियों की संख्या शून्य होना प्रभावी मॉनिटरिंग और जवाबदेही आधारित व्यवस्था का संकेत है।

# किशनगंज में बिना हेलमेट चलाने पर पुलिसकर्मियों का भी कटा चालान

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

सड़क सुरक्षा को लेकर किशनगंज पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देश पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।



जानकारी के अनुसार, 10 अप्रैल 2026 को आयोजित अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं और मौतों पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों सहित आम जनता को मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने का निर्देश दिया था। साथ ही पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), यातायात थानाध्यक्ष एवं सभी थानाध्यक्षों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने को कहा गया था।

इसी क्रम में 11 अप्रैल 2026 को पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) राजेश कुमार सिंह द्वारा चलाए गए वाहन जांच अभियान के दौरान बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चलाते पाए जाने पर एक पुलिस अवर निरीक्षक (दारोगा) एवं एक महिला सिपाही का चालान काटा गया। इस कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश दिया गया है कि कानून सबके लिए समान है।

किशनगंज पुलिस ने आम नागरिकों, पुलिसकर्मियों, मीडिया कर्मियों एवं सरकारी कर्मचारियों से अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें और सभी यातायात नियमों का पालन करें। नियमों का उल्लंघन करने पर चालान काटकर जुमार्ना वसूला जाएगा।

**सड़क सुरक्षा संदेश: "सिर की रक्षा करें, हेलमेट जरूर पहनें।"**
**"हेलमेट नहीं पहना, तो खतरा है गहरा।"**
**"सुरक्षा का पहला कदम, हेलमेट हर दम।"**
**"दुर्घटना से देर भली, हेलमेट पहनना है जरूरी।"**

# माँ जानकी स्वास्थ्य सेवा यात्रा के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, सैकड़ों मरीज लाभान्वित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

13 अप्रैल (आससे)। उत्तर बिहार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय माँ जानकी स्वास्थ्य सेवा यात्रा के अंतर्गत रविवार को किशनगंज के मोतीबाग स्थित काली मंदिर परिसर में भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।



शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया तथा निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया। आयोजन में संघ के जिला सह संघचालक अमर चंद्र यादव, जिला सह-कार्यवाह संजय कृष्ण, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री संजय सिंह सहित दिलीप यादव, कैलाश झा, अमित जायसवाल, शंकर प्रसाद साह, संतोष जी, नगर संघचालक विजय जी एवं सरस्वती विद्या मंदिर सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य नागेंद्र तिवारी ने सक्रिय भूमिका निभाई।

उल्लेखनीय है कि "माँ जानकी स्वास्थ्य सेवा यात्रा" के तहत 11 और 12 अप्रैल 2026 को मिथिला क्षेत्र के भारत-नेपाल सीमावर्ती जिलों में व्यापक स्तर पर चिकित्सा शिविरों एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया एवं किशनगंज सहित कई जिलों में सैकड़ों स्वास्थ्य शिविर लगाए गए।

किशनगंज जिले में इस दौरान कुल 13 स्थानों पर शिविर आयोजित हुए, जिनमें मोतीबाग काली मंदिर परिसर का शिविर प्रमुख रहा। शिविर के सफल संचालन के लिए पूर्व से ही दवाइयों एवं आवश्यक संसाधनों की समुचित व्यवस्था की गई थी।

अभियान का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुलभ एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में अत्यंत उपयोगी और सराहनीय कदम बताया।

# पटना के गौरीचक में तटबंधों से अवैध मिट्टी खनन जारी

**प्रशासन मौन, ग्रामीणों में बढ़ा आक्रोश**

पटना/ जिले के पुनपुन प्रखंड अंतर्गत गौरीचक थाना क्षेत्र की बरावां पंचायत में माफियाओं द्वारा बेखौफ होकर किए जा रहे अवैध मिट्टी खनन से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। आरोप है कि पिछले एक महीने से दर्धा नदी के तटबंधों को पोकलेन मशीनों से काटा जा रहा है, जिससे आगामी मानसून में भीषण बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है।समाजसेवी व शिकायतकर्ता धनंजय मधु ने बताया कि बेलदारी टोला से जैतिपुर पुल तक तटबंध को कमजोर कर रात के अंधेरे में हाइवा ट्रकों से मिट्टी की ढुलाई की जा रही है। उन्होंने इस संबंध में 23 मार्च 2026 को ही जिला पदाधिकारी और जिला खनन पदाधिकारी को लिखित शिकायत भेजी थी, लेकिन 8 अप्रैल तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। धनंजय मधु का आरोप है कि अधिकारी मामले में संज्ञान लेने के बजाय मिलने से भी कतरा रहे हैं।बरावां, बेलदारी टोला, जैतिपुर, पटनपुरा और कंसारी जैसे गांवों के किसानों का कहना है कि यह क्षेत्र पहले से ही पुनपुन और मोरमोर नदी की बाढ़ से प्रभावित रहता है। तटबंध से छेड़छाड़ होने के कारण हजारों एकड़ फसल और दर्जनों गांवों के अस्तित्व पर संकट मंडराने लगा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की मिलीभगत के बिना इतने बड़े पैमाने पर खनन संभव नहीं है। ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि मामले की जांच के लिए तुरंत कमेटी गठित कर स्थलीय निरीक्षण किया जाए और खनन माफियाओं समेत लापरवाह अधिकारियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।




# पटना जिले के खिरिमोड पुलिस ने किया देशी कट्टा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के खिरिमोड थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के अचल टोला गांव में छापेमारी कर देशी कट्टा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार खिरिमोड थाने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के अचल टोला गांव में एक युवक देशी कट्टा छिपाकर रखे हुए है जो कभी भी किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। इसके बाद पुलिस ने मामले की सत्यता की जांच में जुट गई। जिसके बाद पुलिस ने शनिवार को अचल टोला गांव में छापेमारी की। जिसके दौरान पुलिस ने अचल टोला गांव निवासी अर्जुन यादव के पुत्र लवकुश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लवकुश कुमार के पास से एक अवैध एक देशी कट्टा बरामद हुई है। वही मामले कि पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि गिरफ्तार ब्यक्ति को जेल भेज दी गयी है। आगे की कार्यवाई की जा रही है।



# जनगणना 2027 का प्रशिक्षण चार चरणों मे

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) भारत जनगणना 2027 को लेकर प्रशिक्षण 13.4.26 से 24.4.26 तक दिया जाएगा मकान सूचीकरण एवम मकानों की गणना प्रथम चरण में किया जाएगा। चार्ज अधिकारी जनगणना सह प्रखंड विकास पदाधिकारी नबीनगर अरुण सिंह ने बताया कि चार चरण में प्रशिक्षण उच्य माध्यमिक विद्यालय जनकपुर पोखरा नबीनगर में दिया जाएगा।
पहला चरण 13.4.26 से 15.4.26
दूसरा चरण 16.4.26 से 18.4.26
तीसरा चरण 19.4.26 से 21.4.26
चतुर्थ चरण 22.4.26 से 24.4.26
तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। बीडीओ ने बताया कि प्रखंड में कुल 556 प्रगणक और 56 रिजर्व प्रगणक और 93 प्रवेक्षक और10 रिजर्व प्रवेक्क का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फील्ड ट्रेनर धीरेंद्र कुमार सिंह,रमेश कुमार,उपेंद्र कुमार,पिंटू साव, अमरजीत प्रसाद,जयराम पाल,सुशील कुमार, परवेज आलम, मो वशिम, रंजित कुमार सिंह को बनाया गया है। जनगणना कोषांग के प्रभारी उप चार्ज अधिकारी जनगणना राकेश कुमार सहयोगी शिक्षक धनंजय कुमार सिंह,मनीष कुमार सिंह,संजीव कुमार और आनंद कुमार , वैंकट रमण, भारत भूषण,अमरजीत प्रसाद, सुशील कुमार,शैलेंद्र कुमार,को बनाया गया है




# बोलेरो गाड़ी से 199.5 लीटर देशी शराब जब्त तस्कर फरार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

कुटुंबा (बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र के के तुरता मोड़ के समीप पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक बड़ी कार्रवाई की है। सुबह करीब 3 बजे पुलिस ने एक बोलेरो गाड़ी से 26 कार्टन देशी टनाका शराब बरामद की है, जिसकी कुल मात्रा 199.5 लीटर है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि पुलिस को आने की भनक लगते ही शराब तस्कर गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहा । उन्होंने बताया कि शराब और गाड़ी को जप्त कर थाना लाया गया।मामले में पुलिस द्वारा अग्रतर कारवाई की जा रही है।।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब की तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।




# सड़कों पर उतरे लोग, दोषियों को फांसी देने की मांग

## मासूम बच्ची से दुष्कर्म के खिलाफ पटना के फुलवारी शरीफ में उबाल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के परसा बाजार थाना क्षेत्र में तीन वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म की घटना के विरोध में रविवार को फुलवारी शरीफ में जनआक्रोश फूट पड़ा। सैकड़ों महिलाओं और समाजसेवियों ने सड़क पर उतरकर विरोध मार्च निकाला और दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की।



सामाजिक कार्यकर्ता पद्मश्री सुधा वर्गीज के नेतृत्व में निकला यह मार्च नया टोला से शुरू होकर शहीद भगत सिंह चौक, थाना मोड़ और पेठिया बाजार होते हुए प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर मासूम को न्याय दो और अपराधियों को फांसी दो जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि तीन अप्रैल की रात हुई इस घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। आरोप है कि मासूम बच्ची के साथ उसके सगे चाचा और उसके साथी ने दुष्कर्म किया, जिससे लोगों में भारी आक्रोश है। पद्मश्री सुधा वर्गीज ने कहा कि जब घर के भीतर ही इस तरह की घटनाएं होंगी, तो बेटियां कैसे सुरक्षित रहेंगी। उन्होंने सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि केवल नारे देने से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी स्तर पर सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी।

प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि इस मामले में त्वरित सुनवाई कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। साथ ही सरकार ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करे, जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। सामाजिक कार्यकर्ता तबस्सुम अली ने कहा कि लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पीड़िता को जल्द न्याय नहीं मिला, तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं। पूरे मार्च के दौरान माहौल आक्रोशपूर्ण लेकिन शांतिपूर्ण बना रहा।

# नबीनगर में अंतर्राष्ट्रीय विराट शिव गुरु महोत्सव का भव्य आयोजन

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के सतर धनाव गांव में अंतर्राष्ट्रीय विराट शिव गुरु महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें देश-विदेश से आए शिव शिष्यों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। महोत्सव में नेपाल, छत्तीसगढ़ (रायपुर), दिल्ली, कोलकाता, झारखंड, गया, जहानाबाद, अरवल सहित बिहार के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीदी नीलम आनंद द्वारा प्रस्तुत स्वरचित संकीर्तन भजन हर भोला, हर भोला, भोला भोला हर-हर से हुई, जिसने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। भजन के साथ ही श्रद्धालु झूम उठे और पूरा परिसर नमः शिवाय के जयघोष से गूंज उठा। इसके उपरांत रायगढ़ से आए गुरु भाई वीरेंद्र सिंह ने शिव शिष्यों को संबोधित करते हुए कहा कि शिव शिष्यता के जनक इस कालखंड के प्रथम शिव शिष्य साहब श्री हरिंद्रानंद जी द्वारा दिए गए तीन सूत्र– दया, चर्चा और नमः शिवाय–का पालन करने मात्र से ही समस्त जगत का कल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि इन सिद्धांतों को अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन को सरल, शांत और सुखमय बना सकता है। वहीं मुख्य आयोजक शिवपूजन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज के आधुनिक युग में हम किसी भी वस्तु को खरीदने से पहले उसकी जांच-परख करते हैं, उसी प्रकार शिव को गुरु बनाने की भी एक प्रक्रिया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जो अब तक शिव को अपना गुरु नहीं मान पाए हैं, वे शिव गुरु से जुड़कर अपने जीवन को सुखमय बनाएं। महोत्सव में सामाजिक एवं क्षेत्रीय स्तर के कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से अखिलेश प्रसाद सिंह, कैलाश गुप्ता, संजय सिंह, शारदा सिंह, अरविंद सिंह, मुन्ना यादव, संतोष सिंह, पिंटू कांस्यकर उर्फ डोड़वा विधायक, जनेश्वर चौधरी, कामता प्रसाद, अनीता देवी, चंद्रकांता कुमारी, प्रमिला देवी, पुष्पा देवी, धनेश्वरी देवी, साधना देवी, उषा देवी, रुक्मणी देवी, रेणु देवी, आशा प्रसाद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन देव क्षेत्र के गुरु भाई अर्जुन सिंह द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे आयोजन को व्यवस्थित रूप से संचालित किया। अंत में साहब श्री शिवानी के वीडियो क्लिप के माध्यम से कार्यक्रम का समापन किया गया। पूरे महोत्सव के दौरान श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।



# पटना में गैस किल्लत से भड़का जनआक्रोश

## फुलवारीशरीफ में एम्स मार्ग जाम

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारीशरीफ में रसोई गैस की किल्लत से नाराज लोगों का गुस्सा रविवार को सड़क पर फूट पड़ा। बोचाचक के समीप फुलवारीशरीफ-एम्स मुख्य मार्ग पर सैकड़ों उपभोक्ताओं ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया, जिससे कई घंटों तक यातायात बाधित रहा।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पिछले चार दिनों से एचपी गैस एजेंसी द्वारा सिलेंडर का वितरण नहीं किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि एजेंसी की ओर से बार-बार गैस लेने के लिए बुलाया जाता है, लेकिन पहुंचने पर उन्हें खाली हाथ लौटा दिया जाता है। इसी से नाराज होकर लोगों ने सड़क पर उतरकर नारेबाजी की और जाम लगा दिया। गैस नहीं मिलने से लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि घरों में खाना बनाना मुश्किल हो गया है और कई परिवार लकड़ी या अन्य वैकल्पिक साधनों का सहारा लेने को मजबूर हैं। लोगों का आरोप है कि एजेंसी की मनमानी लंबे समय से जारी है। सड़क जाम की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया और गैस आपूर्ति जल्द बहाल कराने का आश्वासन दिया।



फुलवारीशरीफ थाना प्रभारी गुलाम शाहबाज आलम ने बताया कि गैस एजेंसी के मालिक से बातचीत हुई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही गैस सिलेंडर का ट्रक पहुंचने वाला है और पुलिस की निगरानी में वितरण कराया जाएगा। प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद जाम हटाया गया और यातायात सामान्य हो सका।

# बाइक पलटने से महिला की मौत, परिजनों में मातम

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा में एक बाइक सवार महिला की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार टंडवा पेट्रोल पंप के पास बाइक पलटने से एक महिला की मौत हो गई। मृत महिला की पहचान एकडारा गांव निवासी शकिना खातून (30 वर्ष), पति मोहम्मद साकीम के रूप में की गई है।शकिना खातून अपने भतीजे के साथ बाइक से जा रही थीं, तभी अचानक बाइक पलट गई जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई । गंभीर रूप से घायल महिला को रेफरल अस्पताल नवीनगर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक प्रक्रिया के बाद पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।घटना के बाद परिजनों में मातम का माहौल है।



# भाजपा सरायकेला-खरसावां की नई टीम घोषित, ललन शुक्ला बने जिला मंत्री

## संगठन में मेहनत का मिला फल, सोशल मीडिया प्रभारी से महामंत्री तक पहुंचे राकेश मिश्रा

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ,कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 12 अप्रैल 2026: सरायकेला-खरसावां में भारतीय जनता पार्टी ने जिला संगठन को मजबूत करने की दिशा में नई टीम की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू की सहमति से जिला अध्यक्ष हरेकृष्ण प्रधान ने रविवार को जिला पदाधिकारियों की सूची जारी की। घोषित सूची के अनुसार हरेकृष्ण प्रधान को जिला अध्यक्ष बनाया गया है जबकि उपाध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष एवं अन्य पदों पर कई नए और पुराने चेहरों को जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी नेतृत्व के निदेर्शानुसार इस बार महिलाओं को भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया गया है जिससे संगठन में संतुलन और समावेशिता का संदेश गया है। इस नई टीम में सबसे अधिक चर्चा जिला महामंत्री बनाए गए राकेश मिश्रा को लेकर हो रही है। वही मंत्री पद के लिए लालन शुक्ला को प्रभार दिया गया।ललन शुक्ला ने अपने संगठनात्मक सफर में लगातार प्रगति करते हुए पहले सोशल मीडिया प्रभारी, फिर जिला मीडिया प्रभारी, उसके बाद जिला उपाध्यक्ष और अब जिला मंत्री का महत्वपूर्ण पद हासिल किया है। जिला अध्यक्ष हरेकृष्ण प्रधान ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के दिशा-निर्देशों के अनुरूप टीम का गठन किया गया है। एक उपाध्यक्ष और एक मंत्री का पद फिलहाल रिक्त रखा गया है जिसे जल्द भरा जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि नई टीम के सहयोग से जिले में संगठन का विस्तार और मजबूती दोनों सुनिश्चित होंगे।



# जमीन भुगतान विवाद में बवाल: रैयतदारों ने जेसीबी से तोड़ी बाउंड्री, प्लॉटिंग पर किया कब्जा

**समाज जागरण 12.04.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर के नुआग्राम स्थित साईं नगर फेज-3 में जमीन भुगतान को लेकर एक बड़ा विवाद सामने आया है, जिसने इलाके में तनाव का माहौल पैदा कर दिया है। भुगतान नहीं मिलने से नाराज रैयतदारों ने आक्रोशित होकर जेसीबी मशीन के साथ प्लॉटिंग क्षेत्र में पहुंचकर वहां बनी बाउंड्री को ध्वस्त कर दिया और जमीन पर दोबारा कब्जा जमा लिया। इतना ही नहीं, उन्होंने पूरे क्षेत्र में खेत की मेड बनाकर अपने स्वामित्व का दावा भी प्रस्तुत किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह मामला नुआग्राम मौजा की करीब 7 बीघा जमीन से जुड़ा है, जिसका बंटवारा सुधीर चंद्र मोड़ल एवं दुर्योधन मोड़ल के परिवार के बीच होना था। बताया जा रहा है कि खाता संख्या 145 और 146 की इस जमीन में कुल चार हिस्सेदारों के बीच बराबर बंटवारा तय किया गया था। हालांकि, आरोप है कि करीब आठ वर्ष पूर्व कोरोना काल के दौरान अकीन चंद्र मोड़ल ने इस पूरी जमीन को 62 लोगों के नाम रजिस्ट्री कर दी, जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई।

इस संबंध में विश्वजीत मोड़ल और दिलीप मोड़ल ने बताया कि उनकी सहमति के बिना ही जमीन की रजिस्ट्री कर दी गई और उन्हें उनके हिस्से का उचित भुगतान भी नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी रेयती जमीन पर अवैध रूप से प्लॉटिंग कर दी गई है। इसी के विरोध में वे जेसीबी मशीन लेकर मौके पर पहुंचे और रडार इंफ्रास्ट्रक्चर एंड कंस्ट्रक्शन द्वारा विकसित प्लॉटिंग को तोड़ दिया।

रैयतदारों का कहना है कि जब तक उन्हें उनकी जमीन का पूरा भुगतान नहीं किया जाएगा, वे किसी भी स्थिति में जमीन पर अपना कब्जा नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यह उनकी पुश्तैनी जमीन है और इसके अधिकार से उन्हें वंचित नहीं किया जा सकता।

रैयतदारों ने यह भी आरोप लगाया कि रडार इंफ्रास्ट्रक्चर एंड कंस्ट्रक्शन के मालिक रणवीर सिंह के साथ पहले यह सहमति बनी थी कि जमीन का बंटवारा सभी भाइयों के बीच बराबर किया जाएगा और उसी के अनुरूप भुगतान किया जाएगा। लेकिन वास्तविकता में उन्हें मात्र 40 लाख रुपये ही दिए गए, जो उनके हिस्से के अनुसार काफी कम है। इसी असंतोष के कारण उन्होंने यह कठोर कदम उठाया।





दूसरी ओर, इस पूरे मामले में रडार इंफ्रास्ट्रक्चर एंड कंस्ट्रक्शन के मालिक रणवीर सिंह ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि जमीन मालिक अकीन चंद्र मोड़ल को 75 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है, जबकि अन्य हिस्सेदारों को भी 40 लाख रुपये दिए गए हैं। उनका दावा है कि पूरी प्रक्रिया कानूनी रूप से पूरी की गई है और भुगतान के बाद ही जमीन की बिक्री की गई है।

रणवीर सिंह ने यह भी कहा कि बिना किसी पूर्व सूचना या कानूनी नोटिस के इस प्रकार निर्माण कार्य को तोड़ा जाना पूरी तरह गलत और गैरकानूनी है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

फिलहाल, इस विवाद के कारण इलाके में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। स्थानीय प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन स्थिति को देखते हुए हस्तक्षेप की संभावना जताई जा रही है। यह मामला जमीन लेन-देन में पारदर्शिता और आपसी सहमति की कमी को उजागर करता है, जिससे भविष्य में ऐसे विवादों से बचने के लिए सख्त निगरानी और स्पष्ट प्रक्रियाओं की आवश्यकता महसूस की जा रही है।